# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : सोमवार, 6 जुलाई, 2026 | वर्ष -01 | अंक-140 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### 20 जिलों में आज बारिश का अलर्ट

**पटना।** मौसम विज्ञान केंद्र ने आज यानी रविवार को प्रदेश के 20 जिलों में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग के अनुसार, इन प्रभावित जिलों में गरज-चमक के साथ मध्यम से तेज बारिश हो सकती है. साथ ही करीब 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी संभावना जताई गई है. इसके अलावा मौसम वैज्ञानिकों ने कई इलाकों में आकाशीय बिजली (वज्रपात) गिरने की भी गंभीर आशंका जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, आज राज्य के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रहेंगे. जिन 20 जिलों के लिए विशेष चेतावनी (येलो अलर्ट) जारी की गई है, उनमें पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, सीतामढ़ी, बक्सर, भोजपुर, कैमूर, रोहतास, पटना, अरवल, जहानाबाद, औरंगाबाद, नवादा, गया, नालंदा, बेगूसराय, शेखपुरा और लखीसराय शामिल है।

### पीएम मोदी आज से तीन दिवसीय इंडोनेशिया दौरे पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय इंडोनेशिया यात्रा पर सोमवार (6 जुलाई) को रवाना होंगे। यह प्रधानमंत्री की चौथी और मई 2018 में भारत-इंडोनेशिया संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी का दर्जा मिलने के बाद पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी आधिकारिक यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक जकार्ता में प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति प्रबोवो के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और दोनों देशों के बीच साझेदारी की प्रगति की समीक्षा करेंगे। वह भारतीय समुदाय को भी संबोधित करेंगे।यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री योग्याकार्ता स्थित यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल प्रांबानन मंदिर परिसर का भी दौरा करेंगे, जो भारत और इंडोनेशिया के साझा सांस्कृतिक संबंधों का प्रमुख प्रतीक माना जाता है।

### बस से पटना ले जाई जा रही 47 लाख की हेरोइन जब्त

**किशनगंज ।** किशनगंज में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 232.72 ग्राम हेरोइन के साथ एक महिला समेत तीन अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 47 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चार मोबाइल फोन और 6,890 रुपये नकद भी बरामद किए हैं। रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता में एसडीपीओ-1 खुसरू सिराज ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हेरोइन की एक बड़ी खेप पश्चिम बंगाल के सिलिगुड़ी होते हुए किशनगंज के रास्ते बस से पटना ले जाई जा रही है।

### नालंदा में चाकू गोदकर युवक की हत्या

**नालंदा।** नालंदा जिले के हरनौत थाना क्षेत्र में आज रविवार को अज्ञात बदमाशों ने चाकू गोदकर युवक की हत्या कर दी । हत्या से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव को बिहारशरीफझ्रबख्तियारपुर एनएच-20 पर मुढ़ाड़ी गांव के समीप रखकर सड़क जाम कर दिया। करीब दो घंटे तक यातायात बाधित रहा। जाम के कारण दोनों तरफ गाड़ियों की 1 किलोमीटर तक लंबी कतारें लग गई। पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद जाम हटाया गया। मृतक की पहचान हरनौत थाना क्षेत्र के चेरन गांव निवासी 37 वर्षीय सोनू कुमार के रूप में की गई है। निजी पैथोलॉजी में काम करते थे। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि रविवार करीब 10:15 बजे सोनू के मोबाइल पर कॉल आई।

# पटना एम्स को जल्द मिलेगी 24 एकड़ भूमि : सम्राट चौधरी

## मुख्यमंत्री ने एम्स पटना का किया निरीक्षण, हरसंभव सहयोग का दिया भरोसा

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को एम्स पटना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्थान में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, अधोसंरचना तथा भविष्य की विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सीएम ने कहा कि राज्य सरकार एम्स पटना के विस्तार एवं विकास के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी।

उन्होंने एम्स के विस्तार हेतु 24 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने में राज्य सरकार की ओर से आवश्यक सहयोग देने का आश्वासन दिया। अतिरिक्त भूमि मिलने के बाद पटना एम्स में लगभग 200 नये बेड उपलब्ध होंगे, जिससे संस्थान की रोगी सेवा क्षमता में वृद्धि होगी। सीएम ने कहा कि एम्स पटना से नाथूपुर तक 4 लेन सड़क के निर्माण के लिए राज्य सरकार आवश्यक सहयोग एवं समन्वय सुनिश्चित करेगी, ताकि



मरीजों, उनके परिजनों तथा आम नागरिकों को बेहतर और सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि बर्न मरीजों के उपचार के लिए स्किन स्टोरेज (त्वचा भंडारण) की व्यवस्था विकसित करने में भी राज्य सरकार पूर्ण सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि इससे गंभीर रूप से झुलसे मरीजों को बेहतर एवं समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बर्न वार्ड जाकर वहां इलाज करा रहे मरीजों से मुलाकात की और उनसे उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने डिपार्टमेंट ऑफ न्यूक्लियर मेडिसिन में पेट-सिटी रूम, स्पेक्ट सिटी रूम, रेडियो फामेर्सी लैब का निरीक्षण किया। साथ ही डिविजन ऑफ ऑन्कोलॉजी, डिपार्टमेंट ऑफ एनॉटोमी सहित ओपीडी का भी निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने एम्स परिसर स्थित तालाब का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिया कि तालाब का जीर्णोद्धार कर उसे पर्यटन एवं आकर्षण का केंद्र बनाने की दिशा में कार्य किया जाए।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि, स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव अरविंद कुमार चौधरी, बीएमएसआईसीएल के प्रबंधक निदेशक सुब्रत कुमार सेन, एम्स के निदेशक प्रो. (ब्रिग.) डॉ. राजू अग्रवाल सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित थे।

# बांकीपुर विस उपचुनाव : जनसुराज से प्रशांत किशोर होंगे उम्मीदवार



**पटना (एनएसबी)।** बांकीपुर विधानसभा सीट पर जनसुराज पार्टी की ओर से प्रशांत किशोर उम्मीदवार होंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने इसकी घोषणा की है। प्रशांत किशोर ने कहा कि चार सालों से जन सुराज ही मेरी जिंदगी है। पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, उसे पूरा करने का प्रयास करूंगा। बांकीपुर से अगर जीत मिलती है तो उससे पार्टी का मनोबल काफी बढ़ेगा और पार्टी आगे बढ़ेगी। बता दें नितिन नवीन के राज्यसभा सांसद बनने के बाद से ही पीके के बांकीपुर से चुनाव लड़ने की चर्चा थी। पिछले दिनों खुद पीके ने कहा था- अगर मेरे चुनाव लड़ने से भाजपा बांकीपुर जैसी मजबूत सीट हारती है, तो मैं चुनाव लड़ने के लिए तैयार हूं।

प्रशांत किशोर ने कहा कि मैं पार्टी कार्यकर्ता वरिष्ठ नेता और बिहार की जनता को आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने इतनी बड़ी जिम्मेदारी मेरे कंधे पर रखी है। बांकीपुर में चुनाव लड़ने की जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है, उसे मैं पूरी तरह से निभाऊंगा। अगले 5 वर्षों में बिहार में जब

**नितिन नवीन के गढ़ में भाजपा को देंगे टक्कर**

तक परिवर्तन नहीं आता, तब तक मैं संघर्ष करता रहूंगा। पीके ने कहा कि नवंबर 2025 में जिन मतदाताओं ने जनसुराज की वोट दिया, उन सबको मैं धन्यवाद देता हूं। बांकीपुर की जनता से मैं वादा करता हूं कि मैं पूरी ईमानदारी के साथ काम करूंगा। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि अगर आप अपना जनप्रतिनिधि बनाकर जनसुराज के प्रतिनिधि को भेजते हैं तो वह 242 विधायकों पर भारी पड़ेगा। वहीं पीके ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि वह पिछले दरवाजे से मुख्यमंत्री बने हैं। वह एक सिलेक्टेड मुख्यमंत्री है। उनका भी चाल चरित्र और चेहरा जल्द ही सामने आ जाएगा। मैं बेहतर हूं या खराब हूं, यह तय जनता को करना है। बांकीपुर की जनता से मैं अपील करता हूं कि आप केवल एक ईमानदार और अच्छे प्रत्याशी को अपना नेता चुनें।

# देश को पीछे धकेलने का प्रयास कर रही भाजपा : लालू यादव

## राजद ने मनाया 30वां स्थापना दिवस, तेजस्वी गए

**पटना (एनएसबी)।** राजद ने रविवार को पूरे बिहार में अपना 30वां स्थापना दिवस मनाया। प्रदेश कार्यालय स्थित कपूर्री सभागार में स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन पार्टी के प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दीकी, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, पूर्व मंत्री रामचंद्र पूर्वे, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान एवं पूर्व मंत्री व विधायक रामानंद यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दीनानाथ सिंह यादव एवं संचालन महानगर अध्यक्ष महताब आलम और अफरोज आलम ने किया। इधर




राजद के स्थापना दिवस के बीच तेजस्वी यादव परिवार संग यूरोप दौरे पर निकल गए हैं। वे 10 दिन तक यूरोप की यात्रा पर रहेंगे। तेजस्वी ने वर्चुअल माध्यम से स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। वहीं इस अवसर पर राजद सुप्रीमो लालू यादव ने पार्टी कार्यकताओं और बिहारवासियों के नाम एक संदेश जारी किया। अपने संदेश में लालू यादव ने न सिर्फ पार्टी के गौरवशाली इतिहास और संघर्षों को याद किया, बल्कि भाजपा पर देश को पीछे धकेलने और तानाशाही की राजनीति करने का आरोप भी लगाया।

# फुलवारी में चाय दुकान में घुसी तेज रफ्तार कार, महिला की मौत

**फुलवारी शरीफ (एनएसबी)।** फुलवारी शरीफ के खोजा इमली के सामने पटना-फुलवारी मुख्य सड़क किनारे रविवार तड़के करीब 4.00 बजे हुए दर्दनाक सड़क हादसे में चाय दुकानदार सुनीता देवी की मौत हो गई। वह अपनी झोपड़ीनुमा दुकान में चाय बना रही थीं और उस समय एक-दो ग्राहक भी मौजूद थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सीधे झोपड़ी में घुस गई और सुनीता देवी को गंभीर रूप से कुचल दिया। वहीं ग्राहकों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। घटनास्थल पर चीख पुकार अफरा तफरी मच गई.हादसे के बाद चालक कार छोड़कर भागने लगा, लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया।

# मुंबई : मानखुर्द इलाके में तीन मंजिला चॉल का हिस्सा गिरने से 6 की मौत, कई घायल

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई में जारी भीषण बारिश के बीच मानखुर्द इलाके में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां जनता नगर स्थित हनुमान मंदिर के पीछे चॉल संख्या पांच में ग्राउंड प्लस तीन मंजिला संरचना की तीन झोपड़ीनुमा यूनिट्स अचानक भरभरा कर गिर गई। इस हादसे में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। बीएमसी ने इस हादसे की पुष्टी की है। घटना की सूचना मिलते ही मुंबई पुलिस, फायर ब्रिगेड, बीएमसी वार्ड स्टाफ और एंबुलेस मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। मलबे में और भी लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार इमारत का एक हिस्सा तेज आवाज के साथ नीचे गिर गया,



जिससे आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटनास्थल पर फिलहाल राहत व बचाव कार्य जारी है। हालांकि फिलहाल हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार मुंबई समेत महाराष्ट्र के अलग-अगल इलाकों में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश का दौर जारी है। बारिश के वजह से पेड़ गिरने या दूसरे कारणों से लोगों की मौत की खबर सामने आ रही हैं। इस क्रम में रविवार शाम को भारी बारिश के चलते एक बिल्डिंग का स्लैब गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा मुंबई के मानखुर्द इलाके में हुआ। यहां तेज बारिश के बीच इमारत गिर गई और कई लोग मलबे की चपेट में आ गए। शताब्दी हॉस्पिटल के डॉक्टर पटेल के अनुसार, लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था। इन सभी को मृत घोषित कर दिया गया है। इनमें चार महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं।

# नये वक्फ बोर्ड का पुनर्गठन करने वाला देश का पहला राज्य बना मध्य प्रदेश

**भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा लिये गए महत्वपूर्ण निर्णय के तहत मध्य प्रदेश में नये वक्फ बोर्ड का पुनर्गठन किया गया है। इस संबंध में मध्य प्रदेश राजपत्र में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इसके साथ ही मध्य प्रदेश नए अधिनियम के तहत वक्फ बोर्ड का पुनर्गठन करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। जनसम्पर्क अधिकारी पंकज मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि नवगठित मप्र वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सनवर पटेल होंगे। वक्फ बोर्ड




**मुख्यमंत्री डॉ यादव ने किया वक्फ बोर्ड का पुनर्गठन**

में कुल 10 सदस्य बनाये गए है, जिनमें दो हिन्दू सदस्य मनोज मालपानी और अनिमेश भार्गव को भी शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य शासन ने वक्फ अधिनियम-1995 (संशोधित-2025) की धारा-13 (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिनियम की धारा-14 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वक्फ बोर्ड का गठन किया है। नये वक्फ बोर्ड में नजमा हेपतुल्ला नई दिल्ली, भोपाल उत्तर के विधाक आतिफ अकील, फैजान खान उज्जैन, फातेमा चौधरी इंदौर, भोपाल वैरसिया से पार्षद शाइस्ता सुल्तान, रतलाम से पार्षद शबाना खान, मनोज मालपानी इंदौर, अनिमेश भार्गव राघौगढ़ गुना और पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण आयुक्त को सदस्य बनाया गया है।

# लोक कलाकार डॉ. तीजन बाई पंचतत्व में विलीन

**रायपुर/दुर्ग (एजेंसी)।** पद्म विभूषण और पद्मश्री से सम्मानित प्रख्यात लोक कलाकार और पंडवानी गायिका डॉ. तीजन बाई रविवार दोपहर को पंचतत्व में विलीन हो गई। डॉ. तीजन बाई का उनके पैतृक गृह दुर्ग जिले



के ग्राम गनियारी स्थित मुक्तिधाम में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। अंतिम संस्कार के दौरान लोक कलाकारों, शिष्यों और उपस्थित जनसमूह ने चोला माटी के हे राम, एकर का भरोसाङ्घ गीत गाकर अपनी प्रिय लोकगायिका को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# गौरी स्प्रैट के साथ शादी के बंधन में बंधे आमिर

**मुंबई (एजेंसी)।** एक्टर आमिर खान और उनकी पार्टनर गौरी स्प्रैट ने आज कानूनी तौर पर शादी कर ली। दोनों ने रविवार दोपहर करीब 12:45 बजे मुंबई के पाली हिल (बांद्रा) स्थित आमिर के घर पर शादी के कागजात पर साइन किए। यह एक प्राइवेट मैरिज सेरेमनी थी, जिसमें दोनों परिवारों के लोग और कुछ बेहद करीबी दोस्त ही शामिल हुए।शादी स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत कोर्ट मैरिज के रूप में रजिस्टर की गई। इसके बाद सभी मेहमानों के लिए लंच का आयोजन रखा गया। आमिर की शादी में शामिल होने के लिए उद्योगपति मुकेश



अंबानी, डायरेक्टर आशुतोष गोवारिकर समेत करीबी लोग और परिवार के सदस्य ही पहुंचे।जब आमिर और गौरी शादी के पेपर पर साइन कर रहे थे, उस समय गौरी की पहली शादी से बेटा और आमिर की दूसरी शादी से बेटे आजाद भी मौजूद थे।

# जम्मू-कश्मीर में 2 लश्कर आतंकी ढेर

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां के सैदपोरा इलाके में शनिवार शाम से चल रही मुठभेड़ में भारतीय सेना के जवानों ने लश्कर के 2 आतंकी मार गिराए। मारे गए दोनों आतंकी लश्कर-ए-तैयबा के टॉप ऑपरेटिव थे।एक आतंकी जाकिर अहमद गनी उन 14 आतंकियों की लिस्ट में शामिल था, जिसे पहलगाम हमले के बाद खुफिया एजेंसियों ने जारी किया था। दूसरा आतंकी जाकिर का साथी लतीफ भट है। सुरक्षाबलों को शोपियां के सैदपोरा पायीन के पास छानपोरा इलाके में आतंकियों के छिपे होने की खबर मिली थी। घेराबंदी के दौरान जब जवान आतंकियों के ठिकाने के करीब पहुंचे तो उन्होंने फायरिंग कर दी।मुठभेड़ 4 जुलाई की शाम 7:45 बजे शुरू हुई थी। अंधेरे के कारण एनकाउंटर और सर्च ऑपरेशन रात में रोक दिया गया था।

**विक्टर फोर्स ने संभाला मोर्चा, आतंकी दिखे तो 4 गांव खाली कराए :** यह ऑपरेशन शुक्रवार दोपहर को शुरू किया गया था, जब सात गांव वाले मीमंदर इलाके के एक बाग में लगे सेना के



**सुरक्षाबलों ने लगाया CASO**

कैमरे में ये दो आतंकी दिखाई दिए। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की कई टुकड़ियों की टीम ने इलाके की घेराबंदी की और शाम तक 4 गांव खाली करा लिए।सेना की खास एंटी टेरेरिज्म यूनिट, 'विक्टर फोर्स' ने बाग के घने पेड़ों के बीच से भागने के सभी संभावित रास्तों को बंद करने के लिए अतिरिक्त जवान तैनात किए और इलाके में रोशनी का इंतजाम भी किया।जब सेना के जवान उनकी ओर बढ़े तो उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके जवाब में सेना ने भी प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ शुरू हो गई।

# प्रभावी संवाद से मरीजों का विश्वास होता है मजबूत : विजय चौधरी

## उपमुख्यमंत्री ने एम्स पटना में राष्ट्रीय शैक्षणिक कार्यक्रम का किया उद्घाटन

**फुलवारी शरीफ (एनएसबी)।** उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने रविवार को एम्स पटना पहुंचकर राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालयद्वारा आयोजित राष्ट्रीय शैक्षणिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सहानुभूति से मरीजों की सुरक्षा तक: नैदानिक अभ्यास में प्रभावी पेशेवर संवाद विषय पर आयोजित कार्यक्रम में देशभर के एनबीईएमएस से मान्यता प्राप्त संस्थानों के 700 से अधिक चिकित्सा शिक्षक, विशेषज्ञ चिकित्सक, स्नातकोत्तर प्रशिक्षु एवं स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा केवल इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि मरीज और चिकित्सक के बीच प्रभावी संवाद विश्वास का सबसे मजबूत आधार होता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सक का व्यवहार, संवेदनशीलता और संवाद कौशल मरीज



**देशभर के 700 से अधिक चिकित्सक व विशेषज्ञ हुए शामिल**

के मन में भरोसा पैदा करता है और उपचार को अधिक प्रभावी बनाता है। उन्होंने चिकित्सा शिक्षा में संवाद कौशल को बढ़ावा देने की दिशा में एनबीईएमएस की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम चिकित्सा व्यवस्था को अधिक मानवीय और मरीज-केंद्रित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वहीं राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के अध्यक्ष डॉ. अभिजात शेठ ने कहा कि एक उत्कृष्ट चिकित्सक की पहचान केवल उसके ज्ञान और तकनीकी दक्षता से नहीं, बल्कि उसकी संवेदनशीलता, मानवीय दृष्टिकोण और प्रभावी संवाद क्षमता से भी होती है। एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मरीज केवल उपचार ही नहीं, बल्कि चिकित्सक का व्यवहार और संवाद भी जीवनभर याद रखते हैं। उन्होंने कहा कि एम्स पटना ऐसे चिकित्सकों को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में चिकित्सकों और विशेषज्ञों ने एक स्वर में कहा कि चिकित्सा शिक्षा में संवाद कौशल को शामिल करना समय की आवश्यकता है, ताकि भविष्य के चिकित्सक ज्ञान और तकनीकी दक्षता के साथ-साथ संवेदनशीलता एवं मानवीय मूल्यों से भी परिपूर्ण बन सकें।

## खबरें : एक नजर में

### पत्रकार ज्ञानवर्धन मिश्र की पत्नी का निधन, शोक

**पटना सिटी (दैनिक नवसंदेश)।** वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानवर्धन मिश्र की पत्नी दुर्गावती मिश्र का श्री साईं हास्पिटल में निधन हो गया। 63 वर्षीय श्रीमती मिश्र कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहीं थीं। इनका अंतिम संस्कार 7 जुलाई को खांजेकला घट पर होगा। वे अपने पीछे पुत्र गौरव मिश्र सहित भरापुरा परिवार छोड़ गईं है।



दुर्गावती मिश्र (फाइल फोटो)

### पीपीयू कुलपति प्रो उपेंद्र सिंह को डा. ध्रुव ने दी बधाई

**बिहारशरीफ / पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डा.) उपेंद्र प्रसाद सिंह के कार्यकाल का पहला वर्ष सफलता पूर्वक संपन्न होने पर नालंदा कॉलेज शिक्षा शास्त्र विभागाध्यक्ष-सह -सीनेट सदस्य डा. ध्रुव कुमार ने उनकी कर्मठता, कुशलता एवं उनके नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी है। डा. ध्रुव ने कहा कि एक वर्ष में ही कुलपति प्रो उपेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में पीपीयू राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों से आगे निकल गया है। यही कारण है कि लोकभवन ने भी उनके नेतृत्व और पीपीयू की कार्य-संसति की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय को पुरस्त किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी विश्वविद्यालय ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल करेगा।



कुलपति प्रोफेसर (डा.) उपेंद्र प्रसाद सिंह को बधाई देते डा. ध्रुव कुमार।

### अंकेक्षक के 102 पदों के लिए परीक्षा सम्पन्न

**पटना / एनएसबी।** रविवार को बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या-09/2026 के अंतर्गत अंकेक्षक के कुल 102 पदों हेतु लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। आयोग के परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक उक्त परीक्षा का आयोजन पटना स्थित 39 परीक्षा केंद्रों पर एक पाली में संपन्न हुआ। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में आयोजित की गई। इस परीक्षा के लिए कुल 23,116 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 10,856 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा में कुल 47 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। आयोग द्वारा परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं, जिसके परिणामस्वरूप परीक्षा प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

# राजद का 30वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय स्थित कर्पूरी सभागार पटना में पार्टी का 30वाँ स्थापना दिवस उत्साह, जोश एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। समारोह का उद्घाटन पार्टी के प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दीकी, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, पूर्व मंत्री रामचंद्र पूर्वे, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान एवं पूर्व मंत्री व विधायक रामानंद यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दीनानाथ सिंह यादव एवं संचालन महानगर अध्यक्ष महताब आलम और अफरोज आलम ने किया।

इस अवसर पर पार्टी के नेताओं ने राष्ट्रीय जनता दल की 30 वर्षो की गौरवशाली यात्रा को याद करते हुए सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता, संविधान की रक्षा तथा गरीब, किसान, मजदूर, युवा, महिला एवं वंचित समाज के अधिकारों की लड़ाई को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जी के नेतृत्व में मजबूती से लड़ने का संकल्प लिया।

राजद के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा कि राज्य के 30 जिला में पार्टी द्वारा आयोजित स्थापना दिवस समारोह को राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने वर्चुअल माध्यम से स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनता दल केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और जन-जन के सम्मान का आंदोलन है। आज का दिन का मतलब सामाजिक न्याय का दिन आज का दिन का मतलब संविधान पर स्वाभिमान का दिन है आज का दिन यानी 5 जुलाई संकल्प का दिन है। बाबा साहब के संविधान की मूल भावना को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के लिए आदरणीय लालू प्रसाद यादव जी ने राष्ट्रीय जनता दल की स्थापना की है। कार्यकर्ता पार्टी की आत्मा है, ताकत है, जान है। पार्टी कार्यकर्ताओं को हमें गर्व है। राजद ने कुर्सी की खातिर कभी भी अपने सिद्धांत नीति और विचार से समझौता नहीं किया है। हम बिहार की सेवा के लिए कटिबंध हैं। अपने देश के संविधान के प्रति पूर्ण संकल्पित हैं। 5 जुलाई 1997 में से आज तक यानी 30 वर्षों में पार्टी ने उतार चढ़ाव और संघर्षो का एक लंबा दौर देखा है। आप सब के सहयोग से पार्टी ने आने वाली हर बाधाओं का सामना किया और उन पर विजयी पाई है। आज आप सब लोग जान रहे हैं देश की हालात क्या है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, गरीबी चरम पर है। किसान, मजदूर तबाह हैं। सिलेंडर, पेट्रोल, डीजल सब कुछ महंगा हो गया। एनडीए-भाजपा सरकार लगातार संविधान पर आक्रमण कर रहा है। लोकतंत्र को खत्म करने की प्रयास किया जा रहा है। पिछले चुनाव में हम लोगों को दो करोड़ के आसपास मत मिले थे जो कि आज तक इससे ज्यादा मत हम लोगों को पहले कभी नहीं मिला यानी लोगों का विश्वास हम लोगों के ऊपर है। सत्ता में जो लोग बैठे हैं उनसे जनता नाराज है। कोई काम नहीं हो रहा है पूरी तरीके से लोगों में निराशा छाई हुई है। इसलिए हम सब लोगों का कर्तव्य बनता है कि जनता के आवाज को और मजबूत करने का काम करें जनता के मुद्दों को हम लोग मजबूती के साथ उठाने का काम करें।



राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय स्थित कर्पूरी सभागार पटना में पार्टी का 30वाँ स्थापना दिवस उत्साह, जोश एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया।

मुझे पूरा यकीन है जिस दिन हम सभी राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता नेता एकजुट होकर के लड़ेंगे तो हमसब लोग जीतने का काम करेंगे। पार्टी ने हमेशा शोषित, वंचित और उपेक्षित वर्गो की आवाज बुलंद की है और आगे भी बिहार के विकास, युवाओं के रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सामाजिक न्याय के मुद्दों पर पूरी ताकत से संघर्ष जारी रहेगा। तेजस्वी यादव ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें, जनता के बीच लगातार संवाद बनाए रखें।

समारोह को संबोधित करने वालों में पार्टी प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दीकी, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, पूर्व मंत्री रामचंद्र पूर्वे, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान एवं पूर्व मंत्री व विधायक रामानंद यादव, विधान परिषद सदस्य मुन्नी रजक, पूर्व विधायक रेखा पासवान,राजद के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव, आभा लता, भाई अरुण कुमार, बल्ली यादव, अरुण सिंह,प्रेम गुप्ता, ई अशोक यादव, देवकिशन ठाकुर संजय यादव, विमल कुमार, रोहित यादव, गणेश यादव, रामदुलारी देवी, जेम्स यादव, मनोज यादव,अजय कुमार, दीपक मांझी, सहित पटना जिला के सभी प्रखंड अध्यक्ष, पार्टी के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी थे।

## युवक ने घर में घुसकर लड़की के भाई को मारी गोली, लड़की पर शादी का बना रहा था दबाव, संदिग्ध अवस्था में युवक की छत से गिरकर मौत

**पटना/ एनएसबी।** राजीव नगर थाना क्षेत्र के रोड नंबर 8 बी के एक घर में युवती से शादी का दबाव बनाने वाले युवक ने घर में घुसकर लड़की के भाई को गोली मारकर कर जख्मी कर दिया। गोली मारने वाले युवक की संदिग्धावस्था में छत से गिरने से मौत हो गई। घटना रविवार दोपहर की है। बताया गया है कि युवक घर में रहने वाली एक लड़की पर शादी का दबाव बना रहा था। लड़की उसे बार-बार मना कर रही थी, इसी से नाराज होकर वह घर में घुसा। घर में लड़की नहीं थी, लेकिन छत पर उसका भाई घूम रहा था। लड़की के भाई को देखते ही युवक ने फायरिंग शुरू कर दी, गोली भाई के बांह में लगी और आरोपी छत से नीचे गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान मोतिहारी के रहने वाले प्रियेश रंजन के तौर पर हुई है। घायल अखिलेख उर्फ राजू का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया गया है कि 3 बजे दिन के करीब प्रियेश रंजन पैदल आया। घर में चला गया। जिस समय घर में गया, उसमें के पहले और दूसरे फ्लोर पर भी रेंटर थे। गोली चलने के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

इसी बीच वहां के लोगों ने डायल 112 को खबर की। पुलिस मौके पर पहुंची तबतक प्रियेश की मौत हो चुकी थी। सिर से काफी खून बह रहा था। घर के गेट के पास उसकी बडी पड़ी थी। स्थानीय लोगों की माने तो प्रियेश पास में ही रेंट पर रहता है। ये परिवार मसौढ़ी का रहने वाला है। माता-पिता मसौढ़ी में रहते हैं और भाई-बहन राजीव नगर के इस मकान में रेंट पर रहते हैं। लड़की की मां सरोज देवी के मुताबिक, आज दोपहर प्रियेश अचानक घर में घुसा, छत की ओर तीसरी मंजिल पर गया, जहां उनका बेटा अखिलेश मौजूद था। जबकि बेटी छुट्टी में गांव गई है। वहां पहुंचते ही युवक गोली चलाने लगा। गोली उनके बेटे की बांह में लगी और आरोपी युवक छत से नीचे गिर गया, जिसमें उसकी मौत हो गई।

प्रिय रंजन बेटी को एक हफ्ते से शादी के लिए परेशान कर रहा था। हाल में उसकी सरकारी नौकरी लगी थी, तबसे शादी का दबाव ज्यादा बना रहा था। मौके पर राजीव नगर पुलिस पहुंचकर छानबीन में जुट गई है। राजू उर्फ अखिलेश का इलाज फिलहाल पटना के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। सीटी एसपी मध्य ममता कल्याणी के मुताबिक प्रेम प्रसंग की भी जांच की जा रही है। मौके से पिस्टल और एक खोखा मिला है। पता चला है कि राजू की 2 बहन है, जब लगी है उस बिंदू पर भी जांच हो रही है। ममता कल्यानी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। युवक की ऊपर से गिरने से मौत हो सकती है। फिलहाल जांच जारी है, उसके बाद ही कुछ बता सकते हैं। आपसी झगड़े की बात कही जा रही है। क्या मामला है जांच के बाद ही पता चलेगा।

# वेतन-पेंशन के लिए 14 जुलाई से आन्दोलन करेंगे शिक्षाकर्मी : फैक्टनेब

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना उच्च न्यायालय का न्यायादेश एवं बिहार विधान परिषद की शिक्षा समिति के अनुशंसा के आलोक में संबद्ध डिग्री महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को नियमित वेतन पेंशन भुगतान करने, शैक्षणिक सत्र 2015-18 से 2022-25 कुल आठ वर्षो का परीक्षा परिणाम आधारित अनुदान राशि बढ़े मंहगाई दर से कर्मियों के बैंक खाते में एकमुश्त भुगतान करने आदि 9 सूत्री मांगों को लेकर 222 संबद्ध डिग्री महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी 14 जुलाई से चरणबद्ध आन्दोलन प्रारम्भ करेंगे। उक्त निर्णय बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) के अध्यक्ष डा शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा की अध्यक्षता में हिन्दी साहित्य सम्मेलन भवन , कदमकुआं पटना में फैक्टनेब की राज्य समिति की विस्तारित बैठक में लिया गया।



अध्यक्ष डा शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा की अध्यक्षता में हिन्दी साहित्य सम्मेलन भवन, कदमकुआं पटना में फैक्टनेब की राज्य समिति की विस्तारित बैठक।

बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) महासचिव प्रो राजीव रंजन एवं मीडिया प्रभारी प्रो अरुण गौतम ने बैठक के निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि 14 जुलाई को राज्य के सभी विश्वविद्यालयों मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा तथा आगामी विधानमंडल सत्र के दौरान 20 जुलाई से 24 जुलाई तक शिक्षक एवं ातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षदों के सरकारी आवास के समक्ष धरना, प्रदर्शन एवं घेराव किया जायेगा। बैठक में आन्दोलनात्मक निर्णय के साथ ही संगठनात्मक निर्णय लिया गया।

आज की विस्तारित बैठक को डा अवधेश कुमार सिंह, डा शैलेंद्र कुमार सिंह, डा गोपाल कृष्ण यादव, डा शंभुनाथ सिंह, डा रविकांत सिंह , डा राजकिशोर प्रसाद, डा विजय कुमार मिठ्ठू, प्रो नसीम रेजा खान, प्रो श्रवण कुमार, प्रो अखिलेश मंडल, डा अशोक कुमार सिंह, ड सत्येन्द्र कुमार सिंह, डा सुमन्त कुमार सिन्हा, प्रो सुशील झा, शिव ईश्वर सिंह, डा प्रमोद कुमार, डा कौशलेंद्र कुमार, डा पितृ कुमार, प्रो सतेन्द्र कुमार, डा मणिन्द्र कुमार आदि ने संबोधित किया जबकि मंच संचालन फैक्टनेब के सचिव डा रविन्द्र कुमार ने किया।

आज की बैठक में फैक्टनेब के राज्य पदाधिकारी, विश्वविद्यालय, जिला एवं महाविद्यालय शाखा के पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में सक्रिय और मार्गदर्शन मंडल के सदस्य मौजूद रहे।

# साथिया फाउंडेशन : तीन माह का सिलाई प्रशिक्षण पूरा, 40 महिलाओं को मिला प्रमाणपत्र

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** साथिया फाउंडेशन की ओर से आयोजित महिला सशक्तिकरण समारोह-2026 के तहत तीन माह का सिलाई प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाली 40 महिलाओं को रविवार को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

समारोह में प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, स्वरोजगार अपनाने तथा अपने कौशल के माध्यम से परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं फुलवारीशरीफ के विधायक श्याम रजक, बिहार पुलिस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह, न्यूजीलैंड में आयोजित जूनियर कमनवेल्थ पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में छह स्वर्ण पदक जीतने वाली कीर्ति राज सिंह, दानापुर नगर परिषद के वार्ड संख्या-9 के वार्ड पार्षद प्रेम किशोर, प्रसिद्ध मनोचिकित्सक ड़ा बिंदा सिंह, डेंटल सर्जन ड़ा शबनम अखौरी, समाजसेवी आनंद त्रिवेदी तथा दंत चिकित्सक ड़ा स्मृति पांडेय, अंक ज्योतिष विशेषज्ञ एवं वास्तु विशारद रश्मि सिन्हा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद फाउंडेशन की ओर से सभी आगंतुक अतिथियों का अंगवस्त्र, स्मृति-चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान किया गया। समारोह में प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए तथा फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त किया।

फाउंडेशन की अध्यक्ष एवं पटना हाईकोर्ट की अधिवक्ता वंदना सिन्हा ने बताया कि तीन माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को सिलाई के साथ-साथ माप लेने की विधि, आधुनिक डिजाइन, परिधान निर्माण, मशीन संचालन तथा उससे जुड़े व्यावसायिक कौशल का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को केवल हुनर सिखाना नहीं, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाकर रोजगार और स्वरोजगार के लिए तैयार करना है।





साथिया फाउंडेशन की ओर से आयोजित महिला सशक्तिकरण समारोह-2026 के तहत तीन माह का सिलाई प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाली 40 महिलाओं को रविवार को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का अगला बैच अगस्त 2026 से शुरू होगा, जिसमें अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। वंदना सिन्हा ने कहा कि साथिया फाउंडेशन समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। कौशल विकास के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें सम्मानजनक आजीविका उपलब्ध कराने की दिशा में संस्था निरंतर प्रयासरत है।

समारोह में अतिथियों ने प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम समय की आवश्यकता हैं और इनके माध्यम से महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर बनेंगी, बल्कि समाज और परिवार के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

# गोलीबारी में घायल लोगों से मिल सांसद डा. भीम सिंह ने जाना हाल



राज्यसभा सांसद एवं चंद्रवंशी चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा़ भीम सिंह के नेतृत्व में मंच के एक प्रतिनिधिमंडल ने पीएमसीएच पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जहानाबाद जिले के घोषी थाना क्षेत्र अंतर्गत चौती पिपरा गांव में फल्गु नदी से कथित अवैध बालू उठाव के दौरान हुई गोलीबारी में पांच लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान विजय राम चंद्रवंशी, दिनेश राम चंद्रवंशी, अजय राम चंद्रवंशी, सुधीर राम चंद्रवंशी तथा किरण देवी चंद्रवंशी के रूप में हुई है। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना स्थित पीएमसीएच के इमरजेंसी वार्ड में रेफर किया गया है।

राज्यसभा सांसद एवं चंद्रवंशी चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा़ भीम सिंह के नेतृत्व में मंच के एक प्रतिनिधिमंडल ने पीएमसीएच पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। इस दौरान ड़ भीम सिंह ने घायलों और उनके परिजनों से मुलाकात कर आर्थिक सहायता प्रदान की तथा अस्पताल प्रशासन से बेहतर और शीघ्र उपचार सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने घटना के संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों से भी बातचीत की। चंद्रवंशी चेतना मंच ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

पीएमसीएच दौरे के दौरान चंद्रवंशी चेतना मंच के राष्ट्रीय महामंत्री जितेंद्र सिंह चंद्रवंशी, राष्ट्रीय महामंत्री सुभाष प्रसाद चंद्रवंशी, राष्ट्रीय प्रवक्ता ड़ा पप्पु कुमार चंद्रवंशी तथा पटना जिला अध्यक्ष मनोज कुमार चंद्रवंशी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें खास-खास

### केजीएमयू लखनऊ में जलालपुर के डा. साई श्रवण का जूनियर रेजिडेंट पद पर चयन

#### वॉक इन इंटरव्यू के आधार पर किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के क्लिनिकल हीमैटोलॉजी विभाग में मिली नियुक्ति

**जलालपुर (सारण)/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** । क्षेत्र के होनहार एवं प्रतिभाशाली युवा चिकित्सक डा. साई श्रवण ने अपनी प्रतिभा के दम पर चिकित्सा क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उनका चयन देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू), लखनऊके क्लिनिकल हीमैटोलॉजी विभाग में नन-पीजी जूनियर रेजिडेंट के पद पर हुआ है। डा. साई श्रवण की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। यह महत्वपूर्ण नियुक्ति केजीएमयू में बीते 23 जून 2026 को आयोजित वॉक-इन इंटरव्यू में उनके उकृत्ष्ट प्रदर्शन के आधार पर की गई है।



डा. साई श्रवण।

6 जुलाई तक संभालेंगे कार्यभार : केजीएमयू के चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी आधिकारिक नियुक्तिपत्र के अनुसार, डा. साई श्रवण को विश्वविद्यालय के नियमों के तहत प्रोविजनल आधार पर नियुक्त किया गया है। उन्हें निर्धारित वेतनमान एवं अन्य अनुमन्य भत्तों का लाभ मिलेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने उन्हें 6 जुलाई तक क्लिनिकल हीमैटोलजी विभाग के विभागाध्यक्ष के समक्ष उपस्थित होकर अपना कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

सेवा के साथ नीट पीजी की तैयारी : डा. साई श्रवण की यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि वे केजीएमयू जैसी व्यस्त संस्था में अपनी चिकित्सकीय सेवाओं के साथ-साथ आगामी नीट पीजी 2026 परीक्षा की तैयारी भी पूरी लगन से कर रहे हैं। गौरतलब है कि यह परीक्षा 30 अगस्त 2026 अथवा सितंबर के प्रथम सप्ताह में आयोजित होने की संभावना है। कठिन दिनचर्या के बीच उनकी यह मेहनत और समर्पण अन्य युवा चिकित्सकों के लिए भी एक बड़ी प्रेरणा है।

बधाइयों का तांता : डा. साई श्रवण की इस शानदार सफलता पर उनके माता-पिता, परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। क्षेत्रवासियों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईश्वर की पा से वे आगामी नीट पीजी परीक्षा में भी उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करेंगे और चिकित्सा जगत में नए कीर्तिमान स्थापित कर देश व क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

### पंडवानी की महान साधिका डा. तीजन बाई के निधन पर बिहार विधान सभा अध्यक्ष ने गहरा शोक व्यक्त किया

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने पंडवानी गायन की विश्वविख्यात लोक कलाकार तीजन बाई के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि तीजन बाई का निधन भारतीय लोककला और सांस्कृतिक जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपने अद्वितीय गायन, ओजपूर्ण प्रस्तुति और असाधारण कला-साधना के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक नाट्य परंपरा पंडवानी को विश्व मंच पर विशिष्ट पहचान दिलाई। उनका संपूर्ण जीवन भारतीय लोककला के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित रहा। उन्हें कला के क्षेत्र में योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा देश के द्वितीय नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। उनकी साधना आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी। कला और संसति के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान को देश सदैव श्रद्धापूर्वक स्मरण करेगा। डा. प्रेम कुमार ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक-संतप्त परिजनों, उनके असंख्य प्रशंसकों एवं कला-जगत को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।



डा. प्रेम कुमार।

### दिग्गज लोक गायिका तीजन बाई के निधन पर कला एवं संस्कृति मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने जताया शोक

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध पंडवानी गायिका एवं लोक कला की वैश्विक पहचान बनीं तीजन बाई का रविवार को रायपुर में 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से लोक कला जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने तीजन बाई के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि उनका जाना भारतीय लोक कला और संस्कृति के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि तीजन बाई ने अपनी विलक्षण गायकी, सशक्त अभिनय और प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक शैली पंडवानी को देश ही नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर नई पहचान दिलाई। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

8 अगस्त 1956 को छत्तीसगढ़ में जन्मी तीजन बाई पंडवानी की कापालिक शैली में प्रस्तुति देने वाली पहली महिला कलाकार थीं। इस शैली में कलाकार महाभारत की कथाओं का गायन करते हुए अभिनय और नृत्य के माध्यम से पात्रों को जीवंत रूप में प्रस्तुत करता है। उनकी ओजस्वी आवाज और भावपूर्ण अभिनय ने पंडवानी को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। महाभारत के दुशासन वध प्रसंग की उनकी प्रस्तुति विशेष रूप से देश-विदेश में अत्यंत लोकप्रिय रही। मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों एवं उनके असंख्य प्रशंसकों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।



मंत्री डा. प्रमोद कुमार।

### सूरज यादव बने रालोजपा के प्रदेश महासचिव

#### पटना में प्रदेश अध्यक्ष ने सौंपा दायित्व, पार्टी नेताओं ने दी शुभकामनाएं

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** नरपतगंज प्रखंड क्षेत्र के पलासी निवासी युवा नेता सूरज यादव को राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया है। रविवार को पटना स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष चंदन सिंह ने उन्हें मनोनयन पत्र सौंपकर नई जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रिंस राज पासवान, वरिष्ठ नेता सूरजभान सिंह, भूषण कुमार, महताब आलम सहित कई नेताओं ने सूरज यादव को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। नेताओं ने विश्वास जताया कि उनके संगठनात्मक अनुभव से पार्टी को मजबूती मिलेगी और प्रदेश में संगठन का विस्तार होगा। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद सूरज यादव ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।



नरपतगंज प्रखंड क्षेत्र के पलासी निवासी युवा नेता सूरज यादव को राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया।

### जिला मुख्यालय से लेकर अनुमंडल मुख्यालयों में भी खुलेंगे मॉडल स्कूल

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार सरकार राज्य के सभी प्रखंडों के साथ ही अब जिला मुख्यालय और अनुमंडल मुख्यालयों में आदर्श मॉडल स्कूल खोलने का निर्णय लिया है। इसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा तैयारी शुरू कर दी गयी है। विदित हो कि राज्य सरकार ने बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए बिहार के सभी 534 प्रखंडों में एक-एक आदर्श मडल स्कूल खोलने का आदेश दिया था। इसके लिए कार्रवाई भी शुरू कर दी गई थी। इसके बाद राज्य सरकार ने सभी जिला मुख्यालयों, अनुमंडल मुख्यालयों में भी मॉडल स्कूल स्थापित करने का आदेश दिया है। बताया जाता है बड़े शहरों के बीच में माडल स्कूल खुलेंगे। राज्य के 534 प्रखंडों के अलावा 150 नए माडल स्कूल खोले जाएंगे। इसके लिए शिक्षा विभाग ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र भेजकर विद्यालयों का चयन कर कार्रवाई करने का आदेश दिया है, ताकि शीघ्र नए माडल स्कूलों को खोला जा सके। माडल स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक लैब, अनुभवी शिक्षक और नौवीं कक्षा से ही नीट और जेई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### भूमिहीन परिवारों को उनका कानूनी हक न मिलना प्रशासनिक विफलता: लवली झा

**दरभंगा (एनएसबी)।** पंडासराय स्थित भूतनाथ मंदिर के निकट जमीन के पर्चे भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने महत्वपूर्ण बैठक की इस बैठक में मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता ज्योति कृष्ण झा उर्फ लवली झा और नथुनी पासवान मौजूद थे.।लवली झा ने कहा कि "दशकों से इस स्थान पर रह रहे गरीब और भूमिहीन परिवारों को उनका कानूनी हक न मिलना प्रशासनिक विफलता है. सरकार और प्रशासन तुरंत इन परिवारों का सर्वे कराकर उन्हें वासगीत पर्चा सौंपे. यदि जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो हम चुप नहीं बैठेंगे.गरीबों के हक की इस लड़ाई को सड़क से लेकर सदन तक लड़ा जाएगा और एक बड़ा जन-आंदोलन शुरू किया जाएगा। नथुनी पासवान ने कहा कि "भूमिहीनों को छत और जमीन मुहैया कराना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। एक प्रतिनिधिमंडल मांग पत्र लेकर जिलाधिकारी व प्रदेश के मंत्री से मिलेगा। मौके पर राजा पासवान, कुलदीप साहू, उपेंद्र शाह,शंभू साहनी, हीरा महतो, गोविंद यादव, रमेश पासवान, रंजीत पासवान, विनय शाह, विनय शाह, गौरी मालिक आदि लोग मौजूद थे।



### राम मंदिर आस्था का प्रतीक, चंदा मामले में कोई दोषी नहीं बचेगा : संजय सरावगी

**दरभंगा (एनएसबी)।** भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने राम मंदिर को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर करोड़ों देशवासियों ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में सनातन धर्म को मानने वाले लोगों की आस्था और विश्वास का केंद्र है। ऐसे पवित्र विषय पर राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण है। संजय सरावगी ने कहा कि राम मंदिर निर्माण से जुड़े चंदा मामले में उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ कार्रवाई कर रही है। इस मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी लगातार काम कर रही है। अब तक कई लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है, अवैध धन की रिकवरी भी हुई है और जांच को आगे बढ़ाने के लिए एसआईटी को अतिरिक्त समय दिया गया है। भाजपा सरकार की स्पष्ट नीति है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है और इस मामले में कोई भी दोषी किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### संतोष साह के निधन पर जिला फुटपाथ बिक्रेता मजदूर संघ के द्वारा बेंता चौक पर शोक सभा का आयोजन

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा जिला फुटपाथ बिक्रेता मजदूर संघ के उप सचिव संतोष वैष्णव सेटल,आयकर चौक के निकट दुकान करने वाले संतोष साह के असमायिक निधन पर रविवार को बेंता चौक के पास शोक सभा का आयोजन किया गया। मौके पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली अर्पित किया गया। शोक सभा कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष, कारी गामी ने किया। शोक सभा को संबोधित करते हुए संघ के मुख्य संरक्षक सह हम के दरभंगा जिलाध्यक्षक, आर. के दत्ता ने कहा संतोष साह हमेशा दरभंगा के फुटपाथ दुकानदारों एवं संगठन के दिन में शुरू से ही संघर्षरत थे और अचानक मात्र 42 वर्ष की उम्र में हार्ट अटैक के कारण विगत 29 जून को उनका निधन हो गया है। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र व एक (नाबालिग बच्चों) पुत्री को छोड़कर स्वर्गवास हो गए। उन्होंने कहा आज महंगाई के युग में जहा एक ओर आयकर चौक के आसपास अन्य होटल वाले महंगे ऊंचे दर पर प्रति प्लेट भोजन उपलब्ध कराते हैं। वही जनसेवा कार्य के तहत संतोष साह मात्र 50 रू मेंलोगों को भरपेट भोजन उपलब्ध कराते थे। संतोष साह के निधन से गरीबों एवं संघ के लिए अपूरणीय छति है। शोक सभा के माध्यम से उनके आत्मा की शांति एवं परिजनों को साहस प्रदान करने की कामना ईश्वर से की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक महेश साह, महानगर अध्यक्ष,शोएब आलम,शंभू सहनी,फूलों ठाकुर,मो. शहाबुद्दीन,शंभू साह,गीता देवी,सीमा देवी,काला देवी,राधा कुमारी,बबलू कुमार,संतोष कुमार,राम सहनी सहित अन्य उपस्थित रहे।



### आरोग्य भारती द्वारा रक्तचाप एवं मधुमेह को नियंत्रित करने के लिए योग शिविर आयोजित

**दरभंगा(एनएसबी)।** शरीर के हर जोर के जकरन को दूर करने, रक्त चाप , मधुमेह आदि को नियंत्रित करने के लिए आरोग्य भारती दरभंगा द्वारा तारा मन्दिर



(राज दरभंगा ) प्रांगण में रविवार 5-7-26 सुबह योग कराया गया. घर घर आयुर्वेदिक चिकित्सा कैसे होगा" पर वैद्य जयप्रकाश प्रकाश डाला .कहा छोटी मोटी तकलीफ के लिए आयुर्वेदिक दवा, जरी बुटी खोजें और प्रयोग करने का अभ्यास डालें। वैद्य तथा औषधि भी सरल सुलभ होना चाहिए। इंजीनियरिंग शशि नाथ दास, प्रो अविनाश ने अपने विचार व्यक्त किया। डॉ शैलेन्द्र लाल दास"सुश्रुत ने कार्यक्रम संचालन किया. उत्पल गोस्वामी के साथ सब योग किए। मौके पर प्रभात , उमेश ,संजीव कुमार पंडित, दिवाकर कुमार, श्याम नंदन मिश्र, राम प्रवेश शर्मा , धन बीर झा तथा आनंद बिहारी झा आदि लोग भाग लिये।

### समाज के वंचित एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए आगे आये : अन्नू नारंग

**मंडलाध्यक्ष अन्नू नारंग का रोटरी क्लब दरभंगा मिडटाउन में भव्य स्वागत**

**दरभंगा (एनएसबी)।** रोटरी क्लब दरभंगा मिड टाउन की ओर से शनिवार देर शाम शास्त्री चौक स्थित एक निजी होटल के सभागार में मंडलाध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट 3250 अन्नू नारंग के सम्मान में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। वर्ष 2026-27 के लिए डिस्ट्रिक्ट 3250 की मंडलाध्यक्ष चुनी गई श्रीमती नारंग का यह प्रथम आधिकारिक दौरा था। इस डिस्ट्रिक्ट के अंतर्गत बिहार और झारखंड के 100 से अधिक रोटरी क्लब आते हैं। अपने संबोधन में श्रीमती नारंग ने रोटेरियनों से समाज के वंचित एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रोटरी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक परिवार है, जहां सेवा के साथ आपसी सौहार्द और पारिवारिक जुड़ाव भी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान रोटरी क्लब दरभंगा मिड टाउन के नए सत्र 2026-27 के पदाधिकारियों का पदभार ग्रहण समारोह भी आयोजित हुआ। पूर्व अध्यक्ष वी.वी. शाही ने अध्यक्ष पद का दायित्व संजय सिन्हा को सौंपा। सचिव डॉ. प्रवीर सिन्हा ने अपना पदभार आशीष शेखर को हस्तांतरित किया, जबकि नए कोषाध्यक्ष के रूप में विजय चौधरिया ने आशीष शेखर से पदभार ग्रहण किया।



### पत्रकार को मातृ शोक

**दरभंगा(एनएसबी)।** दरभंगा शहर के सेनापत मोहल्ला निवासी स्वर्गीय दिनेश प्रसाद सिन्हा की पत्नी और एस सी एस न्यूज के सब एडिटर संजय कुमार सिन्हा की माताजी प्रभा देवी का निधन शुक्रवार 1 मई,2026 की रात्रि में हो गया। स्वर्गीय प्रभा देवी धार्मिक विचारधारा की महिला थी और कई वर्षों से गायत्री परिवार से जुड़ी हुई थी। वह गायत्री परिवार महिला मंडली की अध्यक्ष भी रह चुकी है। उनके शोकाकुल परिवार तथा उनकी आत्माकी शांति के लिए उनके परिचितों ने भगवान से कामना की है।

## आदर्श भारद्वाज ने महज 11 वर्ष की उम्र में आधा दर्जन पुस्तके लिखकर रचा इतिहास

**सातवीं कक्षा में अध्ययनरत इस बालक का छह सृजनात्मक कृतियों मे पांच प्रकाशित**

**दरभंगा (एनएसबी)।** क्षमता किसी आयु की बंधक नहीं होती। बालक अबोध होता है, यह कथन सदियों से समाज की मानसिकता में रचा-बसा रहा है, किंतु 21वीं सदी के भारत में झंझारपुर, मधुबनी के एक 11 वर्षीय बालक ने इस धारणा को न केवल प्रश्नांकित किया, बल्कि उसे एक नई दिशा भी दी। यह बालक है आदर्श भारद्वाज। सातवीं कक्षा में अध्ययनरत यह बालक आज छह सृजनात्मक कृतियों पाँच प्रकाशित, एक आगामी का लेखक है, बहुभाषी दक्षता का धनी है, और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान स्थापित कर चुका है।

उनकी लेखनी में बालपन की सरलता, युवा विचारों की तीव्रता और दार्शनिक दृष्टि की गहराई एक साथ मिलती है। यह निबंध आदर्श के जीवन, साहित्य, संघर्ष, सामाजिक योगदान और भविष्य-दृष्टि का गहन विश्लेषण प्रस्तुत करता है। आदर्श भारद्वाज का जन्म बिहार के मधुबनी जिले के झंझारपुर में हुआ। कमला-बलान नदी के किनारे बसी यह भूमि साहित्य, कला और परंपरा की जीवित प्रयोगशाला है। पिता शिक्षक हैं। बाल्यावस्था में दादी-नानी की कहानियों ने उनके भीतर शब्दों के प्रति प्रेम उत्पन्न किया। यही कारण है कि मात्र छह वर्ष की आयु में उन्होंने अपनी पहली लघु रचना 'जादुई पेंसिल' लिखी। आदर्श की साहित्यिक यात्रा विविधता और प्रयोगशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उनकी प्रत्येक पुस्तक एक नए विषय, नए दृष्टिकोण और नए प्रयोग को प्रस्तुत करती है। कम उम्र में ही आदर्श ने अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किए हैं।विशेष रूप से 2026 में प्राप्त 'अति विशिष्ट प्रतिभा सम्मान' उनके साहित्यिक योगदान की औपचारिक स्वीकृति है। आदर्श भारद्वाज की प्रतिभा को सामाजिक संगठन ग्रीन इंडिया यूथ वूमेन समिति के कार्यालय में संगठन के सचिव पुजा कुमारी, अध्यक्ष संजय झा, कोषाध्यक्ष नंदगोपाल झा के द्वारा सम्मानित किया गया।




आदर्श भारद्वाज को सम्मानित करते पुजा कुमारी, संजय झा, नंदगोपाल झा।

## मिथिला बागवानी क्लस्टर एवं राष्ट्रीय मखाना बोर्ड की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

**दरभंगा एयरपोर्ट के माध्यम से कृषि एवं बागवानी उत्पादों के निर्यात को नई गति प्रदान की जाएगी**

**दरभंगा(एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में सांसद, दरभंगा डॉ. गोपाल जी ठाकुर की अध्यक्षता में मिथिला बागवानी क्लस्टर तथा राष्ट्रीय मखाना बोर्ड से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में बागवानी एवं मखाना क्षेत्र के समग्र विकास, किसानों की आय में वृद्धि तथा निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में मिथिला हॉर्टिकल्चर क्लस्टर के अंतर्गत उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए हाईटेक नर्सरी की स्थापना, ड्रिप सिंचाई प्रणाली का विस्तार, किसानों के नियमित प्रशिक्षण, प्रसंस्करण के लिए 26 इंटीग्रेटेड पैक हाउस की स्थापना, कोल्ड स्टोरेज, राइपनिंग चैंबर एवं रेफ्रिजरेटेड (रीफर) वाहनों की उपलब्धता सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान यह भी बताया गया कि ब्रांडिंग एवं डिजिटल मार्केटिंग को बढ़ावा देकर तथा दरभंगा एयरपोर्ट के माध्यम से कृषि एवं बागवानी उत्पादों के निर्यात को नई गति प्रदान की जाएगी। इससे केला, आम, लीची एवं मखाना की वैल्यू चेन और अधिक सुदृढ़ होगी तथा किसानों की आय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मखाना की खेती के साथ कमल, सिंघाड़ा तथा मछली की खेती को जोड़ने की जरुरत है।बैठक में जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार, निदेशक, उद्यान, बिहार अभिषेक कुमार, सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, जिला कृषि पदाधिकारी डॉ. सिद्धार्थ, प्रधान वैज्ञानिक, राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र, दरभंगा डॉ. इंदु शेखर सिंह, जिला उद्यान पदाधिकारी नीरज कुमार झा, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र सुरुचि कुमारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पूर्व सीएम नीतीश कुमार को मिले भारत रत्न : ईश्वर मंडल

**जिला जदयू की बैठक में संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने की अपील**

**दरभंगा (एनएसबी)।** जदयू जिला कार्यालय पंडासराय स्थित सांगठनिक बैठक का आयोजन दरभंगा ग्रामीण विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल ने की सफल अध्यक्षता एवं महानगर अध्यक्ष माधव झा के संचालन में संपन्न हुआ। बैठक की शुरूआत में विधायक सह जिलाध्यक्ष श्री मंडल ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके दो दशकों के ऐतिहासिक, जनकल्याणकारी एवं विकासोन्मुखी योगदान के लिए "भारत रत्न" से सम्मानित किए जाने की मांग गर्मजोशी से की। माननीय मंत्री निबंध एवं मद्य निषेध विभाग मदन सहनी ने कहा कि विकासपुरुष नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास, सुशासन, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं आधारभूत संरचना सहित अनेक क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। उनके इन कार्यों को जन-जन तक पहुँचाना प्रत्येक जदयू कार्यकर्ता का दायित्व है।

श्री मंडल ने कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के लिए सभी साथी एकजुट होकर कार्य करें एवं स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार के नेतृत्व में संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ जुटें।बैठक में संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक पार्टी की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा जनसंपर्क अभियान को गति देने सहित विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में बिहार सरकार के मंत्री मदन सहनी, पूर्व एमएलसी दिलीप चौधरी, जिला संगठन प्रभारी केदारनाथ भंडारी, विधान परिषद डॉ दिलीप कुमार चौधरी, संस्कृत बोर्ड के सदस्य अरुण झा, राज कुमार झा,प्रो रामप्रवेश पासवान, शिवनंदन सिंह,अजीत चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील भारती, प्रो अशोक सिंह, विनोदानंद झा, मुकेश कुमार सिंह,कमरे आलम, कन्हैया शाह, शंभू नाथ झा, राजीव झा लल्लू, संतोष कुमार सिंह, आलोक कुमार यादव, मो जमशेद, परितोष यादव, कमलेश मंडल, नागेंद्र पासवान, मनोज शाह, शशी पटेल, शशि शाहप्रदीप महतो, गोविंद मंडल, पप्पू चौधरी, प्रीती मोहन झा, राजेश कुमार राय, संजय झा, सुरेश गुप्ता, अंजुला शर्मा, निशा भारती, माधवी कुमारी,भोला पासवान, नरेश मिश्रा, अमित कुमार बिट्टू, मानसावरिष्ठ नेताओं, विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकताओं ने भाग लेकर अपने अपने विचार प्रकट किए।




### सरकार से मांग करता हूं मजदूर आयोग का गठन हो : आर के दत्ता

**दरभंगा(एनएसबी)।** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा ( हम ) सेकुलर के श्रमिक प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश और दिल्ली प्रदेश द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 1 मई को पार्टी कार्यालय पर बुद्ध जयंती और मजदूर दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रमिक प्रकोष्ठ, आर के दत्ता, नीलम दत्ता, पार्टी प्रधान महासचिव,डॉ. रोहित पासवान, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष, के के यादव, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष, वीरेंद्र कुमार चौधरी, गौतम बुद्ध, जिलाध्यक्ष, डॉ प्रदीप सक्सेना जिला संयोजक मास्टर रिशिपाल नागर, प्रदेश महासचिव शिव प्रताप, राष्ट्रीय महासचिव,चंदन शर्मा, समाजसेवी आईबीके सिंह पटेल,दिल्ली प्रदेश महासचिव,डॉ. राजेश्वर उपाध्याय, दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष,राजेश रौशन उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी,अनीता शर्मा,नेहा कुमारी सहित अन्य लोगो मौजूद रहकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। साथ में नवनियुक्त पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र दिया गया। इसमें एस. के. आचार्य को महासचिव उत्तर प्रदेश, गौरव सिंह को उत्तर प्रदेश प्रवक्ता के पद पर नियुक्ति पत्र दिया गया और सभी साथियो के साथ उत्तर प्रदेश और पूरे भारत में पार्टी संगठन को आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर भगवान बुद्ध को भी याद किया गया।

## एस.एन. सर्राफ हॉस्पिटल में लाइव आर्थ्रोस्कोपी सर्जरी कार्यशाला का सफल आयोजन

**घुटना बदलना नहीं, घुटने को बचाना' थीम पर जुटे देश के प्रसिद्ध सर्जन**



उद्घाटन करते एसएसपी जगुन्नाथ रेड्डी जलारेड्डी एवं अन्य।

**दरभंगा (एनएसबी)।** एस.एन. सर्राफ हॉस्पिटल, दरभंगा में "घुटना बदलना नहीं, घुटने को बचाना" थीम पर एक दिवसीय लाइव आर्थ्रोस्कोपी सर्जरी कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य आधुनिक आर्थ्रोस्कोपी तकनीकों के माध्यम से घुटने के जोड़ को सुरक्षित रखते हुए बेहतर उपचार के प्रति चिकित्सकों एवं आमजन को जागरूक करना था।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जगन्नाथ रेड्डी जलारेड्डी वरीय पुलिस अधीक्षक दरभंगा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने आधुनिक चिकित्सा तकनीकों के माध्यम से मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया तथा इस प्रकार की शैक्षणिक कार्यशालाओं को चिकित्सा क्षेत्र के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।कार्यशाला में देश के प्रतिष्ठित आर्थ्रोस्कोपी विशेषज्ञ डॉ. के. के. गुप्ता, डॉ. श्रीधर एवं डॉ. श्रीनिवास ने आधुनिक आर्थ्रोस्कोपी तकनीकों, खेल संबंधी चोटों, लिगामेंट इंजरी, मेनिस्कस की समस्याओं तथा घुटने को बदलने के बजाय उसे संरक्षित रखने की नवीनतम उपचार पद्धतियों पर विस्तृत जानकारी साझा की। विशेषज्ञों ने लाइव सर्जरी के माध्यम से जटिल मामलों का सफल प्रदर्शन भी किया, जिससे उपस्थित चिकित्सकों को नई तकनीकों को समझने एवं सीखने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर एस.एन. सर्राफ हॉस्पिटल के प्रोफेसर डॉ. एस. एन. सर्राफ, डॉ. अभिषेक सर्राफ, डॉ. प्रियंका सर्राफ, डॉ. एस. के. ठाकुर एवं डॉ. अभिषेक घवलकर, डॉ अरविंद प्रसाद गुप्ता, डॉ. गुरुदेव कुमार, डॉ मनीष कुमार सहित अनेक वरिष्ठ चिकित्सक एवं चिकित्सा विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

## लगभग 80 ग्रामीण चिकित्सकों के साथ सीएमई कार्यक्रम का शानदार एवं सफल आयोजन

**प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. गौड़ी शंकर झा ने दी विस्तृत जानकारी**





कार्यक्रम में डॉ. गौड़ी शंकर झा एवं अन्य ।

**दरभंगा (एनएसबी)।** रविवार को एस.वी. हॉस्पिटल, बेंता ईदगाह वाली रोड, एम.के. कॉलेज के सामने के तत्वावधान में अभ्यस एकेडमी, देवधा चौक परिसर में लगभग 80 ग्रामीण चिकित्सकों की सहभागिता के साथ एक सीएमई (कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन) कार्यक्रम का शानदार एवं सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम में हड्डी टूटने की स्थिति में प्राथमिक उपचार कैसे किया जाए तथा सड़क दुर्घटना (रोड ट्रैफिक एक्सीडेंट) में घायल मरीजों की जान बचाने हेतु प्रारंभिक चिकित्सा प्रबंधन किस प्रकार किया जाए, इस विषय पर शहर के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. गौड़ी शंकर झा ने विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं सही उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही हाथ एवं जांघ में इंट्रामस्क्युलर इंजेक्शन किस स्थान पर दिया जाना चाहिए, इसके बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त प्लास्टर कब और किस प्रकार किया जाना चाहिए, इस विषय पर भी विस्तार से चर्चा की गई।इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ. मदन मोहन झा, डॉ. सुजीत कुमार, डॉ. सीताराम यादव एवं डॉ. बी.डी. शर्मा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में डॉ. विजय कुमार सिंह, डॉ. जय कुमार, डॉ. पांडव कुमार, डॉ. जीवछ कुमार, डॉ. भोगी पासवान, डॉ. त्रिलोक पासवान, डॉ. सिंह, डॉ. रामनरेश यादव, डॉ. विजय कुमार दास, डॉ. घनश्याम कुमार सहित अनेक ग्रामीण चिकित्सकों ने भाग लिया। साथ ही डॉ. मनीष कर्ण, दीपेश जी, संजय दास, जितेंद्र पंडित एवं आशुतोष ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई।

### आज सैदनगर फीडर की बिजली रहेगी बाधित

**दरभंगा (एनएसबी)।** दिनांक 6 जुलाई,2026 को 33/11केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र, जेल से निकलने वाली 11केवी सैदनगर फीडर में प्रातः 5 बजे से 8 बजे पूर्वाहन तक "गावर एजेंसी" के द्वारा एल टी लाइन शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा।

## दरभंगा में एनएबीएल लैब एवं सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए हो रही पहल : डॉ. गोपाल जी ठाकुर

**दरभंगा में 18 करोड़ की लागत से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तथा एनबीएल लैब की स्थापना के लिए सांसद ने डायरेक्टर के साथ की चर्चा**

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा को देश स्तर पर मखाना का हब बनाने के लिए ठोस पहल की जा रही है। 10 करोड़ की लागत से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तथा 8 करोड़ की लागत से एनबील लैब की स्थापना से दरभंगा में मखाना तथा जलीय कृषि उत्पादों के उत्पादन, प्रसंस्करण तथा व्यापारीकरण को एक नई पहचान मिलेगी जो यहां के लिए वरदान साबित होगा।स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने बिहार सरकार के उद्यान तथा बागवानी निदेशक अभिषेक कुमार एवं कृषि विभाग के राज्यस्तरीय अधिकारयों के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करने के बाद उपरोक्त बातों की जानकारी दी है।

सांसद डा ठाकुर बताया कि राष्ट्रीय मखाना बोर्ड द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में बिहार के लिए स्वीकृत 50 करोड़ रुपये के प्रावधान के अंतर्गत प्रस्तावित एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला एवं सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए दरभंगा सभी मानक को पूरा करता है सांसद ने कहा कि दरभंगा में क्योंकि यहां पहले से राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र, मखाना उत्पादन एवं प्रसंस्करण के लिए जरूरी पारंपरिक कौशल, बेहतर सड़क एवं हवाई संपर्क तथा अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध हैं। सांसद डा ठाकुर ने एनएबीएल प्रयोगशाला और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एक ही स्थान पर स्थापित किए जाने के लिए निदेशक एवं अधिकारयों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि इस तरह के सेंटर तथा प्रयोगशाला की स्थापना से मखाना के साथ साथ जल में होने वाले अन्य फलों के उत्पादन,अनुसंधान, गुणवत्ता परीक्षण, कौशल विकास, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, विपणन तथा निर्यात गतिविधियों में प्रभावी समन्वय स्थापित होगा जो यहां के किसानो की आत्मनिर्भरता के लिए वरदान साबित होगा।सांसद डा ठाकुर दरभंगा में एक्सिलेंस सेंटर तथा लैब की स्थापना की पहल दरभंगा को देश का मखाना हब बनाने के साथ-साथ पूरे मिथिलांचल के किसानों की आय बढ़ाने, स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहित करने तथा क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को समृद्ध करने में मील का पत्थर सिद्ध होगी। सांसद डा ठाकुर ने बताया कि एनएबीएल लैब के लिए 8 करोड़ एवं सेंटर आफ एक्सीलेंस के लिए 10 करोड़ की वित्तीय मंजूरी दी गई है तथा आवश्यकता अनुसार राशि में और बढ़ोतरी की जा सकती है।



निदेशक के साथ सांसद डॉक्टर गोपाल जी ठाकुर।

## संक्षिप्त खबरें

### एएसपी को विश्वकर्मा काष्ठ शिल्पी बिकास समिति ने किया सम्मानित

**दलसिंहसराय (एनएसबी)** दलसिंहसराय के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा के वरीय पुलिस उपाधीक्षक के पद पर पदोन्नति होने पर विश्वकर्मा काष्ठ शिल्पी बिकास समिति ,बिहार के राज्य समिति की ओर से सम्मानित किया गया संगठन के प्रमुख संरक्षक राम भरोस शर्मा और हेमंत कुमार शर्मा ने पाग,शाल एवं बुके भेंटकर सम्मानित किया सदस्यों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे और भी मनोवल के साथ इलाके में शांति और विधि व्यवस्था बनाए रखने में सफल होगें अवसर पर समिति के अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

### बाल विवाह की उन्मूलन की दिशा मे नालसा की पहल : कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेर्शानुसार अनुमंडल विधिक सेवा समिति, दलसिंहसराय की ओर से रविवार को पंचायत भवन, हरिशंकरपुर के परिसर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । विधिक जागरूकता शिविर में पैनल अधिवक्ता सुखराम मोची ने बाल विवाह की उन्मूलन की दिशा में पहल करते हुए नालसा ने जागरूकता, समर्थन, सहायता और कार्यवाही) मानक संचालन प्रक्रिया के संदर्भ में ग्रामवासियों को विस्तारपूर्वक कानूनी जानकारी दी। विधिक जागरुकता शिविर में सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधियों समेत पारा विधिक स्वयं सेविका कुमारी रचना एवं आमलोगों ने भाग लिया ।

### ब्लू को पछाड़ कर ग्रीन फाइनल में, येलो से होगी खिताबी जंग, अरनब को बेस्ट प्लेयर का खिताब

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** को दलसिंहसराय इंटर एकेडमी क्रिकेट लीग टी 20 का पांचवां मैच दलसिंहसराय क्रिकेट एकेडमी ब्लू एवं दलसिंहसराय क्रिकेट एकेडमी ग्रीन के बीच छात्रधारी इंटर विद्यालय के प्रागंण में खेला गया। टॉस दलसिंहसराय क्रिकेट एकेडमी ग्रीन के कप्तान ने जीता और पहले बॉलिंग का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए टीम ब्लू ने 8 विकेट गवां कर 20 ओवर में 129 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम ब्लू की तरफ से बल्लेबाजी में मोहित ने 22 अर्णव आर्या ने 26 विनीत ने 10 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में ग्रीन टीम को तरफ से आयुष, सूर्यांश एवं शौर्या मेहता ने 2,2



विकेट लिया। जवाब में टीम ग्रीन ने 130 रन का पीछा करते हुए 19,4 ओवर में 3 विकेट के नुक्सान पर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। टीम ग्रीन ने ये मैच 7 विकेट से जीता। टीम ग्रीन की तरफ से अर्णव ने 54 नॉट आउट आक्रामक बल्लेबाज अयमान आबिद ने 36 और अमन गुप्ता ने 13 नाबाद रन बनाया। टीम ब्लू की तरफ से गेंदबाजी में लक्ष्य, अनिरुद्ध,, लक्की ने 1,1 विकेट लिया। आज के मैन ऑफ दि मैच टीम ग्रीन के अर्णव को बेस्ट बैट्समैन टीम ग्रीन के आक्रामक बल्लेबाज अयमान आबिद और बेस्ट बॉलर शौर्य मेहता को संयुक्त रूप से नितेश मेहता , औरंगजेब , लालू कुमार सुमन के द्वारा दिया गया। इस तरह टीम ग्रीन एवं टीम येलो ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। आज के मैच में अंपायर उमेश राय थे। पूर्व खिलाड़ी मोहम्मद नवाब अशफाक अंसारी राजू कुमार विकास पंकज शशि कुमार एवं बहुत सारे खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### समस्तीपुर ड्रग एसोसिएशन, शाखा ताजपुर की मासिक बैठक संपन्न

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** ड्रग एसोसिएशन शाखा ताजपुर की मासिक बैठक शिवा ड्रग एजेंसी परिसर ताजपुर में रखी गई इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ताजपुर संगठनके अध्यक्ष रंजीत कुमार ने किया जबकि संचालन सुशील चौबे ने किया बैठक में



संगठन विस्तार, संगठन की मजबूती, महीना के प्रथम सप्ताह रविवार को नियमित रूप से मासिक बैठक, सभी सदस्यों को बैठक में शत प्रतिशत उपस्थित रहने का सभी सदस्यों ने संकल्प लिया मौके पर सचिव विकास रंजन, कोषाध्यक्ष कुमार शशि मनी, संगठन सचिव, सह समस्तीपुर सांसद, ताजपुर प्रतिनिधि सुशील चौबे, सुजय कुमार नदी, राजू कुमार, संतोष झा, डॉ रवि प्रकाश, चंद्र प्रकाश शर्मा, अशोक कुमार अखिलेश कुमार, राय,विनोद कुमार सिंह, विकास रंजन, धर्मेंद्र कुमार, मोहम्मद शाहनवाज, श्याम बाबू, एवं संगठन के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### एक पेड़ मां के नाम 3.0 को घर-घर तक ले जाएं : मुकेश, सुरक्षित शनिवार में बाढ को लेकर दी गई जानकारी

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय बेला पंचरुखी में प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत सुरक्षित शनिवार का आयोजन नोडल शिक्षिका बीवी शकीला रहमान के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बाढ़, बाढ़ के समय सावधानी और बाढ़ के बाद की समस्याओं और निदान के बारे में बताया ।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विमल कुमार साह ने किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ से बचाव हेतु मॉक ड्रिल कराया। इसके साथ ही मिशन निपुण बिहार के तहत शिक्षिका इन्दिरा कुमारी के नेतृत्व में पठन पर्व को आगे बढ़ाया गया। वहीं दूसरे सत्र में बाल



संसद की बैठक संयोजक शिक्षिका खुशबू राय की अध्यक्षता में डिजिटल लाइब्रेरी में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ने सभी मंत्रियों के विगत सप्ताह के कार्य की समीक्षा की। वही इको क्लब के संयोजक शिक्षक संजीव कुमार झा ने एक पेड़ मां के नाम 3.0 कार्यक्रम को घर-घर तक ले जाने की अपील की। इस अवसर पर बच्चों ने विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम की शुरूआत खुशबू राय के संयोजन में कर पौधारोपण किया। बैठक में मंत्रियों ने अपने-अपने घर से बनाकर लाए गए मॉडल का प्रदर्शन किया, जिसकी सबों ने सराहना की। मौके पर बाल संसद की प्रधानमंत्री अनन्या कुमारी, मंत्री आयुष राज, श्रेया कुमारी, अंश राज,जोली कुमारी, प्रियांशु कुमारी, स्नेहा कुमारी, रोहित कुमार, काजल कुमारी, ऋतिक कुमार, आदि उपस्थित थे।

### एनएच-28 पर प्रशासन का बड़ा एक्शन: अवैध पार्किंग-अतिक्रमण हटाया, वसूले 67 वाहनों से ₹5.81 लाख जुर्माना

**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** राष्ट्रीय राजमार्ग-28 को जाम और सड़क दुर्घटनाओं से मुक्त कराने के लिए शनिवार सुबह अनुमंडल प्रशासन ने बड़े स्तर पर अतिक्रमण और अवैध पार्किंग के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे खड़े वाहनों पर चालान काटे गए, अतिक्रमण हटाया गया और कई गुमटियों को जब्त कर लिया गया। अभियान से वाहन चालकों और अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में वरिय अधिकारियों के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी किशन कुमार और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस, नगर परिषद, परिवहन विभाग तथा एनएचएआई की संयुक्त टीम ने एनएच-28 पर विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े ट्रक, बस, ऑटो और टोटो वाहनों की जांच की गई। वाहनों के परमिट, दस्तावेज, हॉर्न समेत अन्य आवश्यक कागजात की जांच के बाद नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। कई वाहनों को जब्त भी किया गया। वहीं सरदारगंज चौक के समीप सड़क किनारे लगने वाली मछली मंडी और अवैध फुटकर गुमटियों पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अभिसार कुमार के नेतृत्व में जेसीबी चलाकर अतिक्रमण हटाया गया। कई बार चेतावनी देने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने वाले गुमटी संचालकों की गुमटियां तोड़कर नगर परिषद ने जब्त कर लीं। एसडीओ किशन कुमार ने बताया कि अभियान का उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात को सुरक्षित, सुचारु और बाधारहित बनाना है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके।

# मोहर्रम की पुरानी रंजिश में खूनी संघर्ष, तीन गंभीर रूप से घायल, गांव में पुलिस बल तैनात

**बिथान (एनएसबी)।** लरझा घाट थाना क्षेत्र के सलाह बुजुर्ग और चिरोटाना गांव में बीते मोहर्रम पर्व से चली आ रही पुरानी रंजिश रविवार को खूनी संघर्ष में बदल गई। दोनों पक्षों के बीच अचानक शुरू हुई हिंसक झड़प में लाठी-डंडों के साथ-साथ धारदार हथियारों का जमकर इस्तेमाल किया गया। इस घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल बन गया, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और एहतियात के तौर पर गांव में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला करते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस वीडियो की जांच कर रही है और उसके आधार



घटना से स्तब्ध लोग।

पर घटनाक्रम की पड़ताल में जुटी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस संघर्ष में जख्मी व्यक्तियों की पहचान चिरोटाना गांव निवासी रहमत अली के पुत्र मोहम्मद बरकत अली, सलहा बुजुर्ग निवासी मोहम्मद मोहसिन आलम के पुत्र मोहम्मद नूर आलम और शमसुद्दीन अली के पुत्र मोहम्मद हैदर अली के रूप में की गई है। इसमें मोहम्मद बरकत अली की स्थिति काफी नाजुक बताई जा रही है। घायलों को घटना के तुरंत बाद परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हसनपुर ले जाया गया। वहां चिकित्सकों की टीम ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, समस्तीपुर रेफर कर दिया। फिलहाल तीनों का इलाज सदर अस्पताल में जारी है। परिजनों के अनुसार, घायलों में मोहम्मद नूर आलम और मोहम्मद हैदर अली की हालत में थोड़ा सुधार बताया जा रहा है, जबकि मोहम्मद बरकत अली की स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है और चिकित्सक उनकी लगातार निगरानी कर रहे हैं।

घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में गहरा आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से तनाव की स्थिति बनी हुई थी, लेकिन पुलिस ने समय रहते प्रभावी पहल नहीं की। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है तथा झड़प में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। वायरल वीडियो सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

थानाध्यक्ष राज किशोर पंडित ने बताया कि दोनों पक्ष की ओर से अब तक आवेदन अप्राप्त है, लिखित आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं सर्किल इंस्पेक्टर रोसरा मनोज कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है और अपने स्तर से मामले की जांच की जा रही है। इस घटना में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इंस्पेक्टर रोसरा ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। प्रशासन का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल गांव में स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन तनाव को देखते हुए पुलिस लगातार कैंप कर रही है ताकि दोबारा कोई अप्रिय घटना न हो।

## भाजपा उत्तरी मंडल की मासिक बैठक सम्पन्न, संगठन मजबूती पर जोर

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी के विद् यापतिनगर उत्तरी मंडल की मासिक बैठक रविवार को मनियारपुर पंचायत में पंचायत अध्यक्ष चंदन कुमार के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अविनाश भारद्वाज ने की, जबकि संचालन मंडल महामंत्री संतोष राय ने किया। बैठक में मुख्य



बैठक में शामिल भाजपा कार्यकर्ता।

अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने मंडल, पंचायत एवं बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर बल देते हुए कार्यकताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' की समीक्षा करते हुए इसे अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की।मंडल अध्यक्ष अविनाश भारद्वाज ने संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए निर्देश दिया कि प्रत्येक माह की तरह इस माह भी तीसरे रविवार को पंचायत स्तर पर बैठक आयोजित की जाएगी। वहीं चौथे रविवार को प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर सामूहिक रूप से सुनकर उसकी रिपोर्ट सरल एप पर अपलोड की जाएगी। उन्होंने सभी कार्यकताओं से सोमवार, 6 जुलाई 2026 को सुबह 11 बजे मोहिउद्दीननगर स्थित मंगलम विवाह भवन में आयोजित भारतीय जनता पार्टी समस्तीपुर दक्षिणी के कार्यकर्ता सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा बूथ स्तर पर पार्टी की गतिविधियों को और प्रभावी बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकताओं ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। मौके पर नरेश महतो, अभय सिंह, राहुल कुमार, राम पुकार पासवान, ज्योति गुप्ता, अनीता देवी, शकुंतला देवी, रमन श्री, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, शंभू यादव, शुभम, गोलू आदि उपस्थित थे।

## 10 हजार रुपये प्रतिमाह कमाने वालों का राशन कार्ड रद्द हुआ तो 90 फीसदी कार्डधारक होंगे प्रभावित : सुरेंद्र

**ताजपुर (एनएसबी)।** अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा (खेग्रामस) द्वारा ताजपुर प्रखंड के मोतीपुर बांसवाड़ी में शुक्रवार को सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा (माले) प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि यदि सरकार 10 हजार रुपये प्रतिमाह कमाने वाले लोगों का राशन कार्ड रद्द करती है तो इसका असर लगभग 90 प्रतिशत राशन कार्डधारकों पर पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सरकार ने 32 लाख परिवारों को राशन कार्ड उपलब्ध कराया गया, जिससे पूर्ववर्ती सरकार को राजनीतिक लाभ भी मिला, लेकिन चुनाव समाप्त होने के बाद अब 57 लाख से अधिक परिवारों का नाम राशन कार्ड सूची से हटाने की तैयारी की जा रही है। यह गरीबों और जरूरतमंदों के साथ अन्याय है।

किसान नेता ब्रहमदेव प्रसाद सिंह ने कहा कि राज्य में भूमिहीन परिवारों को वासभूमि उपलब्ध कराने के लिए कानून मौजूद है, बावजूद इसके



सरकार भूमिहीनों को जमीन उपलब्ध कराने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि गरीबों, खेत मजदूरों और वंचित तबकों के अधिकारों की रक्षा के लिए खेग्रामस का संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

बैठक में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान को तेज करने तथा राशन कार्ड, वासभूमि, मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन समेत विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर आंदोलन को मजबूत करने का निर्णय लिया गया।

अभियान का नेतृत्व भाकपा (माले) प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह, प्रखंड कमिटी सदस्य ब्रहमदेव प्रसाद सिंह, राजदेव प्रसाद सिंह एवं शंकर महतो ने किया। मौके पर ग्रामीणों से बड़ी संख्या में खेग्रामस की सदस्यता ग्रहण कर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया गया।

## आज से समस्तीपुर ओवर ब्रिज पर आवागमन बंद, वैकल्पिक मार्ग पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** आज से समस्तीपुर के उत्तर और दक्षिण को जोड़ने वाला ओवर ब्रिज मरम्मती कार्य को लेकर बंद कर दिया जाएगा। अतः यह पुल अगले 35 दिनों तक हर आमझ्झओझखास के लिए आवागमन व परिवहन हेतु उपलब्ध नहीं रहेगा। इस अवधि में लोगों की सुविधा के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है। इसके तहत शहर में आने और जाने केलिए वैकल्पिक मार्ग सुनिश्चित किए हैं। वैकल्पिक मार्गों पर अबाध आवागमन व परिवहन सुनिश्चित करने के लिए रविवार को सदर एसडीओ दिलीप कुमार के नेतृत्व में सभी वैकल्पिक मार्गों यथा, मगरदही घाट, बाईपास रोड, धरमपुर चौक समेत



अतिक्रमण हटाओ अभियान का नजारा।

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य वैकल्पिक मार्ग को पूरी तरह जाममुक्त बनाकर वाहनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करना था। अभियान के दौरान जिला प्रशासन की टीम ने सड़क किनारे वर्षों से लगी अस्थायी दुकानों, ठेलों और अन्य अवैध अतिक्रमणों को हटाया। कई स्थानों पर जेसीबी मशीन की मदद से अवैध ढांचों को ध्वस्त किया गया। वहीं, प्रशासन की अपील पर कई दुकानदारों ने स्वेच्छा से अपना अतिक्रमण हटा लिया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सड़क और सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही लोगों से अपील की गई कि वे दोबारा अतिक्रमण न करें, ताकि शहर में यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

## भाजपा उत्तरी मंडल की मासिक बैठक सम्पन्न, संगठन मजबूती पर जोर

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी के विद् यापतिनगर उत्तरी मंडल की मासिक बैठक रविवार को मनियारपुर पंचायत में पंचायत अध्यक्ष चंदन कुमार के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अविनाश भारद्वाज ने की, जबकि संचालन मंडल महामंत्री संतोष राय ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने मंडल, पंचायत एवं बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर बल देते हुए कार्यकताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' की समीक्षा करते हुए इसे अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की।मंडल अध्यक्ष अविनाश भारद्वाज ने संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए निर्देश दिया कि प्रत्येक माह की तरह इस माह भी तीसरे रविवार को पंचायत स्तर पर बैठक आयोजित की जाएगी। वहीं चौथे रविवार को प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर सामूहिक रूप से सुनकर उसकी रिपोर्ट सरल एप पर अपलोड की जाएगी। उन्होंने सभी कार्यकताओं से सोमवार, 6 जुलाई 2026 को सुबह 11 बजे मोहिउद्दीननगर स्थित मंगलम विवाह भवन में आयोजित भारतीय जनता पार्टी समस्तीपुर दक्षिणी के कार्यकर्ता सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा बूथ स्तर पर पार्टी की गतिविधियों को और प्रभावी बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकताओं ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

## विधानसभा मार्च को सफल बनाने के उद्देश्य से आईएफएस ने की प्रचार अभियान की शुरूआत

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के आगामी 15 जुलाई 2026 को पटना में आयोजित विधानसभा मार्च को सफल बनाने के उद्देश्य से समस्तीपुर जिला कार्यालय, बंगाली टोला से प्रचार अभियान की शुरूआत की गई। इस दौरान संगठन की ओर से मांग-पत्र एवं पर्चा जारी कर जिले के छात्र-छात्राओं, युवाओं, शिक्षकों और अभिभावकों से बड़ी संख्या में पटना पहुँचने की अपील की गई।




एआईएसएफ ने कहा कि यह विधानसभा मार्च शिक्षा, रोजगार और लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को लेकर आयोजित किया जा रहा है। संगठन की प्रमुख मांगों में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, नई शिक्षा नीति 2020 एवं विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक की वापसी, नीट सहित सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक पर रोक, ळफए-4 की अधिसूचना जारी करना, विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में रिक्त पदों पर स्थायी नियुक्ति, बिहार में निजी विश्वविद्यालयों के विस्तार पर रोक तथा पटना विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देना शामिल है। एआईएसएफ के राज्य अध्यक्ष सुधीर कुमार ने कहा कि शिक्षा के निजीकरण, बाजारीकरण और भगवाकरण के कारण गरीब एवं वंचित वर्ग के छात्रों के लिए उच्च शिक्षा लगातार कठिन होती जा रही है। इसलिए शिक्षा बचाने और छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए 15 जुलाई का विधानसभा मार्च निर्णायक होगा। जिला अध्यक्ष दीपक कुमार धीरज ने कहा कि समस्तीपुर जिले के सभी प्रखंडों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से हजारों छात्र-छात्राएं विधानसभा मार्च में भाग लेंगे। इसके लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है और लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं। छात्र नेता अर्जुन कुमार ने कहा कि शिक्षा और रोजगार के सवाल पर युवाओं को एकजुट होकर सरकार से जवाब मांगना होगा। उन्होंने समस्तीपुर जिले के सभी छात्र-युवाओं से अपील की कि वे 15 जुलाई को पटना पहुँचकर विधानसभा मार्च को ऐतिहासिक सफलता दिलाएं। इस अवसर पर राज्य अध्यक्ष सुधीर कुमार, जिला अध्यक्ष दीपक कुमार धीरज, संगठन के लनामिवि संयोजक अविनाश कुमार एवं छात्र नेता अर्जुन कुमार उपस्थित थे।

## भाजपा ताजपुर पूर्वी एवं दक्षिणी मंडल की मासिक बैठक संपन्न

### बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का लिया संकल्प

**ताजपुर (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी, जिला समस्तीपुर उत्तरी एवं दक्षिणी के अंतर्गत ताजपुर पूर्वी एवं दक्षिणी मंडल की मासिक बैठक, बाघी पंचायत एवं कस्बे आहार ताजपुर, मैं बैठक का आयोजन किया गया। ताजपुर पूर्वी मंडल बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुशील चौबे ने व संचालन अखिलेश कुमार राय ने किया। वहीं दूसरी तरफ ताजपुर दक्षिणी मंडल बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह कुशवाहा ने तथा संचालन जिला प्रवक्ता अनिकेत कुमार अंशु ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से संगठन विस्तार शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर नियमित संगठनात्मक बैठकें आयोजित कर कार्यकताओं में आपसी समन्वय, एवं संगठन की मजबूती सुनिश्चित करने, मन की बात प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'मन की बात' कार्यक्रम को हर बूथ पर प्रभावी ढंग से सुनने, के निर्णय लिए गए। इस दौरान डिजिटल लर्निंग कार्यकताओं को भाजपा के डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के बारे में जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर थाना में 47 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज, सीओ के आवेदन पर हुई कार्रवाई

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी नगर थाना में अंचल अधिकारी (सीओ) रहिका के आवेदन पर 47 नामजद लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी में सरकारी कार्य में बाधा, विधि-व्यवस्था भंग करने तथा अन्य संबंधित आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।प्राथमिकी में जिन लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है, उनमें अशरफ अली, आशा कुमारी कर्ण, सुभाष चन्द्र मिश्र, पूनम कपूर, मो. समीउल्लाह खान, अमानुल्लाह खान, मो. अली, शौकत अली, अरुण कुमार, पीताम्बर ठाकुर, सुनील कुमार नायक, गोपाल महतो, काशीकांत झा, विरेन्द्र कुमार, अरुण मंडल, ललन मंडल, पिंटू कुमार झा, जाहिद खातून, राजेश कुमार सिंह, आलेख राज, अरुण कुमार मंडल, राहुल कुमार, राजेन्द्र प्रसाद राय, राजन कुमार, सुमित कुमार, धीरज कुमार सिंह, प्रभात कुमार सिंह, विनोद कुमार राय, मो. सनाउल्लाह, आशा देवी, बैद्यनाथ झा, विजय कुमार राय, कृष्णकांत मिश्र, मिथिलेश कुमार, प्रशांत कुमार, सरवन राय, जावेद इकबाल, जयकांत मंडल, अविनाश कुमार झा, अंकित कुमार झा, रंजय कुमार झा, रचना कुमारी, कैलाश कुमार झा, विकास मंडल, राहुल कुमार एवं प्रदीप कुमार झा शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है तथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### मधुबनी में भूमाफियाओं के खिलाफ प्रशासन ने शक्ति से करेगी कार्रवाई, सभी सरकारी भूमि को अतिक्रमण करेंगे खाली

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी जिला मुख्यालय पिछले 20 वर्षों से भू माफियाओं के चंगुल में फंसा हुआ है, सरकारी जमीन हो, या विवादित जमीन, सभी जमीन को अवैध कारोबार कर अपने नाम कर कर उसे बेचने की धरालय से कार्य की गई है! जिसका पदार्फाश जिला प्रशासन ने किया है! जिससे भू माफियाओं में हड़कंप मच गया है! मधुबनी मुख्यालय में दर्जनों ऐसे तालाब हैं जिसको भरकर उसे पर मकान का निर्माण कर दिया गया है! कई ऐसे सरकारी जमीन पर बने नाले की भूमि पर भी माफियाओं द्वारा कब्जा कर उसे पर मकान बनवा दिया गया है! जिसकी चर्चा शहर के चौक चौराहों पर की जा रही है! जिला प्रशासन इस कार्य में कितना सफल होते हैं या तो समय बताएगा लेकिन वर्तमान समय में 47 लोगों पर प्राथमिक की करने के बाद भू माफियाओं में भूचाल सा मच गया है!

### मधुबनी में वैज्ञानिक तकनीक से मत्स्य पालन को बढ़ावा

**मधुबनी (एनएसबी)।** मत्स्य उत्पादन एवं किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में मधुबनी में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिले में वैज्ञानिक तकनीक से मत्स्य पालन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मत्स्य निदेशालय, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार सरकार, बिहार एक्वाकल्चर इम्प्रूवमेंट प्रोग्राम), जिसे गेट्स फाउंडेशन से वित्तीय सहयोग प्राप्त है, तथा (प्रदान



संस्था) के संयुक्त सहयोग से मधुबनी जिले के 6 चयनित मत्स्य किसानों ने अपनी पूंजी लगाकर जयंती रोहू एवं अमृत कतला का उन्नत स्पॉन मंगवाया है। यह उन्नत स्पॉन के अधिकृत मल्टीप्लायर के माध्यम से उपलब्ध कराया गया। इस कार्यक्रम में संस्था द्वारा किसानों को तकनीकी सहयोग एवं वैज्ञानिक मत्स्य पालन से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन दिया जा रहा है। जयंती रोहू एवं अमृत कतला उन्नत एवं उच्च उत्पादन क्षमता वाली मत्स्य प्रजातियां हैं, जिन्हें वैज्ञानिक चयन प्रजनन तकनीक के माध्यम से विकसित किया गया है। इन प्रजातियों की वृद्धि दर सामान्य प्रजातियों की तुलना में बेहतर मानी जाती है, जिससे किसानों को कम समय में अधिक उत्पादन एवं बेहतर आर्थिक लाभ प्राप्त होने की संभावना है। इससे जिले में मत्स्य उत्पादन को नई गति मिलने के साथ-साथ किसानों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।इस अवसर पर जिला मत्स्य पदाधिकारी, अंजनी कुमार ने कहा कि राज्य सरकार एवं विभाग द्वारा मत्स्य किसानों की आय बढ़ाने के लिए गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने किसानों से आधुनिक तकनीक एवं वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर मत्स्य पालन को व्यवसायिक रूप देने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि विभाग किसानों को हर संभव तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### 15 ग्राम गांजा के साथ एक युवक गिरफ्तार

**जयनगर (एनएसबी)।** जयनगर थाना पुलिस ने मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को एक युवक को 15 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के शिलानाथ निवासी संजीव साह, पिता रामवृक्ष साह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, जयनगर डीएसपी सदानंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्ती एवं जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए संजीव साह की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में उसके पास से 15 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसके बाद उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बरामद गांजा को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। डीएसपी सदानंद कुमार ने बताया कि जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी और बिक्री के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के

### अवैध मिट्टी खनन पर कार्रवाई, ट्रैक्टर जब्त, 1.07 लाख रुपये का जुर्माना

**जयनगर (एनएसबी)।** अवैध मिट्टी खनन एवं परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए मिट्टी लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर उस पर 1 लाख 7 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। जिला खनन विभाग द्वारा नियमों के तहत की गई इस कार्रवाई के बाद जुमार्ना राशि जमा होने पर ही ट्रैक्टर को मुक्त किया जाएगा।जानकारी के अनुसार, जयनगर थाना पुलिस ने बस्ती पंचायत के समीप वाहन जांच के दौरान मिट्टी लदे एक ट्रैक्टर को पकड़ा था। जांच के दौरान चालक वाहन से संबंधित आवश्यक खनन अनुमति एवं वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई के लिए जिला खनन विभाग को सूचना दी। मामले की जांच के उपरांत जिला खनन विभाग ने खनन नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर संबंधित ट्रैक्टर पर 1 लाख 7 हजार रुपये का जुमार्ना अधिरोपित किया। जिला खनन पदाधिकारी अश्विनी कुमार ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर पर लदे मिट्टी के मामले में बिहार खनिज नियमावली के तहत नियमसंगत कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि निर्धारित जुमार्ना राशि जमा करने के बाद ही ट्रैक्टर को रिलीज किया जाएगा।खनन पदाधिकारी ने बताया कि बिना वैध अनुमति के मिट्टी, बालू अथवा अन्य खनिजों का उत्खनन एवं परिवहन पूरी तरह अवैध है। ऐसे मामलों में संबंधित वाहन को जब्त कर आर्थिक दंड लगाया जाता है। उन्होंने वाहन मालिकों एवं चालकों से अपील की कि खनिजों के परिवहन से पूर्व सभी आवश्यक दस्तावेज एवं वैध चालान अपने साथ रखें, अन्यथा विभागीय कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसके लिए पुलिस एवं जिला खनन विभाग की संयुक्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अधिकारियों का कहना है कि अवैध खनन पर रोक लगाने तथा सरकारी राजस्व की क्षति रोकने के उद्देश्य से नियमित रूप से अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस आयोजित

**मधुबनी (एनएसबी)।** बिहार सरकार द्वारा आयोजित बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस के अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी के निदेर्शानुसार जिले के सभी थाना,प्रतिष्ठानां में सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा यह सपथ ग्रहण लिया गया की वे अपने कर्तव्य के दौरान सतर्कता, ईमानदारी, पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सत्यनिष्ठा से अपने सभी कार्यो का निस्पादन करंगे तथा समाज को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए कर्तव्यबद्ध रहेंगे ।

# 26 पंचायतों में 07 जुलाई को सहयोग शिविर का होगा आयोजन

**मधुबनी जिले के 7 नगर निकायों के 15 वार्डो में भी होगा सहयोग शिविर का आयोजन**

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से "जन सहयोग शिविर" का आयोजन 07 जुलाई 2026 को जिले के सभी 21 प्रखंडों के 26 पंचायतों में आयोजन किया गया हैं।

जिला पदाधिकारी,आनंद शर्मा के निर्देश पर सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं तथा शिविर के सुचारु संचालन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है।

विदित हो कि जन सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना है। *शिविर में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पशुपालन, श्रम, आपूर्ति, ग्रामीण विकास, पंचायत राज, विद्युत, पेयजल एवं स्वच्छता सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। प्रत्येक स्टॉल पर विभागीय अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहेंगे, जो लोगों की शिकायतों और आवेदनों का निस्तारण करेंगे तथा योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान करेंगे।

शिविर के दौरान राशन कार्ड, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, किसान सम्मान निधि, छात्रवृत्ति, श्रमिक पंजीकरण, स्वास्थ्य योजनाओं तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मामलों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए



जिलाधिकारी आनंद शर्मा।

आवश्यक दस्तावेजों की जांच एवं आवेदन स्वीकार करने की व्यवस्था भी की गई है।

वही मधुबनी जिले के 7 नगर निकायों के 15 वार्डो में भी जन सहयोग शिविर का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिलाधिकारी, आनंद शर्मा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र कुमार के द्वारा सभी आवश्यक तैयारियों को लेकर अपने संयुक्त आदेश के द्वारा निदेश दिए गए है। नगर निगम, मधुबनी के वार्ड संख्या-7,8,9,10 तथा 11 वार्ड, नगर परिषद, झंझारपुर के वार्ड संख्या-5,6,7 नगर पंचायत, बेनीपट्टी के वार्ड संख्या- 3 और वार्ड संख्या 4 में, नगर पंचायत, फुलपरास के वार्ड संख्या-2, नगर पंचायत, जयनगर के वार्ड संख्या-3,11 तथा नगर पंचायत, घोघरडीहा के वार्ड संख्या-3 और 8 में सहयोग शिविर आयोजित की जायेगी।जिलाधिकारी, आनंद शर्मा, वरीय पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी विभिन्न शिविरों में शामिल होकर आमजनों की शिकायतें को सुनेंगे।जन सहयोग शिविर के सफल आयोजन के लिए प्रचार-प्रसार पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, जीविका दीदियों एवं अन्य स्थानीय संस्थाओं के माध्यम से लोगों को शिविर की जानकारी दी जा रही है, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इसका लाभ उठा सकें।* *प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शिविर में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा उनकी समस्याओं का समाधान पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से किया जाए।

जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं स्थान पर आयोजित जन सहयोग शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं तथा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें। यह शिविर प्रशासन और जनता के बीच संवाद को मजबूत करने, सरकारी सेवाओं की पहुंच बढ़ाने तथा सुशासन की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे आमजन को राहत मिलेगी और सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंच सकेगा।

**07 जुलाई 2026 को मधुबनी जिले के 21 प्रखंडो के इन पंचायतों में लगेगा सहयोग शिविर:**

मधवापुर प्रखंड-बासुकी बिहारी
खुटौना प्रखंड-कारमेघ पश्चिम
खजौली प्रखंड-दतुआर
कलुआही प्रखंड - मलमल दक्षिण
बेनीपट्टी प्रखंड -मेघवन
राजनगर प्रखंड - सतघरा, भटसिमर पूर्वी
पंडौल प्रखंड -पंडौल मध्य,
बिस्फी प्रखंड - सिंघिया पूर्वी
लखनौर प्रखंड - लखनौर पश्चिमी
घोघरडीहा प्रखंड -ब्रह्मपुर उत्तरी
बासोपट्टी प्रखंड-छतौनी
बेनीपट्टी प्रखंड - समदा
पंडौल प्रखंड-मकरमपुर
बिस्फी प्रखंड-खैरी बांका उत्तरी
जयनगर प्रखंड -देवधा दक्षिणी
झंझारपुर प्रखंड - रैयाम पूर्वी
फुलपरास प्रखंड - महिन्दवार
बाबूबरही प्रखंड - सतघारा
मधवापुर प्रखंड - बलवा
लौकही प्रखंड -करिऔत
मधेपुर प्रखंड - सुंदर विराजित
रहिका प्रखंड - नाजिरपुर
लदनियां प्रखंड - कुमरखत पूर्वी
हरलाखी प्रखंड - विशौल
अंधराठाढ़ी प्रखंड - मैलाम

पंचायत में जन सहयोग शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# भाकपा-माले की प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता बैठक संपन्न

**जयनगर (एनएसबी)।** भाकपा-माले की प्रखंड स्तरीय कार्यकताओं की बैठक रविवार को प्रखंड सचिव कॉ. भूषण सिंह की अध्यक्षता में जयनगर बस्ती स्थित राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय परिसर में आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के मिथिलांचल प्रभारी कॉ. धीरेन्द्र झा एवं जिला सचिव कॉ. ध्रुव नारायण कर्ण मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रखंड के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने भाग लिया और संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान तथा आगामी जनसंघर्षों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की।




बैठक करते।

बैठक की शुरूआत एआईसीसीटीयू के बिहार राज्य महासचिव स्वर्गीय कॉ. आर.एन. ठाकुर के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए की गई। नेताओं एवं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि कॉ. ठाकुर का निधन मजदूर एवं वामपंथी आंदोलन के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपना पूरा जीवन मजदूरों, किसानों और मेहनतकश जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष में समर्पित किया। उनके अधूरे संघर्षों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। बैठक को संबोधित करते हुए मिथिलांचल प्रभारी कॉ. धीरेन्द्र झा ने कहा कि आज ग्रामीण मजदूरों, खेतिहर श्रमिकों, किसानों, छात्रों और युवाओं के सामने रोजगार, मजदूरी, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा जैसे बुनियादी सवाल गंभीर चुनौती बने हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और बिहार सरकार इन समस्याओं के समाधान के बजाय जनविरोधी नीतियों को लागू करने में लगी है। उन्होंने कार्यकताओं से गांव-गांव जाकर आम जनता को संगठित करने और जनसमस्याओं को लेकर व्यापक जनआंदोलन खड़ा करने का आह्वान किया। जिला सचिव कॉ. ध्रुव नारायण कर्ण ने मधुबनी जिले में चल रहे गरीब बसाओ आंदोलन एवं भूमि संघर्ष का उल्लेख करते हुए कहा कि भूमिहीन गरीबों को आवासीय एवं कृषि योग्य भूमि दिलाने की लड़ाई को और तेज किया जाएगा। उन्होंने खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा का व्यापक सदस्यता अभियान चलाने, घर-घर संपर्क स्थापित करने तथा गरीबों, मजदूरों, किसानों, छात्रों और नौजवानों को संगठन से जोड़ने पर बल दिया। बैठक में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान, स्थानीय जनसमस्याओं को लेकर आंदोलन की रणनीति तथा आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। अंत में प्रखंड सचिव कॉ. भूषण सिंह ने सभी कार्यकताओं से पार्टी की जनपक्षीय नीतियों एवं संघर्षों को गांव-गांव तक पहुंचाने, संगठन को मजबूत बनाने तथा जनता के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

बैठक को तस्लीम मुस्तफा, नरेश ठाकुर, नजाम, मुमताज, महेश्वर पासवान, अताकरिम अंसारी, मोहन पासवान, गुड्डा गुप्ता, फूलो देवी, शिवो देवी, प्यारी देवी, उमेद तथा जानकी देवी सहित कई कार्यकताओं ने भी संबोधित किया।

# भूमि माफियाओं के खिलाफ जिला प्रशासन सख्त

**भूमाफियाओं में मचा हड़कंप, चचाओं का बाजार गर्म**

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिले में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। मधुबनी अंचल के राजस्व अभिलेखों के आधार पर सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने के आरोप में 47 लोगों के विरुद्ध मधुबनी थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया है! प्राप्त जानकारी के अनुसार, मौजा जगत, मधुबनी थाना संख्या-33, खाता संख्या-312, खेसरा संख्या-89, रकबा 3.18 एकड़ स्थित सरकारी भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण एवं अतिक्रमण किए जाने की शिकायत मिली थी। मामले की जांच के बाद अंचलाधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर जिला प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई का निर्णय लिया। प्रशासन का कहना है कि सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी



विवादित भूमि।

तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मामले में प्रशासन ने कुल 47 नामजद लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया है। सूची में मधुबनी नगर, बेनीपट्टी तथा आसपास के क्षेत्रों के कई लोगों के नाम शामिल हैं।जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें तथा यदि कहीं अवैध कब्जे की जानकारी हो तो इसकी सूचना संबंधित अंचल कार्यालय या प्रशासन को दें, ताकि समय पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## संदिग्ध ब्राउन शुगर एवं एक चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार युवक

**लदनियां (एनएसबी)।** थाना पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान के दौरान दो युवकों को 2 ग्राम संदिग्ध ब्राउन शुगर एवं एक चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 4 जुलाई 26 की सुबह गुप्त सूचना मिली कि खाजेडीह से कटहा की ओर एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति चोरी की बाइक और ब्राउन शुगर लेकर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर प्रखंड विकास पदाधिकारी की मौजूदगी में पुलिस टीम का गठन कर कटहा गांव के पास वाहन जांच शुरू की गई। पुलिस को देखकर दोनों युवक मोटरसाइकिल मोड़कर भागने लगे, लेकिन पीछा कर उन्हें कटहा स्थित आम के बगीचे के पास पकड़ लिया गया। पूछताछ में उनकी पहचान हरेराम यादव (22 वर्ष) एवं डोमी यादव (20 वर्ष), दोनों निवासी कमलपुर, थाना औरही, जिला सिरहा (नेपाल) के रूप में हुई।तलाशी के दौरान डोमी यादव के पास से एक प्लास्टिक की पुड़िया में 2 ग्राम संदिग्ध ब्राउन शुगर बरामद हुई। वहीं उनके पास मौजूद अपाचे मोटरसाइकिल के संबंध में कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए जा सके। पुलिस ने मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया। इस संबंध में लदनियां थाना कांड संख्या 276/2026 दिनांक 04 जुलाई 2026 दर्ज की गई है। आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं तथा एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20/21 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## 12 बच्चों के बीच 1 लाख 20 हजार रुपये का चेक वितरण

**मधुबनी (एनएसबी)।** अयाची नगर युवा फाउंडेशन द्वारा स्कॉलरशिप एंड प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन लक्ष्मीश्वर एकेडमी, सरिसब-पाही प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आगत अतिथि सुबोध झा, अनिल झा, मधुकर झा, डॉ नीरजा मिश्र, तेजकर झा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।स्वागत भाषण मदन झा ने दिया। कार्यक्रम की रूपरेखा अयाची नगर युवा फाउंडेशन के संस्थापक विक्की मंडल द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में इस वर्ष के 10वीं विद्यालय टॉपर लक्ष्मी कुमारी को उशाकर झा मेमोरियल स्कॉलरशिप, प्रथम बॉयज टॉपर जस्सी मंडल को डॉ. हेतुकर झा मेमोरियल स्कॉलरशिप, द्वितीय बॉयज टॉपर हर्षिकेश कुमार को डॉ. योगाकर झा मेमोरियल स्कॉलरशिप, तृतीय बॉयज टॉपर अनंत कुमार झा को लेखनाथ मिश्र मेमोरियल स्कॉलरशिप, प्रथम गर्ल्स टॉपर लक्ष्मी कुमारी को डॉ. चेतकर झा



मेमोरियल स्कॉलरशिप, द्वितीय गर्ल्स टॉपर निधि कुमारी को डॉ. प्रभाकर झा मेमोरियल स्कॉलरशिप प्रदान की गई। 12वीं विज्ञान संकाय टॉपर दीपक कुमार को गौरीनाथ झा मेमोरियल स्कॉलरशिप, द्वितीय टॉपर सजल कुमार को प्रोफेसर श्री नागेश झा मेमोरियल स्कॉलरशिप, 12वीं कला संकाय टॉपर विवेक राय को विनोद झा रिटायर्ड IAS मेमोरियल स्कॉलरशिप, 12वीं वाणिज्य संकाय टॉपर बमबम गुप्ता को डॉ. योगानंद झा मेमोरियल स्कॉलरशिप, 12वीं वाणिज्य संकाय द्वितीय टॉपर राजू यादव को शंकर झा मेमोरियल स्कॉलरशिप तथा 12वीं कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय की ऑल ओवर बालिका टॉपर मनीशा कुमारी को प्रोफेसर अच्युतकर झा मेमोरियल स्कॉलरशिप के तहत सभी बच्चों को 10-10 हजार रुपये का चेक एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। 80% से या उससे अधिक लाने वाले को मेधावी छात्र सम्मान से सम्मानित किया गया ।

# सीपीआई (एम) की जयनगर लोकल कमिटी की बैठक

**जयनगर (एनएसबी)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) (सीपीआई) (एम) की जयनगर लोकल कमिटी की बैठक रविवार को कॉमरेड उपेन्द्र कुमार यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला सचिव कॉमरेड मनोज कुमार यादव, कॉमरेड रामजी यादव तथा कॉमरेड शशिभूषण प्रसाद पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी आंदोलन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक की शुरूआत पार्टी के नियमित कार्यों की समीक्षा से हुई। लोकल कमिटी के सचिव कुमार राणा प्रताप सिंह ने पिछले कार्यकाल का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। रिपोर्ट में संगठनात्मक गतिविधियों, जनसंपर्क अभियान तथा विभिन्न आंदोलनों का उल्लेख किया




बैठक करते ।

गया। उपस्थित सदस्यों ने चर्चा के बाद ध्वनिमत से रिपोर्ट को सर्वसम्मति से पारित कर दिया।बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव कॉमरेड मनोज कुमार यादव ने कहा कि वर्तमान बिहार सरकार की नीतियों से किसान, मजदूर, छात्र और नौजवान प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न मदों में 1,200 रुपये तक टैक्स वसूला जा रहा है, जिससे आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी, रोजगार, शिक्षा और मजदूरों से जुड़े मुद्दों पर सरकार गंभीर नहीं है, जिसके कारण आम जनता की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं।

उन्होंने कहा कि इन जनसमस्याओं को लेकर पार्टी व्यापक जनसंघर्ष चलाएगी। इसी क्रम में आगामी 27 जुलाई 2026 को जयनगर प्रखंड कार्यालय पर आन्दोलात्मक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से गांव-गांव जाकर लोगों को आंदोलन से जोड़ने तथा अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।बैठक में संगठन को बूथ एवं पंचायत स्तर तक मजबूत बनाने, सदस्यता अभियान तेज करने तथा किसानों, मजदूरों, छात्रों और युवाओं के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष करने पर भी सहमति बनी। नेताओं ने कहा कि जनता से जुड़े सवालों पर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रखा जाएगा।

बैठक में कॉमरेड चन्देश्वर प्रसाद, कॉमरेड पवन कुमार यादव, कॉमरेड सुकेन्द्र प्रसाद, कॉमरेड शंकर कुमार, कॉमरेड रविन्द्र बिहारी उर्फ मोहन, कॉमरेड अलीहसन, कॉमरेड मुकेश कुमार, कॉमरेड उर्मिला देवी, कॉमरेड मंजू देवी, कॉमरेड श्याम कुमार सहित लोकल कमिटी के कई अन्य कार्यकताओं ने भाग लिया और अपने विचार रखे। बैठक के अंत में आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

## मुजफ्फरपुर हत्याकांड का पुलिस ने किया 24 घंटे में खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

# भूमि विवाद में हुई प्रॉपर्टी डीलर की हत्या

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र के डेरा चौक के समीप स्थित मंदिर में शनिवार की सुबह पूजा करने गए पुस्तक व्यवसायी एवं प्रॉपर्टी डीलर श्याम कुमार कुशवाहा उर्फ श्याम सुंदर प्रसाद की गोली मारकर की गई हत्या का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

साथ हीं प्रारंभिक जांच और गिरफ्तार दोनों आरोपियों के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर यह स्पष्ट हुआ है कि आपसी रंजिश और पूर्व से चल रहे भूमि विवाद को लेकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। एसएसपी कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार घटना के बाद एसएसपी के निर्देश पर मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पूर्वी-01 अलय वत्स के नेतृत्व में गठित एक


सीसीटीवी में घटना को अंजाम देकर भागते अपराधियों कि सामने आई तस्वीर और मृतक प्रॉपर्टी डीलर की फोटो।

विशेष टीम ने एफएसएल की टीम द्वारा सौपी गई जांच रिपोर्ट तथा मृतक के पुत्र के फर्द बयान पर सिवाईपट्टी थाने में कांड संख्या 133/26 के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर गठित विशेष टीम ने मानवीय एवं तकनीकी इनपुट के आधार पर लगातार छापेमारी की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के 24 घंटे के भीतर सिवाईपट्टी निवासी नामजद अभियुक्त अविनाश कुमार और सनोज कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार पूछताछ और अनुसंधान के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, इस हत्या के पीछे का मुख्य कारण मृतक और अभियुक्तों के बीच लंबे समय से चल रहा भूमि विवाद तथा आपसी रंजिश है। पुलिस इस मामले में शामिल अन्य कड़ियों की गहनता से जांच कर रही है।

ज्ञात हो कि शनिवार की सुबह बाइक सवार तीन अपराधियों ने डेरा चौक के समीप स्थित मंदिर में पूजा करने पहुँचे पुस्तक व्यवसायी व प्रॉपर्टी डीलर श्याम कुमार कुशवाहा उर्फ श्याम सुंदर प्रसाद को बहुत नजदीक से गोलियों बरसा कर उनकी हत्या कर दी थी। घटना को लेकर इलाके में दहशत और ग्रामीणों में आक्रोश की स्थिति बनी हुई थी। घटना की जांच के दौरान पुलिस ने मंदिर के पास से तीन खोखा बरामद कर जब्त किया था। इस मामले में एसडीपीओ पूर्वी वन अलय वत्स ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया है कि यह पूरी वारदात पुराने जमीनी विवाद और आपसी रंजिश का नतीजा है।

दुश्मनी इस कदर बढ़ चुकी थी कि इससे पहले भी मृतक श्याम कुमार कुशवाहा पर दो बार जानलेवा हमला किया जा चुका था, लेकिन वे बाल-बाल बच गए थे। इस बार अपराधियों ने रेकी कर सुबह के वक्त मंदिर के पास उन्हें अपना निशाना बनाया। उन्होंने बताया कि इस सनसनीखेज हत्याकांड को लेकर सिवाईपट्टी थाने में कुल 7 नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को जेल भेज दिया है, जबकि घटना में शामिल और साजिश रचने वाले अन्य 5 फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बीआरए बिहार विवि के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय एएन सिन्हा समाज अध्ययन संस्थान की नियंत्रण परिषद के सदस्य मनोनीत

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय को पटना स्थित प्रतिष्ठित अनुग्रह नारायण सिन्हा समाज अध्ययन संस्थान की नियंत्रण परिषद का सदस्य मनोनीत किया है।

कुलपति प्रो राय का यह मनोनयन पदभार ग्रहण करने की तिथि से अगले दो वर्षों की अवधि के लिए प्रभावी होगा। इस महत्वपूर्ण अकादमिक दायित्व पर शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने कहा कि अनुग्रह नारायण सिन्हा समाज अध्ययन संस्थान सामाजिक और आर्थिक विमर्श का एक ऐतिहासिक केंद्र रहा है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में हमारा प्राथमिक उद्देश्य केवल पारंपरिक शोध तक सीमित रहना नहीं, बल्कि एक ऐसा सकारात्मक अकादमिक इकोसिस्टम विकसित करना है जो डेटा-संचालित नीति निर्माण को सशक्त कर सके। प्रो राय ने कहा कि इस परिषद के माध्यम से मेरा यह दृढ़ प्रयास रहेगा कि हम अंतः विषय अनुसंधान को बढ़ावा दें, ताकि बिहार के समावेशी विकास और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों के व्यावहारिक समाधान तलाशे जा सकें। कुलपति प्रो. राय के इस प्रतिष्ठित परिषद में शामिल होने पर बीआरएबीयू के वरिष्ठ प्राध्यापकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कुलपति के वैश्विक विजन, कुशल प्रशासनिक नेतृत्व और समृद्ध अकादमिक अनुभवों का लाभ निश्चित रूप से संस्थान के राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय उन्नयन में सहायक सिद्ध होगा।


बीआरए बिहार विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय।

## संक्षिप्त खबरें

### मुजफ्फरपुर में पल्स पोलियो अभियान की सख्त निगरानी, बिना दवा पिलाए मार्किंग करने पर होगी कार्रवाई

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिले में पल्स पोलियो अभियान को पूरी तरह सफल, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी व्यवस्था और कड़ी कर दी है। अब यदि किसी घर में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाए बिना दीवार या दरवाजे पर मार्किंग किए जाने की शिकायत सही पाई जाती है, तो संबंधित स्वास्थ्यकर्मी या पूरी टीम के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने अभियान की निगरानी के लिए विशेष ऑडिट एवं मॉनिटरिंग टीम का गठन किया है। नई व्यवस्था के तहत पोलियो की दवा पिलाने वाली टीम के किसी घर से निकलते ही मॉनिटरिंग टीम वहां पहुंचकर सत्यापन करेगी। टीम केवल दीवार या दरवाजे पर बने निशान की जांच नहीं करेगी, बल्कि परिवार के सदस्यों से सीधे पूछकर यह भी सुनिश्चित करेगी कि बच्चों को वास्तव में पोलियो की खुराक पिलाई गई है या नहीं। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि जांच के दौरान बिना दवा पिलाए मार्किंग किए जाने की पुष्टि होती है, तो संबंधित स्वास्थ्यकर्मी या टीम के विरुद्ध सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। विभाग का उद्देश्य अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही को रोकना और प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियो की दवा पहुंचाना है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एस के पांडेय ने बताया कि अभियान के पहले छह दिनों में जिले के पांच लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि नई निगरानी व्यवस्था लागू होने से कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित नहीं रहेगा। विशेष मॉनिटरिंग टीम प्रतिदिन घर-घर जाकर मार्किंग का सत्यापन कर रही है। परिजनों से फीडबैक लेने के बाद टीम अपनी रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को सौंप रही है। विभाग का कहना है कि अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले के प्रत्येक पात्र बच्चे तक जिंदगी की दो बूंद पहुंचाकर पोलियो मुक्त समाज के लक्ष्य को साकार करना है।

### मोतीपुर के भारत ऊर्जा एथेनॉल प्लांट में लगी आग, कर्मचारियों की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र के मुरारपुर स्थित भारत ऊर्जा डिस्टिलरीज (एथेनॉल प्लांट) में रविवार को अचानक आग लगने से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग लगने के दौरान प्लांट परिसर में लगातार सायरन बजता रहा, जिससे आसपास के लोगों में भी चिंता बढ़ गई। घटना की सूचना मिलते ही प्लांट के कर्मियों ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए प्लांट में स्थापित फिक्स्ड फायर फाइटिंग सिस्टम की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। कर्मचारियों की त्वरित कार्रवाई के कारण आग को फैलने से पहले ही पूरी तरह नियंत्रित कर लिया गया। अनुमंडल अग्निशमन कार्यालय, मोतीपुर के अनुसार रविवार को भारत ऊर्जा एथेनॉल प्लांट में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। हालांकि, अग्निशमन दल के पहुंचने से पहले ही प्लांट के कर्मियों ने फायर फाइटिंग सिस्टम के माध्यम से आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि या संपत्ति की क्षति नहीं हुई। समय रहते आग पर नियंत्रण पा लेने से एक संभावित बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। घटना के बाद प्लांट प्रबंधन ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा शुरू कर दी है।

## 13 साल से फरार कुख्यात अपराधी मजफूर चढ़ा एसटीएफ के हत्थे

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार पुलिस मुख्यालय की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और मुजफ्फरपुर जिला पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर 13 वर्षों से फरार चल रहे कुख्यात अपराधी मजफूर अहमद उर्फ आजम को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार था और उसके खिलाफ लूट, डकैती एवं आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वांछित अपराधी अहियापुर थाना क्षेत्र में छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर एसटीएफ और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मनियारी थाना क्षेत्र के चकभिखी सिवनपट्टी निवासी मजफूर अहमद उर्फ आजम के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी कांटी थाना में दर्ज एक लूटकांड में पिछले 13 वर्षों से फरार चल रहा था। इस दौरान उसकी गिरफ्तारी के लिए कई बार प्रयास किए गए, लेकिन वह लगातार अपना ठिकाना बदलकर पुलिस से बचता रहा। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक मजफूर अहमद के खिलाफ मुजफ्फरपुर और दरभंगा जिले के विभिन्न थानों में लूट, डकैती और आर्म्स एक्ट समेत कुल छह गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसका आपराधिक इतिहास काफी पुराना बताया जा रहा है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। अधिकारियों को उम्मीद है कि पूछताछ के दौरान उसके गिरोह, अन्य फरार अपराधियों और पुराने आपराधिक मामलों से जुड़े अहम सुराग मिल सकते हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी के नेटवर्क की भी जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## पर्यटन मंत्री ने प्रस्तावित बाबा गरीबनाथ कॉरिडोर की प्रगति एवं विस्तारीकरण कार्य की समीक्षा की

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** राज्य के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने स्थानीय सर्किट हाउस में जिलाधिकारी कुमार गौरव, पर्यटन विभाग के पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पदाधिकारी के साथ प्रस्तावित बाबा गरीबनाथ धाम कॉरिडोर की प्रगति एवं मंदिर के बिस्तारिकरण कार्य की विस्तृत समीक्षा की।

इस दौरान पर्यटन मंत्री ने फकुली स्थित बाबा गरीबनाथ धाम में भव्य स्वागत द्वार के निर्माण, साहू पोखर मंदिर के सौंदर्यीकरण के समग्र विकास तथा तुर्की गाछी मेला स्थल पर कांवरियों के ठहराव, सुरक्षा, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तार से विचार-विमर्श किया एवं कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया। मंत्री श्री गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि बिहार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का योजनाबद्ध तरिके से समग्र विकास किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं और कांवरियों को विश्वस्तरीय सुविधाएँ उपलब्ध हों तथा धार्मिक पर्यटन को नई गति और नई पहचान मिल सके।

उन्होंने कहा कि आस्था, विकास और पर्यटन, इन्हीं तीनों के समन्वय से बाबा गरीबनाथ धाम को एक भव्य एवं दिव्य धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में हम निरंतर प्रयासरत हैं।


सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते पर्यटन मंत्री केदार प्र गुप्ता।

## श्रावणी मेला के दौरान लगने वाले सभी काँवरिया सेवा शिविर में आयोजक स्वयं करेंगे दो तीन अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** बाबा गरीबनाथ धाम कॉंवरिया सेवा शिविर संघ मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में रविवार को सभी शिविर आयोजको की बैठक संगठन कार्यालय बादल मार्केट में विकास गुप्ता आदित्य की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वप्रथम सावन महीने में लगने वाले कॉंवरिया सेवा शिविर के संदर्भ में चर्चा हुई।

वही श्रावणी मेला के दौरान सावन महीने में लगने वाले इन शिविरों में बिजली, पानी, शौचालय, साफ सफाई, जाम की समस्या, भीड़ नियंत्रण तथा मजबूत बैरिकेडिंग करने के साथ हीं एंबुलेंस की व्यवस्था के संदर्भ में चर्चा की गई। इस दौरान सेवा शिविर के सभी आयोजकों को अपने-अपने शिविर में आग से बचाव के लिए कम से कम दो या तीन अग्निशामक यंत्र की व्यवस्था खुद से करने को कहा गया। वही संघ के विकास कुमार गुप्ता आदित्य ने सेवा शिविर के संदर्भ में विधायक, मंत्री, जिलाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन व नगर आयुक्त से मिलकर हर संभव मदद करने के संदर्भ में विचार-विमर्श करने का आश्वासन दिया। बैठक में त्रिदेव बोल बम सेवा समिति से रिशु राजपूत, बालाजी परिवार से अमरेंद्र कुमार अमर, विकास श्रीवास्तव, सुनील कुमार ठाकुर, ॐ सेवा दल से पारसनाथ प्रसाद, मिंटू कुमार, सूरज कुमार, मॉ बगलामुखी सेवा समिति से नंदकिशोर सिंह, प्रिंस कुमार, हरिसभा चौक कावरिया सेवा समिति से बिरजू कुमार, राजकुमार, भोलू कुमार, गोलू कुमार, मां गंगा सेवादल से प्रिंस कुमार, आशीष कुमार, मां गायत्री सेवादल से धर्मदेव कुमार, अनमोल सेवा संघ से पवन कुमार गुप्ता, सीताराम सेवा समिति से राघवेंद्र कुमार, भारतीय सेवा दल से विक्रम सर्राफ, हिंदुस्तान सेवा मंच से रोहित कुमार, धीरज कुमार एवं राहुल कुमार, सनातन सेवा दल से उमंग कुमार, पुरानी गुदरी कॉंवरिया सेवा संघ से शिव कुमार एवं गौरव कुमार, संकल्प सेवा समिति से प्रभात कुमार ठाकुर व परीक्षित कुमार, डाक कांवरिया सेवा समिति से पंकज कुमार व जितेंद्र कुमार सर्राफ, बिहारी यूवा मंच से दिलीप कुमार, पंच महाभूत शिव सेवक संगठन से संजीव कुमार, श्री काशी विश्वनाथ सेवा शिविर से राजन कुमार व राजू गुप्ता, भारत सेवा शिविर से राजीव रंजन, कल्पना महावीर मंदिर पूजा समिति से बादल कुमार एवं सम्राट कुमार सहित संघ से जुड़े सभी सेवा शिविर के सदस्य शामिल थे। बैठक की सफलता के लिए संघ के उप संयोजक सज्जन कुमार अग्रवाल ने संघ से जुड़े सभी सेवा शिविर आयोजक सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।


बैठक के पश्चात सेवा शिविर के आयोजन के लिए एकजुटता दर्शाते सेवा शिविर के आयोजकगण।

## टीबी मुक्त भारत अभियान को गति देने के लिए डीएम ने की समीक्षा

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** टीबी मुक्त भारत अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने तथा जिले में क्षय रोग उन्मूलन की दिशा में निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी कुमार गौरव ने जिला स्वास्थ्य समिति के अधिकारियों, सिविल सर्जन, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी तथा संबंधित पदाधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की।

बैठक में अभियान के विभिन्न प्रमुख इंडिकेटरों की प्रखंडवार उपलब्धियों की समीक्षा की गई तथा बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों की सराहना करते हुए अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन वाले प्रखंडों को विशेष कार्य योजना बनाकर अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक मे अवगत कराया गया कि जिले को टीबी मुक्त बनाने के संकल्प को साकार करने में प्रत्येक स्वास्थ्यकर्मी, आशा कार्यकर्ता, जीविका समूह, पंचायत प्रतिनिधि एवं जन प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके लिए टीबी की समय पर पहचान, जांच, उपचार, संपर्क अनुरेखण, टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट (टीपीटी), निक्षय मित्र एवं पोषण सहायता जैसी सभी गतिविधियों को मिशन मोड में संचालित करने की जरूरत है। बैठक में स्क्रीनिंग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में कुल 13,680 लोगों की स्क्रीनिंग की गई है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि घर-घर जाकर संभावित मरीजों की पहचान की जाए तथा अधिक से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाए। ताकि प्रारंभिक अवस्था में ही टीबी रोगियों की पहचान हो सके।

**सभी प्रखंडों को लक्ष्य आधारित कार्य करने का निर्देश**

इसके बाद एक्स-रे इंडिकेटर की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन संदिग्ध मरीजों में टीबी की संभावना हो, उनका समय पर एक्स-रे कराया जाए तथा जांच प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। नाट टेस्ट की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि टीबी की पुष्टि के लिए आधुनिक जांच सुविधाओं का अधिकतम उपयोग किया जाए तथा प्रत्येक संदिग्ध मरीज की समय पर जांच सुनिश्चित की जाए, जिससे शीघ्र उपचार प्रारंभ किया जा सके।

बैठक में डिफरेंशिएटेड टीबी केयर की भी समीक्षा की गई। इस इंडिकेटर के अंतर्गत जिले में कुल 135 मरीजों को आवश्यक विशेष देखभाल एवं सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गंभीर एवं उच्च जोखिम वाले मरीजों की नियमित निगरानी की जाए तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण उपचार एवं परामर्श उपलब्ध कराया जाए। टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि टीबी मरीजों के निकट संपर्क में आने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें समय पर टीपीटी उपलब्ध कराया जाए, ताकि भविष्य में संक्रमण की संभावना को कम किया जा सके। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंडों के पदाधिकारियों को अधिक से अधिक सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों, उद्योगों, जनप्रतिनिधियों एवं सक्षम नागरिकों को निक्षय मित्र के रूप में जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया, जिससे टीबी मरीजों को पोषण एवं अन्य आवश्यक सहयोग समय पर उपलब्ध हो सके। फूड बास्केट की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि टीबी मरीजों के उपचार में पौष्टिक आहार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए अधिक से अधिक मरीजों को पोषण सहायता उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विभाग एवं निक्षय मित्र समन्वय स्थापित कर कार्य करें।

बैठक में सभी इंडिकेटरों के आधार पर प्रखंडवार रैंकिंग की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों की सराहना करते हुए कहा कि अन्य प्रखंड भी उनसे सीख लेकर अपने प्रदर्शन में सुधार करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि कमजोर प्रदर्शन वाले प्रखंडों के लिए अलग से माइक्रो प्लान तैयार किया जाए तथा प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि टीबी के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पंचायत स्तर पर विशेष जागरूकता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, स्कूलों एवं सामुदायिक संस्थानों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्देश दिया।


टीबी रोग उन्मूलन में लक्ष्य प्राप्ति को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियो के साथ समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी कुमार गौरव ।

## गरीब शोषित व वंचितों के अधिकार दिवस के रूप में मनाया गया राजद का स्थापना दिवस

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का 30वाँ स्थापना दिवस रविवार को मुजफ्फरपुर के बीबीगंज स्थित एक निजी सभागार में पूरे उत्साह, जोश और संगठनात्मक एकजुटता के साथ "गरीब, शोषित, वंचित, किसान, मजदूर, छात्र, युवा एवं महिलाओं के अधिकार और सम्मान दिवस" के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में जिले भर से आए बड़ी संख्या में कार्यकताओं, नेताओं और समर्थकों की उपस्थिति ने यह संदेश दिया कि राजद आज भी सामाजिक न्याय, समान अवसर और गरीबों के अधिकारों की लड़ाई को अपनी प्राथमिकता मानता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रमेश गुप्ता ने की। जबकि शुभारंभ महिला राजद जिलाध्यक्ष हरपिंदर कौर सैनी द्वारा पार्टी का ध्वजारोहण कर किया गया।

कार्यक्रम में आए सभी कार्यकताओं एवं अतिथियों के लिए पेयजल और भोजन की समुचित व्यवस्था की गई थी। आयोजन के दौरान विशाल एलईडी स्क्रीन के माध्यम से जूम ऐप पर राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का सीधा संबोधन प्रसारित किया गया। अपने संबोधन में तेजस्वी यादव ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल ने पिछले 30 वर्षों में सत्ता और विपक्ष—दोनों भूमिकाओं में जनता की आवाज को मजबूती से उठाया है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि पार्टी की नीतियों, उपलब्धियों और सामाजिक न्याय के संदेश को बूथ स्तर तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा कि संगठन की असली ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता होता है और राजद का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार इन गंभीर मुद्दों पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे गांव-गांव और घर-घर जाकर जनता को इन मुद्दों से अवगत कराएं तथा लोकतांत्रिक तरीके से जनता की आवाज को बुलंद करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में भी राजद सामाजिक न्याय, विकास और जनहित के एजेंडे पर मजबूती से आगे बढ़ता रहेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी मुकेश रौशन ने कहा कि राजद केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की एक मजबूत विचारधारा है। उन्होंने संगठन के सभी प्रकोष्ठों, जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों तथा हजारों कार्यकताओं को स्थापना दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया और संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पारू विधायक शंकर यादव, पूर्व मंत्री इसराइल मंसूरी, पूर्व विधायक अमर पासवान, लालबाबू राम, केदारनाथ प्रसाद, नंदकुमार राय, जिला प्रधान महासचिव सुधीर यादव, तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी गोपी किशन, पूर्व प्रत्याशी बबलू कुशवाहा, पृथ्वीनाथ राय, महिला राजद जिलाध्यक्ष हरपिंदर कौर, महानगर अध्यक्ष राईन शाहिद मुन्ना, संजय ठाकुर, मो. सज्जाद, डॉ. विनोद यादव, जयशंकर यादव, मो. शब्बीर, मो. परवेज, रामबाबू यादव, वीणा यादव, जितेन्द्र किशोर, अमरेन्द्र कुमार, अभिमन्यु कुमार, लखींद्र राय, प्रशांत गुप्ता, अरविंद सहनी, भोला ठाकुर, बाली सहनी, विकास सहनी, विक्रांत यादव, विकास यादव सहित जिले के सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, जिला कमिटी के सदस्य एवं हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


तेजस्वी यादव के संबोधन का वीडियो प्रसारण सुनते पार्टी के नेतागण।

# राष्ट्रीय जनता दल ने मनाया 30वां स्थापना दिवस

## बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का लिया संकल्प, तेजस्वी ने जनता के बीच सक्रिय रहने का किया आह्वान

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) जिला इकाई की ओर से रविवार को शिप्रा गार्डन में पार्टी का 30वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सुनील कुमार कुशवाहा ने की, जबकि संचालन जिला प्रधान महासचिव मो. जलालुद्दीन खान ने किया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, प्रकोष्ठ अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों, वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

दोपहर एक बजे आयोजित जूम बैठक में नेता प्रतिपक्ष एवं राजद के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने संगठन को मजबूत करने, आपसी समन्वय बनाए रखने तथा आगामी चुनाव को देखते हुए जनता के बीच सक्रिय रहने का आह्वान किया। बूथ स्तर तक संगठन विस्तार पर विशेष जोर दिया।

पूर्व सांसद डॉ. अर्जुन राय ने कहा कि समाजवादी विचारधारा की सभी पार्टियों को एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ संघर्ष करना चाहिए। वहीं जिला प्रभारी सरवन कुशवाहा ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए जमीनी कार्यकताओं को सम्मान देना जरूरी है। उन्होंने पंचायत, प्रखंड व बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने पर बल दिया।



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते पूर्व सांसद, पूर्व विधायक व अन्य।

जिलाध्यक्ष सुनील कुमार कुशवाहा ने कहा कि डॉ. राममनोहर लोहिया, जननायक कपूरी ठाकुर और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के समाजवादी विचारों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है।

कार्यक्रम के अंत में सुरसंड के पूर्व विधायक स्वर्गीय नागेंद्र प्रसाद यादव, सैदपुर के पूर्व विधायक स्वर्गीय भोला राय के परिजन तथा स्कॉलर हब, चकमहिला के संस्थापक स्वर्गीय मणि भूषण उर्फ पिंटू के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की गई।

मौके पर पूर्व विधायक संजय गुप्ता, चंदन यादव, स्मिता पूर्वे, मनोज गुप्ता, बृजमोहन मंडल, इंद्राणी देवी, देवेंद्र यादव, रामनाथ यादव, ललन भगत, गुलाम मुस्तफा, इफ्तिखार आलम, विनय पासवान, सुरेंद्र यादव, राजीव पासवान, इश्तियाक अंसारी, शौकत अली, रामकृष्ण महतो, प्रेमचंद कुमार, धर्मेंद्र यादव, गोपाल यादव, मुन्ना यादव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बरियारपुर थाना पर बिजली चोरी के मामलों में एफआईआर में लापरवाही का आरोप

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले बिजली चोरी के मामलों में बरियारपुर थाना पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठे हैं। आरोप है कि बिजली तार और ट्रांसफॉर्मर चोरी जैसे मामलों में आवेदन मिलने के बावजूद पुलिस समय पर एफआईआर दर्ज नहीं कर रही है, जिससे विभाग को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार 6 अगस्त 2025 को बिजली तार चोरी के एक मामले में बरियारपुर के कनीय विद्युत अभियंता (जेई) द्वारा थाना में आवेदन दिया गया था, लेकिन लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद भी इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसे लेकर विभाग ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है। मामले की शिकायत बरियारपुर के जेई ने पूर्वी विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से की। इसके बाद कार्यपालक अभियंता ने ग्रामीण पुलिस अधीक्षक (एसपी) को पत्र भेजकर पूरे मामले में तत्काल हस्तक्षेप और कार्रवाई की मांग की है। साथ ही इस संबंध में जिला पदाधिकारी (डीएम), डीआईजी तथा पटना स्थित बिजली कंपनी के मुख्यालय को भी पत्र भेजा गया है। ग्रामीण एसपी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि पुलिस की सुस्ती के कारण बिजली चोरी के मामलों पर प्रभावी अंकुश लगाने में कठिनाई हो रही है। इससे विभाग को लगातार राजस्व की क्षति उठानी पड़ रही है। पत्र में यह भी मांग की गई है कि एफआईआर दर्ज करने में हुई देरी की जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो और सरकारी राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। अब इस मामले में पुलिस प्रशासन की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं। यदि विभाग के आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी हो सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### मूढ़ के अपमानित करने से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान नहीं होता : डा. आनन्द किशोर

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** अखिल भारत सर्वोदय मंडल कैम्प- सीतामढी के राष्ट्रीय महामंत्री डा.आनन्द किशोर ने बयान जारी कर कहा है कि पश्चिम बंगाल के वर्धमान जिले के कटवा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के सिर पर किसी ने काला कपड़ा बांध देने का समाचार मिला है। वहां के मुख्यमंत्री चुप हैं। उनसे बोलने और इसके विरुद्ध कार्रवाई करने की अपेक्षा करना मूर्खता हीं होगी। उन्हें तो इस घटना से शायद प्रसन्नता हीं हुई होगी। उनका बस चले तो वे गांधी के हत्यारे की मूर्ति लगवा दें। देश गांधी का ऋणी है। किसी मूढ़ के अपमानित करने से गांधी का अपमान नहीं होता और न ही किसी के छोटा करने से इस महामानव का कद छोटा होता है। वे युगपुरुष थे और रहेंगे। सर्व सेवा संघ इस तरह की ओछी हरकतों की कड़े शब्दों में निंदा करता है और ऐसे लोगों के सद्बुद्धि की कामना करता है।

### अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार, बाइक बरामद

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के परसौनी थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक देसी पिस्टल एवं एक मोटर साइकिल बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार 4 जुलाई 2026 को परसौनी थाना क्षेत्र के परसा पुल के समीप चलाए जा रहे वाहन जांच अभियान के दौरान संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में उसके पास से एक देसी पिस्टल बरामद होने पर उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजन कुमार (22 वर्ष), ग्राम- परशुरामपुर, वार्ड संख्या-12, थाना - परसौनी, जिला - सीतामढ़ी के रूप में हुई है। इस संबंध में परसौनी थाना कांड संख्या 142/26 दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अग्रिम विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### सरकार तक किसानों की समस्याओ से जुड़े मुद्दे पहुंचाने और किसानों को खेती में लाभ दिलाने के मामले को लेकर नगर विधायक को सौपा गया ज्ञापन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** किसानों की बढ़ती समस्याओं और खेती की बदहाल स्थिति को लेकर ब्रह्मर्षि विकास संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने संगठन के अध्यक्ष नर्मदेश्वर प्रसाद सिंह के नेतृत्व में स्थानीय विधायक रंजन कुमार से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने किसानों की प्रमुख समस्याओं से विधायक को अवगत कराते


नगर विधायक को ज्ञापन सौपते ब्रमहर्षि विकास संगठन के लोग।

हुए शीघ्र समाधान की मांग की। संगठन के महासचिव सुनील कुमार ने बताया कि फसल की लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। कई बार लागत तक नहीं निकलने के कारण किसान खेती छोड़कर रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों और शहरों की ओर पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। इससे गांवों में केवल बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे रह जाते हैं, जिससे सामाजिक और आर्थिक समस्याएं बढ़ रही हैं। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को बताया कि किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज, खाद और सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पाता। कई बार खाद और बीज सरकारी दर से अधिक कीमत पर खरीदने पड़ते हैं तथा कालाबाजारी की शिकायतें भी सामने आती हैं। वहीं बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण सिंचाई की लागत बढ़ जाती है, जिससे खेती करना लगातार घाटे का सौदा बनता जा रहा है। विधायक रंजन कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं से वे भली-भांति अवगत हैं। उन्होंने बताया कि इन मुद्दों को पहले ही कृषि मंत्री के समक्ष उठाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अब वे ब्रह्मर्षि विकास संगठन के प्रतिनिधि मंडल के साथ सरकार के समक्ष किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से रखेंगे, ताकि उनके समाधान की दिशा में ठोस पहल हो सके। विधायक से मिलने गए प्रतिनिधि मंडल में संगठन के अध्यक्ष नर्मदेश्वर प्रसाद सिंह, महासचिव सुनील कुमार, रत्नेश कुमार उर्फ बबलू मिश्र, राजेश्वर तिवारी, मुकेश ठाकुर, राजीव कुमार, सुनील कुमार उर्फ चुन्नू, अजय कुमार चौधरी, आमोद ठाकुर, संतोष चौधरी, रामप्रवेश सिंह, बबलू कुमार आदि शामिल थे।

### स्वामी विवेकानंद की 124वीं पुण्यतिथि पर नवयुवक समिति सभागार में श्रद्धांजलि सभा, लोगों ने किया नमन

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी**]। विश्व हिंदू परिषद, श्री नवयुवक समिति ट्रस्ट एवं नागरिक मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान मे देश के महान राष्ट्रभक्त सन्यासी तथा देश विदेश मे हिदू धर्म का पताका लहराने वाले स्वामी विवेकानंद की 124वीं पुण्य तिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही विश्व हिंदू परिषद महानगर की संगठनात्मक बैठक भी की गई। जिसमे संगठन के विस्तार पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ। मौके पर समिति एवं विहिप महानगर अध्यक्ष डॉ रमेश कुमार केजरीवाल सहित सभी सदस्यो ने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर फूलमाला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा का संचालन मोहन प्रसाद सिंहा ने किया। वही बैठक की अध्यक्षता करते हुए डा.रमेश कुमार केजरीवाल ने कहा कि वर्तमान समय मे राष्ट्र के लिए युवा वर्ग को अपना आदर्श मानकर राष्ट्र सेवा मे लगना पड़ेगा। महानगर के प्रत्येक वार्ड मुहल्ले के हिंदू घर को विश्व हिंदू परिषद से जोड़ा जायेगा। समिति के उपाध्यक्ष रणवीर अभिमन्यू ने इस विषय पर विशेष चर्चा की। मौके पर डा जगदीश शर्मा, डा वैष्णव, एच.एल गुप्ता वयोश्रेष्ठ, विजय कुमार अधिवक्ता, राजेश कुमार, मनोज कुमार पटेल, राजेश चौधरी, कुणाल सिंह, राजीव रंजन, प्रशांत, अजय कुमार, डा प्रदीप कुमार अग्रवाल, परमेश्वरी देवी, आशा सिंहा, दीनबंधु आजाद, नंदलाल पोद्दार, अशोक भारती सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सीतामढ़ी की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को किया जाएगा संरक्षित

# पुरातात्त्विक विरासत को मिलेगी नई पहचान

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मिथिला की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करने की दिशा में सीतामढ़ी में एक महत्वपूर्ण पहल हुई है। सीतामही शोध संस्थान के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष राम शरण अग्रवाल के नेतृत्व में जिला पदाधिकारी श्री रिची पाण्डेय से मुलाकात कर जिले के 50 से अधिक पुरातात्त्विक स्थलों से संबंधित विस्तृत सचित्र प्रतिवेदन सौंपा। जिला पदाधिकारी ने प्रतिवेदन के प्रत्येक बिंदु पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया और तत्काल आवश्यक पहल करने का भरोसा दिया।

प्रतिवेदन के अनुसार, सीतामढ़ी में 50 से अधिक पुरातात्त्विक स्थलों की खोज का श्रेय प्रसिद्ध पुरातत्त्वविद् डॉ. (स्व.) अशोक कुमार सिन्हा को जाता है। इसके बावजूद जिले की यह बहुमूल्य विरासत लंबे समय से उपेक्षा का शिकार रही है। मानिक चौक से प्राप्त अद्वितीय कलात्मक सूर्य प्रतिमा वर्तमान में रामचन्द्र शाही संग्रहालय, मुजफ्फरपुर में तथा काली की अनुपम प्रतिमा वैशाली संग्रहालय में सुरक्षित है। वहीं रीगा प्रखंड के मेहसिया गांव में स्थित भगवान विष्णु की प्राचीन प्रतिमा संरक्षण के अभाव में अपनी आभा खोती जा रही है।



डीएम रिची पाण्डेय को प्रतिवेदन सौंपते सीतामही शोध संस्थान के प्रतिनिधि।

**सीतामही शोध संस्थान ने 50 से अधिक पुरातात्त्विक स्थलों का सचित्र प्रतिवेदन सौंपा, जिला प्रोफाइल में शामिल कराने की भी पहल**

जिला पदाधिकारी श्री रिची पाण्डेय ने प्रतिवेदन में उल्लिखित सभी महत्वपूर्ण तथ्यों को सीतामढ़ी की आधिकारिक जिला प्रोफाइल में शामिल कराने के लिए बिहार सरकार को अनुशंसा भेजने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही उन्होंने सीतामढ़ी में एक पुरावशेष संग्रहालय की स्थापना के लिए भी राज्य सरकार को पत्र प्रेषित किया है, ताकि जिले की ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण और प्रदर्शन स्थानीय स्तर पर हो सके।

राम शरण अग्रवाल ने कहा कि डीएम रिची पाण्डेय जिस प्रतिबद्धता के साथ सीतामढ़ी की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का कार्य कर रहे हैं, वह 1950 के दशक में वैशाली की सभ्यता और सांस्कृतिक धरोहर को राष्ट्रीय पहचान दिलाने वाले तत्कालीन प्रशासक स्वर्गीय जगदीश चन्द्र माथुर के प्रयासों की याद दिलाता है। उन्होंने जिला पदाधिकारी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय विरासत के संरक्षण में आस्था और अध्ययन दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। सीतामढ़ी की धरती पर पुरातत्त्व, पौराणिक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत संगम विद्यमान है, जिसे संरक्षित और वैश्विक पहचान दिलाने की आवश्यकता है। प्रतिनिधिमंडल में गोयनका महाविद्यालय की प्रो. डॉ. बबीता कुमारी, चिन्मय इंटरनेशनल विद्यालय की शिक्षाविद् नम्रता ठाकुर, धरोहर सेनानी प्रमोद नील तथा फोटोग्राफर राजू कुमार भी शामिल थे।

## प्रोफेसर बहाली की नई नियमावली के विरोध में पीएचडी धारकों की बैठक में आंदोलन की चेतावनी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नगर स्थित गोयनका कॉलेज के मैदान में नेट जेआरएफ पीएचडी धारकों की एक बैठक आयोजित हुई जिसमें सहायक प्रोफेसर बहाली की नई नियमावली के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। बैठक में नई निवाली 2026 को काला ड्राफ्ट बताते हुए डॉ राजीव कुमार काजू ने कहा कि यूजीसी के मानकों को दरकिनार कर अचानक नई नियमावली लागू करना हजारों पीएचडी धारकों और शोधार्थियों के भविष्य पर कुठाराघात है।

बिहार सरकार द्वारा सहायक प्रोफेसर के लिए लाई गई नई नियमावली पूरी तरह युवा विरोधी शिक्षा विरोधी और अन्याय पूर्ण है बरसों से बहाली का इंतजार कर रहे हजारों अभ्यर्थियों को राहत देने की बजाय सरकार ने आयु सीमा में कटौती कर उनकी उम्मीदों को गला घोटने का काम किया है जिसे छात्र युवा बर्दाश्त नहीं करेगा। डॉ अमरनाथ सिंह डॉ धीरज मिश्रा डॉ राजीव रंजन ने कहा की भर्ती प्रक्रिया में एकेडमिक परफॉर्मेंस इंडिकेटर का निर्धारण संतुलित नहीं है। इस निवाली में यूजीसी की वर्ष 2018 की मूल नियमावली को लागू किया जाना चाहिए था ताकि चयन प्रक्रिया पारदर्शी और राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो सके। नेट जेआरएफ और पीएचडी धारकों को उम्र सीमा में पूर्व की भांति 55 वर्ष करने सहित ड्राफ्ट में व्यापक बदलाव की मांग बैठक के माध्यम से किया किया। बैठक में शोधार्थियों ने कहा कि युवाओं के आवाज को नहीं दवाया जा सकता। बिहार के प्रतिभाशाली युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत में स्वीकार नहीं है। इस काले ड्राफ्ट नये नियमावली 2026 में उम्र सीमा सहित अन्य बदलाव नहीं किया गया तो हम व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## शराब की बड़ी खेप के साथ कारोबारी गिरफ्तार, देशी कट्टा व कारतूस जब्त

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सीतामढ़ी की एसटीएफ टीम व बैरगनिया पुलिस की संयुक्त छापेमारी में बागमती नदी के रास्ते बहाकर नेपाल से लाई जा रही शराब की बड़ी खेप के साथ एक कारोबारी को एक देशी कट्टा एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गुप्त सूचना के आलोक में यहां पहुँची एसटीएफ की टीम थाना के पीएसआई विभाकर कुमार,एएसआई शशि कुमार शिरीष के साथ रविवार को थाना क्षेत्र के अख्ता पश्चिमी (चकवा) पंचायत के तकिया टोला के समीपवर्ती बागमती नदी के तट पर पहुँचकर नेपाल के रौतहट जिले से नदी के रास्ते पानी मे बहाकर लाई जा रही शराब की बड़ी खेप को पकड़ने के साथ ही एक कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया जिसकी पहचान थाना क्षेत्र के जमुआ वार्ड-13 निवासी सुरेंद्र राम के पुत्र राजू राम के रूप में की गई है।

पकड़ाए कारोबारी के पास से एक देशी कट्टा,एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है एवं शराब की गिनती में 972 बोतल अंतर्गत 324 लीटर शराब को जप्त किया गया है।सूत्रों ने बताया कि अन्य कारोबारी फरार हो गए है,इस संदर्भ में कांड दर्ज कर ली गयी है।पकड़े गए कारोबारी को सोमवार को सीतामढ़ी न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा।



शराब की बड़ी खेप की बरामदगी एवं गिरफ्तारी की जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

## प्राथमिक शिक्षक संघ कार्यकारिणी बैठक में लंबित भुगतान को लेकर हुई चर्चा

# विभाग के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले में शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं के निराकरण एवं सांगठनिक सुदृढ़ीकरण के लिए जिला प्राथमिक शिक्षक संघ मुजफ्फरपुर इकाई के कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को संघ के जिलाध्यक्ष अभय कुमार निर्भय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मुजफ्फरपुर जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान सचिव पवन कुमार प्रतापी ने इस दौरान शिक्षकों की समस्याओं तथा उनकी लंबित मांगों की चर्चा करते हुए कहा कि विभाग जिले के शिक्षकों को नगर पंचायत एवं नगर परिषद क्षेत्र के कार्यरत शिक्षकों को परिवर्द्धित आवास भत्ता भुगतान, सक्षमता परीक्षा तृतीय एवं चतुर्थ उत्तीर्ण विशिष्ट शिक्षकों का वेतन संरक्षण के साथ वेतन निर्धारण, जिले के शिक्षकों के लंबित बकाया वेतन का भुगतान लंबित है। उदाहरण स्वरूप मोतीपुर प्रखण्ड में कार्यरत कैंसर पीड़ित शिक्षिका कमरस्सुर खानम का चिकित्सा अवकाश लम्बे समय से लंबित है। प्राथमिक विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों के पूर्व की सेवा का बकाया वेतन भुगतान, नियोजित एवं विशिष्ट शिक्षकों को कालबद्ध प्रोन्नति के फलस्वरूप स्नातक कोटि में प्राप्त मूल वेतन पर फिक्सेशन एवं भुगतान लंबित है। संघ के प्रधान सचिव पवन प्रतापी ने कहा कि यदि विभाग उपर्युक्त लंबित मांगों और शिक्षकों से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जल्द से जल्द सकारात्मक कदम नहीं उठाया तो जिला प्राथमिक शिक्षक संघ आंदोलन के लिए वाध्य होगा। वही संघ के जिलाध्यक्ष

अभय कुमार निर्भय ने कहा कि जिला संघ की मजबूती के लिए जिले के सभी प्रखण्डों में शिक्षक संघ का विस्तार किया जाएगा। बैठक में जिला संघ के संरक्षक रघुवंश प्रसाद सिंह, रामेश्वर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण नंदन झा, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार सुमन, रामनरेश ठाकुर एवं हेमन्त कुमार, उप प्रधान सचिव अखिलेश कुमार पाठक, सचिव खुर्शीद आलम व अजय कुमार मिश्रा, कार्यालय सचिव भुवनेश्वर मिश्र, अंकेक्षक चन्द्र मोहन सिंह, मीडिया प्रभारी इन्द्र भूषण सहित संघ के अन्य सदस्य उपस्थित थे।



संघ की जिला कार्यकारिणी बैठक में शामिल संघ के पदाधिकारी गण।

## औराई में टीबी मरीजों के बीच फूड बास्केट का बीडीओ ने किया वितरण

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** औराई प्रखंड में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत रविवार को औराई प्रखंड परिसर में टीबी मरीजों के बीच पोषण किट (फूड बास्केट) का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी रजनीश शंकर झा ने मरीजों को फूड बास्केट प्रदान कर नियमित दवा और पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। बीडीओ रजनीश शंकर झा ने कहा कि टीबी का समय पर इलाज, नियमित दवा सेवन और संतुलित पोषण से पूरी तरह उपचार संभव है। उन्होंने बताया कि दवाओं का बेहतर प्रभाव तभी होता है जब मरीज को पर्याप्त पोषण मिले। इसी उद्देश्य से प्रशासन की ओर से न्यूट्रिशन किट उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार फूड बास्केट में दाल, भुना चना, मूंगफली, सोयाबीन, गुड़ और खाद्य तेल जैसी उच्च प्रोटीन एवं पोषक सामग्री शामिल की गई है, जिससे मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़े और वे जल्द स्वस्थ हो सकें।

बीडीओ रजनीश शंकर झा ने समाज के प्रबुद्ध नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों से 'निक्षय मित्र' बनकर टीबी मरीजों की पोषण संबंधी जरूरतों में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही औराई प्रखंड को टीबी मुक्त बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रियव्रत रंजन, बीपीआरओ मनोज कुमार, पीएचसी प्रभारी दिव्या कुमारी, हेल्थ मैनेजर संजीव कुमार, प्रखंड कार्यालय के कर्मी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तथा स्थानीय नागरिक मौजूद थे।


फूड बास्केट वितरण करते औराई के बीडीओ।

## सम्पादकीय

# टेलीग्राम पर सरकारी कार्रवाई, तकनीकी खामी का नतीजा या डिजिटल नियंत्रण की गहरी रणनीति

हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सोशल नेटवर्किंग साइट टेलीग्राम पर साझा की जा रही पायरेटेड फिल्मों और ओटीटी कंटेंट पर सख्त रोक लगाने का निर्देश दिया गया है। यह कदम कोई अचानक लिया गया फैसला नहीं है, बल्कि यह उस लंबी और निरंतर चल रही कार्रवाई का हिस्सा है, जिसकी शुरुआत विशेष रूप से नीट पेपर लीक प्रकरण के बाद से और अधिक तेज हो गई थी। आए दिन केंद्र सरकार द्वारा टेलीग्राम को दी जा रही चेतावनियां और उस पर कसे जा रहे शिकंजे ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक बड़ा वर्ग यह सोचने पर मजबूर है कि क्या वाकई टेलीग्राम के बुनियादी ढांचे और फंक्शन में कोई ऐसा बड़ा झोल है जो इसे अपराधियों का पनाहगार बनाता है, या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा और पायरेसी की आड़ में अंदरखाने डिजिटल नियंत्रण की कोई और खिचड़ी पक रही है इस जटिल मुद्दे को समझने के लिए हमें टेलीग्राम की तकनीकी संरचना, सरकारी नीतियों, निजता के अधिकार और राज्य की डिजिटल संप्रभुता के बीच चल रहे द्वंद्व को गहराई से समझना होगा।

टेलीग्राम की कार्यप्रणाली और इसके फंक्शन पर अगर हम तकनीकी दृष्टि से गौर करें, तो इसमें कोई झोल या खामी नहीं है, बल्कि इसकी खूबियां ही आज इसके लिए सबसे बड़ी मुसीबत बन गई हैं। टेलीग्राम को मुख्य रूप से निजता (प्राइवेसी) और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के एक मजबूत किले के रूप में डिजाइन किया गया था। अन्य मैसेजिंग ऐप्स की तुलना में टेलीग्राम यूजर्स को कई ऐसी सुविधाएं देता है जो इसे विशिष्ट बनाती हैं। उदाहरण के तौर पर, इस पर दो लाख सदस्यों तक के ग्रुप बनाए जा सकते हैं, इसके चैनल्स में सब्सक्राइबर्स की कोई सीमा नहीं है, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एक यूजर इस पर दो जीबी (अब प्रीमियम में चार जीबी) तक की भारी-भरकम फाइल आसानी से साझा कर सकता है। इसके अतिरिक्त टेलीग्राम का क्लाउड-बेस्ड होना और यूजर्स को अपनी पहचान (फोन नंबर) पूरी तरह से गुप्त रखकर केवल यूजरनेम के सहारे बात करने की आजादी देना, इसे असामाजिक और गैर-कानूनी तत्वों के लिए एक आदर्श मंच बना देता है। जब एक अपराधी जानता है कि वह बिना अपना नंबर उजागर किए, एक फर्जी यूजरनेम के साथ लाखों लोगों के चैनल में एक साथ पायरेटेड फिल्म, वेब सीरीज या लीक हुआ परीक्षा का पेपर डाल सकता है, और इसके लिए उसे पकड़ा जाना लगभग नामुमकिन है, तो वह स्वाभाविक रूप से टेलीग्राम का ही चुनाव करेगा। नीट पेपर लीक मामले में ठीक यही हुआ था। लाखों छात्रों के भविष्य से जुड़े उस संवेदनशील परीक्षा के प्रश्नपत्र टेलीग्राम के गुमनाम चैनलों पर चंद रुपयों में बेचे जा रहे थे। इसी तरह, ओटीटी प्लेटफार्म्स को हर साल करोड़ों का नुकसान हो रहा है क्योंकि रिलीज होने के कुछ ही घंटों के भीतर हाई-क्वालिटी फिल्में टेलीग्राम पर मुफ्त में डाउनलोड के लिए उपलब्ध हो जाती हैं। इसलिए, यह कहना पूरी तरह से गलत नहीं होगा कि टेलीग्राम का अनियंत्रित और अत्यधिक आजाद बुनियादी ढांचा ही अपराधों को पनपने का खुला निमंत्रण दे रहा है। इसके मॉडरेशन की कमी इसके फंक्शन का सबसे बड़ा व्यावहारिक झोल बन चुकी है।

हालाँकि, तस्वीर का दूसरा पहलू और भी दिलचस्प और गहरा है। जब हम यह सवाल करते हैं कि क्या अंदरखाने कोई और खिचड़ी पक रही है, तो हमारा ध्यान सरकार के दीर्घकालिक उद्देश्यों और डिजिटल भारत की रूपरेखा की तरफ जाता है। भारत सरकार पिछले कुछ वर्षों से लगातार तकनीकी कंपनियों और सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स को भारतीय कानूनों के दायरे में लाने का प्रयास कर रही है। सरकार के लिए टेलीग्राम केवल पायरेसी या पेपर लीक का जरिया भर नहीं है, यह एक ऐसा ब्लैक बॉक्स बन गया है जो सरकारी रडार से पूरी तरह बाहर है। सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के तहत सरकार की सबसे प्रमुख मांगों में से एक है ट्रेसेबिलिटी यानी किसी भी भ्रामक, गैर-कानूनी या राष्ट्र-विरोधी संदेश के प्रथम प्रवर्तक (फर्स्ट ओरिजिनेटर) की पहचान करना। टेलीग्राम अपने कड़े एन्क्रिप्शन और निजता की नीतियों का हवाला देकर अक्सर भारतीय जांच एजेंसियों के साथ जानकारी साझा करने से बचता रहा है। सरकार के दृष्टिकोण से, कोई भी विदेशी कंपनी जो भारत के करोड़ों नागरिकों के डेटा का इस्तेमाल कर रही है, वह देश के संप्रभु कानूनों और सुरक्षा चिंताओं से ऊपर नहीं हो सकती। अंदरखाने पक रही इस खिचड़ी का मुख्य स्वाद नियंत्रण और जवाबदेही का है। सरकार भली-भांति जानती है कि सीधे तौर पर निजता पर हमला करना या किसी ऐप को बिना ठोस वजह के बैन करना अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर आलोचना का कारण बन सकता है।

# ई-20 पेट्रोल पर उठते सवालों का समाधान जरूरी



पार्थ सारथी विश्वकर्मा

भारत में ऊर्जा सुरक्षा, विदेशी मुद्रा की बचत और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा ई-20 पेट्रोल (जिसमें 20 प्रतिशत इथेनल और 80 प्रतिशत पेट्रोल का मिश्रण होता है) की शुरुआत एक बेहद महत्वाकांक्षी और रणनीतिक कदम के रूप में की गई थी।

सरकार ने 2025 तक पूरे देश में ई-20 पेट्रोल की उपलब्धता का लक्ष्य रखा था, जिसे समय से पहले ही हासिल करने की दिशा में तेजी से काम हुआ है। यह नीति केवल ऊर्जा क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा जुड़ाव देश के कृषि क्षेत्र, विशेषकर गन्ना और मक्का किसानों की आय बढ़ाने से भी है।

हालांकि, किसी भी बड़े बदलाव की तरह इस नीतिगत बदलाव को भी जमीनी स्तर पर कई गंभीर चुनौतियों, आशंकाओं और जन-विरोध का सामना करना पड़ रहा है। देश के विभिन्न हिस्सों में ई-20 पेट्रोल के खिलाफ उपभोक्ताओं और वाहन चालकों का असंतोष धरने-प्रदर्शनों के रूप में सामने आ रहा है। इसके साथ ही, पड़ोसी देश भूटान को लेकर भी हाल ही में ऐसी खबरें आईं कि उसने भारत से ई-20 पेट्रोल लेने से इनकार कर दिया है, जिससे इस बहस को एक नया अंतरराष्ट्रीय आयाम मिल गया। इस परिदृश्य में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या भारी विरोध के बीच सरकार अपने कदम पीछे खींचेगी, या फिर तकनीकी विशेषज्ञों की आड़ में इस विरोध को शांत करने की रणनीति अपनाएगी।

इस पूरे विवाद को समझने के लिए सबसे पहले उपभोक्ताओं और ऑटोमोबाइल मैकेनिकों की चिंताओं को समझना आवश्यक है। जो वाहन विशेष रूप से ई-20 पेट्रोल के अनुकूल (फ्लेक्स-फ्यूल इंजन) नहीं बने हैं, विशेषकर 2023 से पहले निर्मित वाहन, उनमें इस ईंधन के इस्तेमाल को लेकर भारी आशंकाएं हैं।

इथेनल की प्रकृति हाइग्रोस्कोपिक (नमी सोखने वाली) होती है। इसका अर्थ है कि यह वातावरण से नमी को आसानी से सोख लेता है। पुरानी कारों और दोपहिया वाहनों के टैंक में यदि नमी प्रवेश कर जाए, तो इथेनल और पेट्रोल अलग-अलग परतों में बंट सकते हैं, जिसे फेज सेपरेशन कहा जाता है। इसके परिणामस्वरूप न केवल वाहन के माइलेज में गिरावट आती है, बल्कि इंजन के रबर, प्लास्टिक और धातु के पुर्जों में जंग लगने या उनके जल्दी खराब होने का खतरा भी बढ़ जाता है।

देश भर के गैर-अधिकृत मैकेनिक और स्थानीय टेक्नीशियन लगातार यह दावा कर रहे हैं कि ई-20 पेट्रोल के कारण वाहनों के फ्यूल पंप और इंजेक्टर खराब हो रहे हैं। एक आम भारतीय उपभोक्ता, जिसके लिए उसका वाहन उसके जीवन की सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण संपत्तियों में से एक है, इन तकनीकी दावों से घबराया हुआ है। जब उपभोक्ता देखता है कि ईंधन की कीमत कम नहीं हो रही है, लेकिन माइलेज घट रहा है और रखरखाव का खर्च बढ़ रहा है, तो उसका यह आक्रोश सड़कों पर उतरने लगता है।

दूसरी ओर, सरकार, ऑटोमोबाइल निर्माता कंपनियां और तकनीकी विशेषज्ञ लगातार यह दावा कर रहे हैं कि ई-20 पेट्रोल पूरी तरह से सुरक्षित है। ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम जैसी शीर्ष संस्थाओं का तर्क है कि ई-20 पेट्रोल का इस्तेमाल करने से पुराने वाहनों के इंजन में कोई बड़ा या स्थायी नुकसान नहीं होता है। विशेषज्ञों का यह भी स्पष्टीकरण है कि केवल ई-20 पेट्रोल का उपयोग करने मात्र से वाहन की वारंटी समाप्त नहीं होती है।

सरकार का यह मजबूती से मानना है कि यह विरोध कुछ हद तक भ्रम, अफवाहों और कुछ विशेष लॉबी के निहित स्वार्थों का परिणाम है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री और पेट्रोलियम मंत्रालय के अधिकारियों ने कई बार स्पष्ट किया है कि यह ईंधन वैज्ञानिक रूप से जाँचा-परखा हुआ है और ब्राजील जैसे देशों में इससे भी अधिक इथेनल मिश्रण का सफलतापूर्वक उपयोग हो रहा है। इसके बावजूद, जनता और जमीनी स्तर के मैकेनिकों का इन सरकारी विशेषज्ञों के दावों पर विश्वास नहीं जम पा रहा है। यह अविश्वास केवल तकनीकी नहीं है, बल्कि संवाद की उस खाई को भी दर्शाता है जो नीति निर्माताओं और आम जनता के बीच पैदा हो गई है।

इसी बीच, भारत के सबसे करीबी और भरोसेमंद पड़ोसी देश भूटान को लेकर उड़ी खबरों ने आग में घी डालने का काम किया। स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया में यह खबर तेजी से फैली कि भूटान ने भारत के ई-20 पेट्रोल के आयात प्रस्ताव को तकनीकी कारणों से ठुकरा दिया है। खबरों में कहा गया कि भूटान के अधिकारियों ने अपनी भौगोलिक परिस्थितियों, पहाड़ी रास्तों पर वाहनों को आवश्यक पावर की जरूरत, और सबसे महत्वपूर्ण अपने पुराने भूमिगत ईंधन भंडारण टैंकों में नमी जाने के खतरे का हवाला देते हुए सादा पेट्रोल ही मांगते रहने की बात कही।

> **ई-20 पेट्रोल भारत के लिए एक नितांत आवश्यक लेकिन चुनौतीपूर्ण बदलाव है। कोई भी बड़ा ऊर्जा बदलाव रातों-रात और बिना किसी घर्षण के नहीं होता। चाहे वह सीएनजी की शुरुआत रही हो या बीएस-6 मानकों का लागू होना, शुरुआत में हमेशा तकनीकी और आर्थिक चिंताएं सामने आती हैं।**

हालांकि, इस खबर के तूल पकड़ते ही भारत के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय को सामने आकर आधिकारिक खंडन (फैक्ट-चेक) जारी करना पड़ा। भारत सरकार ने स्पष्ट किया कि भारतीय तेल विपणन कंपनियों द्वारा भूटान को ई-20 पेट्रोल निर्यात करने का कोई प्रस्ताव ही नहीं दिया गया था और ये खबरें पूरी तरह भ्रामक हैं। फिर भी, इस घटनाक्रम ने यह जरूर साबित कर दिया कि ई-20 ईंधन के भंडारण और उपयोग को लेकर संवेदनशीलता केवल घरेलू नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी एक चर्चा का विषय बन चुकी है।

अब मुख्य प्रश्न यह उठता है कि वर्तमान जन-विरोध और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उड़ रही इन अफवाहों के बीच केंद्र सरकार का अगला कदम क्या होगा । क्या सरकार इस नीति से अपने कदम पीछे खींच लेगी । आर्थिक और भू-राजनीतिक नजरिए से गहराई से विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि सरकार के लिए ई-20 कार्यक्रम से पूरी तरह पीछे हटना अब लगभग असंभव है। इथेनल ब्लेंडिंग कार्यक्रम केवल एक पर्यावरणीय पहल नहीं है, यह भारत की ऊर्जा कूटनीति और आर्थिक आत्मनिर्भरता का एक बहुत बड़ा स्तंभ है। भारत अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है, जिस पर हर साल अरबों डालर की विदेशी मुद्रा खर्च होती है। इथेनल सम्मिश्रण से भारत हर साल हजारों करोड़ रुपये बचा रहा है और यह पैसा खाड़ी देशों में जाने के बजाय सीधे भारतीय किसानों और चीनी मिलों तक पहुंच रहा है। इसके अतिरिक्त , इथेनल उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए देश भर में बुनियादी ढांचे और डिस्टिलरीज में अरबों रुपये का भारी निवेश किया जा चुका है। ऐसे में, महज कुछ प्रदर्शनों के कारण इस पूरे कार्यक्रम को रद्द कर देना अर्थव्यवस्था के लिए एक आत्मघाती कदम होगा और यह सरकार की नीतिगत अस्थिरता का भी संकेत देगा। इसलिए, इस बात की संभावना न के बराबर है कि सरकार इस नीति को वापस लेगी।

तो क्या सरकार विशेषज्ञों की आड़ लेकर इस विरोध को बलपूर्वक या रणनीतिक रूप से दबाने की कोशिश करेगी एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी व्यापक जन-असंतोष को केवल विशेषज्ञों की राय के सहारे लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता, क्योंकि जब उपभोक्ता को अपनी जेब पर सीधा असर (माइलेज में कमी और इंजन की खराबी) दिखता है, तो वह किसी भी वैज्ञानिक रिपोर्ट को मानने से इनकार कर देता है। हालांकि , सरकार निश्चित रूप से अपने संवाद को आक्रामक बनाएगी। आने वाले समय में हम देख सकते हैं कि सरकार ऑटोमोबाइल कंपनियों, शीर्ष वैज्ञानिकों और अनुसंधान संस्थानों को आगे करके बड़े पैमाने पर जन-जागरूकता अभियान चलाएगी। इन अभियानों का उद्देश्य विरोध को दबाना नहीं, बल्कि भ्रांतियों को दूर करना होगा। सरकार यह स्थापित करने का प्रयास करेगी कि ई-20 पेट्रोल के नुकसान से जुड़ी अधिकतर बातें केवल अफवाह हैं और इसका राष्ट्रीय लाभ कहीं अधिक बड़ा है।

लेकिन संवाद ही काफी नहीं होगा, सरकार को एक व्यावहारिक और मध्यम मार्ग अपनाना ही होगा। यदि सरकार वास्तव में इस समस्या का स्थायी समाधान चाहती है, तो उसे उपभोक्ताओं को विकल्प देने पर विचार करना होगा। पुराने वाहनों के मालिकों की चिंताएं पूरी तरह निराधार नहीं हैं। भले ही अचानक से इंजन फेल न हो, लेकिन पुराने इंजनों पर इसका असर पड़ता है। इसका एक बेहतरीन समाधान यह हो सकता है कि पेट्रोल पंपों पर ई-20 पेट्रोल के साथ-साथ ई-10 या सादे पेट्रोल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि जिन उपभोक्ताओं के वाहन ई-20 के अनुकूल नहीं हैं, वे अपनी सुविधा और जरूरत के अनुसार ईंधन चुन सकें। इसके अलावा, अगर ई-20 पेट्रोल के इस्तेमाल से माइलेज में वास्तव में कुछ प्रतिशत की कमी आती है, तो सरकार को ई-20 पेट्रोल की कीमत सादे पेट्रोल की तुलना में कम रखनी चाहिए। जब उपभोक्ता को आर्थिक रूप से फायदा दिखेगा, तो वह स्वेच्छा से नए ईंधन की ओर आकर्षित होगा।

निष्कर्ष के तौर पर यह कहा जा सकता है कि ई-20 पेट्रोल भारत के लिए एक नितांत आवश्यक लेकिन चुनौतीपूर्ण बदलाव है। कोई भी बड़ा ऊर्जा बदलाव रातों-रात और बिना किसी घर्षण के नहीं होता। चाहे वह सीएनजी की शुरुआत रही हो या बीएस-6 मानकों का लागू होना, शुरुआत में हमेशा तकनीकी और आर्थिक चिंताएं सामने आती हैं। सरकार के लिए सही रणनीति न तो नीति से पीछे हटने की है और न ही जनता की आवाज को विशेषज्ञों के शोर में अनसुना करने की है। इसके बजाय, सरकार को पारदर्शिता अपनानी चाहिए, पुराने वाहन मालिकों की शिकायतों की स्वतंत्र जांच करवानी चाहिए, और पेट्रोलियम कंपनियों के साथ मिलकर ईंधन की गुणवत्ता तथा भंडारण अवसंरचना (विशेषकर मानसून और पहाड़ी क्षेत्रों में) को मजबूत करना चाहिए। अगर जनता को यह विश्वास हो जाए कि यह कदम केवल सरकारी खजाना भरने के लिए नहीं, बल्कि उनके दीर्घकालिक हित और देश की ऊर्जा स्वतंत्रता के लिए है, और उन्हें इस बदलाव के दौर में उचित विकल्प (जैसे सस्ता ई-20 या ई-10 की उपलब्धता) दिए जा रहे हैं, तो यह विरोध स्वतः ही समर्थन में बदल जाएगा।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)*

# वैभव सूर्यवंशी: बिहार की मिट्टी से निकला क्रिकेट का नया सूर्य



प्रमोद कुमार सिंह
शिक्षाविद

**'जिस उम्र में'** बच्चे सपनों का अर्थ समझना शुरू करते हैं, उस उम्र में वैभव सूर्यवंशी ने इतिहास का नया अध्याय लिख दिया। यह केवल एक खिलाड़ी की सफलता नहीं, बल्कि बिहार के आत्मविश्वास, संघर्ष और संभावनाओं की विराट घोषणा है।

इतिहास अक्सर उम्र नहीं पूछता, केवल कर्म पूछता है। समय यह नहीं देखता कि किसी के हाथों में वर्षों का अनुभव है या किशोर सपनों की चमकय वह केवल यह देखता है कि किसने अपने साहस, प्रतिभा और समर्पण से असंभव को संभव बनाया।

बिहार के समस्तीपुर जिले के ताजपुर गाँव के युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने यही सिद्ध किया है। महज 15 वर्ष 99 दिन की आयु में भारतीय टी-20 टीम के लिए पदार्पण कर उन्होंने केवल एक रिकार्ड नहीं बनाया, बल्कि करोड़ों भारतीय युवाओं को यह विश्वास भी दिया कि सपनों की कोई उम्र नहीं होती और प्रतिभा किसी महानगर की जागीर नहीं होती।

कभी बिहार को प्रतिभाओं का प्रदेश तो कहा जाता था, लेकिन अवसरों की कमी का भी पर्याय माना जाता था। शिक्षा, खेल और रोजगारहर क्षेत्र में यहाँ की प्रतिभाओं को अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ता था। लेकिन हर पीढ़ी में कुछ ऐसे युवा जन्म लेते हैं जो परिस्थितियों के आगे झुकने के बजाय उन्हें बदलने का साहस रखते हैं। वैभव सूर्यवंशी उसी नई पीढ़ी के प्रतिनिधि हैं, जिसने यह संदेश दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, मेहनत निरंतर हो और आत्मविश्वास अटूट हो, तो गाँव की पगडंडियाँ भी अंतरराष्ट्रीय मैदानों तक पहुँच सकती हैं।

समस्तीपुर के ताजपुर गाँव में 27 मार्च 2011 को जन्मे वैभव किसी संपन्न परिवार से नहीं आते। उनके पिता संजीव सूर्यवंशी एक किसान हैं। खेती से चलने वाले साधारण परिवार में जन्मे इस बालक ने क्रिकेट को केवल खेल नहीं, अपना जीवन बना लिया। बेटे की आँखों में चमकते सपनों को देखकर पिता ने संसाधनों की कमी को कभी बाधा नहीं बनने दिया। घर के पीछे छोटी-सी अभ्यास पिच तैयार की गई। चाचा, जो स्वयं जिला स्तर के क्रिकेटर रहे, उन्होंने तकनीक और हौसला दोनों दिया। यही परिवार, यही मिट्टी और यही संघर्ष आगे चलकर भारतीय क्रिकेट को उसका नया सितारा देने वाले बने।

किसी खिलाड़ी का निर्माण केवल स्टेडियमों में नहीं होताय उसका निर्माण उन सुबहों में होता है जब पूरी दुनिया सो रही होती है और वह अभ्यास कर रहा होता है। उसका निर्माण उन असफलताओं में होता है जहाँ हार उसे तोड़ती नहीं, बल्कि और अधिक मजबूत बनाती है। वैभव की यात्रा भी हजारों घंटों की साधना, पसीने, अनुशासन और त्याग की कहानी है। इसलिए उनकी सफलता संयोग नहीं, बल्कि समर्पण की स्वाभाविक परिणति है।

महज 12 वर्ष की आयु में बिहार के लिए रणजी ट्रफी में प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलना अपने आप में असाधारण उपलब्धि थी। लेकिन वैभव यहीं नहीं रुके। उन्होंने हर स्तर पर अपनी बल्लेबाजी से चयनकर्ताओं को यह एहसास कराया कि भारतीय क्रिकेट को भविष्य का एक असाधारण खिलाड़ी मिल चुका है।

फिर आया आईपीएल का मंच, जहाँ दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट सितारों के बीच इस किशोर बल्लेबाज ने ऐसा आत्मविश्वास दिखाया कि पूरा क्रिकेट जगत दंग रह गया। गुजरात टाइटंस के विरुद्ध मात्र 35 गेंदों में शतक जड़कर उन्होंने आईपीएल इतिहास का सबसे तेज भारतीय शतक बनाने का कीर्तिमान स्थापित किया। यह केवल रिकार्ड नहीं था, यह भारतीय क्रिकेट को एक नए युग के आगमन का संकेत था।




लेकिन इतिहास को अभी और लिखा जाना था। इंग्लैंड के विरुद्ध भारतीय टी-20 टीम में पदार्पण करते ही वैभव सूर्यवंशी ने सचिन तेंदुलकर का 37 वर्ष पुराना सबसे कम उम्र में भारत के लिए पदार्पण करने का रिकार्ड पीछे छोड़ दिया। यह उपलब्धि केवल आँकड़ों का परिवर्तन नहीं, बल्कि पीढ़ियों के बीच विश्वास का हस्तांतरण है। भारतीय क्रिकेट ने एक नया अध्याय शुरू कर दिया था।

यही नहीं, विजय हजारे ट्रॉफी में अरुणाचल प्रदेश के विरुद्ध 36 गेंदों में शतक लगाकर उन्होंने विश्व क्रिकेट में सबसे कम उम्र में लिस्ट-ए शतक बनाने का गौरव भी अपने नाम कर लिया। क्रिकेट के इतिहास में इतनी कम उम्र में इतनी बड़ी उपलब्धियाँ विरले खिलाड़ियों को ही नसीब होती हैं।

क्रिकेट केवल बल्ले और गेंद का खेल नहीं है। यह धैर्य, अनुशासन, मानसिक संतुलन, निर्णय क्षमता और चरित्र की परीक्षा भी है। तकनीक सीखी जा सकती है, लेकिन निडरता जन्मजात होती है। वैभव की बल्लेबाजी में यही निडरता दिखाई देती है। परिस्थितियाँ चाहे कितनी भी चुनौतीपूर्ण क्यों न हों, उनका आत्मविश्वास डगमगाता नहीं। शायद यही कारण है कि भारतीय क्रिकेट के महानायक सचिन तेंदुलकर और विस्फोटक बल्लेबाज युवराज सिंह जैसे दिग्गज भी उनकी प्रतिभा की खुलकर सराहना कर चुके हैं।

आज बिहार का हर गाँव, हर कस्बा और हर छोटा शहर वैभव में अपना भविष्य देख रहा है। वह हर उस बच्चे की प्रेरणा बन चुके हैं जो मिट्टी के मैदान पर बल्ला घुमाते हुए कभी भारतीय टीम की नीली जर्सी पहनने का सपना देखता है। वह हर उस अभिभावक का विश्वास हैं जो सीमित संसाधनों के बावजूद अपने बच्चे के सपनों को मरने नहीं देना चाहता।

वैभव की सफलता बिहार के लिए केवल खेल उपलब्धि नहीं हैय यह सामाजिक संदेश भी है। यह बताती है कि प्रतिभा महानगरों की मोहताज नहीं, अवसरों की तलाश करती है। यदि व्यवस्था प्रतिभाओं को मंच दे, यदि परिवार विश्वास दे और यदि युवा परिश्रम को अपना धर्म बना लें, तो बिहार केवल प्रशासनिक सेवाओं में ही नहीं, बल्कि खेलों की दुनिया में भी विश्व पटल पर अपनी अमिट पहचान बना सकता है।

आज आवश्यकता केवल वैभव का सम्मान करने की नहीं, बल्कि उनके संघर्ष से सीख लेने की भी है। हमें ऐसे हजारों वैभव तैयार करने होंगे। गाँवों में खेल मैदान, प्रशिक्षित कोच, आधुनिक सुविधाएँ और खेल संस्कृति विकसित करनी होगी। क्योंकि किसी भी राज्य की सबसे बड़ी पूँजी उसके युवा होते हैं। यदि युवा आगे बढ़ते हैं, तो राज्य आगे बढ़ता है, यदि राज्य आगे बढ़ता है, तो राष्ट्र मजबूत होता है।

पूर्ण विश्वास है कि वैभव सूर्यवंशी आने वाले वर्षों में भारतीय क्रिकेट के स्वर्णिम अध्यायों के प्रमुख नायक बनेंगे। उनके बल्ले से केवल रन नहीं निकलेंगे, बल्कि करोड़ों युवाओं का आत्मविश्वास भी जन्म लेगा। वे नए विश्व रिकार्ड बनाएँगे, तिरंगे का गौरव बढ़ाएँगे और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा के जीवंत प्रतीक बनेंगे।

बिहार की इस धरती को अपने इस सपूत पर गर्व है। आपकी हर पारी केवल स्कोरबोर्ड पर अंक न जोड़े, बल्कि देश के युवाओं के भीतर साहस, अनुशासन और बड़े सपने देखने का विश्वास भी जगाए। खेलिए, संघर्ष कीजिए, नए इतिहास रचिएक्योंकि अब आपकी हर सफलता केवल आपकी नहीं, पूरे बिहार के स्वाभिमान और भारत की प्रतिष्ठा का विस्तार है। तिरंगा आपके बल्ले की चमक के साथ विश्व के हर मैदान पर और अधिक ऊँचा लहराता रहे यही पूरे राष्ट्र की शुभकामना है।

# तेल्हारा पंचायत बनी गरीबी से उबरने के लिए प्रेरक मॉडल

**स्थानीय नेतृत्व,** महिला सशक्तिकरण और संस्थागत सहयोग से बिहार की पंचायतें ग्रामीण विकास की मिसाल बन रही हैं। नालंदा जिले की तेल्हारा पंचायत स्थानीय उद्यमिता, आजीविका संवर्धन और सामुदायिक सहभागिता के जरिए सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण (एलएसडीजी) थीम-1 'गरीबी मुक्त पंचायत' का मॉडल बनकर उभरी है। पंचायती राज विभाग और निजी संस्था सी-थ्री ने यहां लगातार ग्रामीणों के जीवन स्तर को सुधारने और समुदाय की जरूरतों के आधार पर विकासत्मक कार्य की ओर कदम बढ़ाए है।

9367 आबादी वाले तेल्हारा पंचायत में 4700 से अधिक पुरुष और 4500 के करीब महिलाएं हैं। 2011 की जनगणना के मुताबिक पंचायत की साक्षरता दर 72.88 प्रतिशत थी, जो राज्य के औसत 61.80 प्रतिशत से लगभग 11 प्रतिशत अधिक है।

गांव की महिला मुखिया प्रतिमा देवी ने कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और छोटे उद्यमों को बढ़ावा देते हुए ग्रामीणों की आय को नई दिशा देने का प्रयास किया है। ईंट भट्ठे, आभूषण दुकानें, टाइल्स-ग्रेनाइट, पेट्रोल पंप, चमड़ा फुटवियर, पारंपरिक वाद्य यंत्र, इलेक्ट्रानिक्स, स्टील-लकड़ी फर्नीचर निर्माण जैसे व्यवसायों ने स्थानीय स्तर पर रोजगार के कई अवसर मुहैया कराए हैं। पंचायत का बाजार पहले के मुकाबले अब बड़े क्षेत्रीय व्यापारिक केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। इस गांव का हाट बाजार जहानाबाद, पटना और नालंदा समेत आसपास की कई पंचायतों तक अपनी पहुंच बना चुका है। सुरक्षा व्यवस्था पर चौबीस घंटे नजर रखने के लिए यहां 3 दर्जन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

> **स्थानीय उद्यमिता, महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक भागीदारी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिली नई उड़ान**

तेल्हारा पंचायत में रोजगार के अन्य अवसरों को भी मजबूती दी जा रही है। कृषि के साथ-साथ पशुपालन और मत्स्य पालन भी यहां फल-फूल रहा है। करीब 150 परिवार बकरी पालन कर रहे हैं, जबकि 450 से अधिक लोग दुग्ध व्यवसाय से जुड़े हैं। इसमें सूअर, मुर्गी और मधुमक्खी पालन जैसी अतिरिक्तगतिविधियां भी शामिल हैं।

पंचायत में महिलाओं के लिए कुल 170 स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं। महिलाएं यहां पैंट-टीशर्ट, लेदर जैकेट, एल्युमीनियम बर्तन, पेपर प्लेट, मशरूम उत्पादन आदि से जुड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने की ओर अग्रसर हैं।

मुखिया प्रतिमा देवी ने बताया कि पंचायत में विकास कार्यो के साथ-साथ स्थानीय रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तेल्हारा में महत्वपूर्ण ऐतिहासिक अवशेष प्राप्त हुए हैं। यहां नालंदा एवं विक्रमशिला विश्वविद्यालय से भी पुराने विश्वविद्यालय का अवशेष मिला है। विश्वास जताया कि बौद्ध शिक्षा केंद्र वाले इस क्षेत्र में पर्यटन आधारित आजीविका के नए अवसर पैदा होंगे।

## प्रवचन

# संतान को संस्कार देना अभिभावक का प्रथम दायित्व : जीयर स्वामी

> बिगड़े कार्य भी बना देती हैं संस्कारी माताएं
>
> अपने लक्ष्य के प्रति ध्रुव की तरह अटल रहें
>
> सृश्टि के आरम्भ से ही वेद का अस्तित्व

माता-पिता का प्रथम धर्म अपनी संतान को संस्कार देना है। जो माता-पिता अपनी संतान को संस्कारी बनाने का प्रयास नहीं करते वे पशु के समान हैं। गृहस्थ मर्यादा स्वीकार करने के बाद आहार-व्यवहार, संस्कार एवं संस्कृति का पालन करते हुए संतानोत्पति की कामना करनी चाहिए। बाल्यकाल से ही बच्चों के रहन-सहन और संस्कार के प्रति संवेदनशील रहें। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

उन्होंने श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा विस्तार करते हुए कहा कि स्वयंभू मनु के दो पुत्र हुए। प्रियवत और उतानपाद। प्रियवत संसार को अगमापाई मान तपस्या करने चले गये। उतानपाद का सुनीती से विवाह हुआ। इनसे ध्रुव जी पैदा हुए। उतानपाद की दूसरी पत्नी सुरूचि से उत्तम पैदा हुए। अपनी सौतेली माँ सुरूचि के कटु वचन से ध्रुव जी अपनी माता की आज्ञा लेकर तपस्या के लिए निकल पड़े। रास्ते में नारद जी ने 'ओम् नमो भगवते वासुदेवाय' का मंत्र दिया। ध्रुव जी वृंदावन के मधुवन में जाकर तपस्या करने लगे। भगवान प्रकट होकर ध्रुव को साठ हजार वर्ष सिंहासन पर बैठने के बाद अपने लोक को प्राप्त करने का वरदान दिये। ऐसे पुत्र पाकर इनके माता-पिता धन्य हो गये। स्वामी जी ने कहा कि संस्कारी एवं यशस्वी पुत्र पाकर माता-पिता भी धन्य हो जाते हैं। समाज उन्हें आदर की दृष्टि से देखता है। जिस परिवार में अनुशासन, संस्कार और संस्कृति रहती है, उस परिवार की संतानें परिवार दुषित कर्मो को भी परिष्कृत कर देती हैं। उनके रहन-सहन और वाणी से दूसरे भी प्रभावित होते हैं। संस्कारी घरों की मातायें उलझे कार्यो को भी सुलझा देती हैं।

'पुत्रवती जुबती जग सोई,
रघुपति भगतु जासु सुतु होई।'

यानी संसार में वहीं स्त्री पुत्रवती है, जिसके पुत्र रघुनाथ जी का भक्त हो। राम से विमुख पुत्र वाली माँ पशु की भाँति है।

स्वामी जी ने कहा कि जन्मोत्सव में नक्षत्र की प्रधानता होती है। भगवान के जन्म में तिथि प्रधान करना उचित नहीं। पुण्यतिथि तिथि के अनुसार ही मनानी चाहिए। कुछ ऐसे भी पर्व हैं, जिन्हें परम्परा के अनुसार मनाया जाता है। वैष्णव पर्व का अर्थ वेद के अनुरूप संचालित होना चाहिए। स्मार्त्त में स्मश्कृति की प्रधानता होती है। वेद की रचना किसी के द्वारा नहीं की गयी है। वेद नारायण के श्वांस से निकला है। व्यास जी ने इसका विस्तार किया है। सृष्टि के प्रारम्भ से ही वेद है। स्मृति पुराण बाद की रचनायें हैं। इसलिए वेद को अपौरूशेय भी कहा जाता है। यानी वेद किसी पुरूष विशेष की रचना नहीं है। वेद को 'श्रुति' कहते हैं। हजारों वर्ष तक हमारे पूर्वजों ने वेद को श्रुति मार्ग से (एक दूसरे से सुनकर-सुनाकर) अक्क्षुण रखा। जब लोगों की स्मरण शक्ति क्षीण होने लगी, तब श्री वेद व्यास वेद को चार रूप में विभक्त किये जिसे ऋग्वेद, सामवेद, अथर्ववेद और यजुर्वेद के नाम से जाना जाता है।



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

# राष्ट्रीय जनता दल का 30वां स्थापना दिवस दीप प्रज्वलित कर एवं केक काटकर मनाया गया

**मोतिहारी(एनएसबी)।** प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आज नगर भवन में जिला राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा राष्ट्रीय जनता दल का 30 वां स्थापना दिवस दीप प्रज्वलित कर एवं केक काटकर धूमधाम से मनाया गयास जिसकी अध्यक्षता पूर्व विधायक सह राजद जिला अध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने किया मंच संचालन प्रधान महासचिव सुरेश साहनी ने किया इस अवसर पर पार्टी के सभी विधायक सभी पूर्व विधायक पूर्व प्रत्याशी प्रदेश पदाधिकारी सभी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हजारों की संख्या में उपस्थित थे वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव जी सभी पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ताओं को भी संबोधन किया इस अवसर पर पूर्व विधायक सह राजद जिला अध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने कहा कि गरीबों सोसीतो दलित अल्पसंख्यक एवं आम जनमानस की भलाई के लिए राष्ट्रीय जनता दल की स्थापना हुई


समारोह में उपस्थित लोग।

आज ही के दिन बिहार एवं देश की राजनीति की दशा एवं दिशा का काया पलट हुआ पिछड़ों की भागीदारी शिक्षा रोजगार के अवसरों की समानता अकलियतों की हक एवं हुकु एवं उनकी सुरक्षा की नाकामियों को एक तथाकथित हिंदुत्व के आवरण से ढका जा रहा है बीजेपी संवैधानिक संस्थाओं को कब्जे में लेकर संविधान को दरकिनार कर तानाशाही के बल पर देश को फिर पीछे धकेलने का प्रयास कर रही है राजद की प्राथमिकता सामाजिक एवं राजनीति के संरचना में व्यापक असमानता के खिलाफ निरंतर संघर्ष कर लोकतंत्र को व्यापक समृद्ध और समावेशी बनाया है उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव जी के साथ उनके परिवार को भाजपा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर प्रताड़ित कर रही है इस अवसर पर पूर्व मंत्री सह पूर्व विधायक डक्टर समीम अहमद ने कहा कि लोहिया जेपी कपूरी ठाकुर और अंबेडकर के बताए हुए रास्ते को लेकर राष्ट्रीय जनता दल का संकल्प और मजबूत हुई है आज के अवसरवादी निराशावादी और अनिश्चितता के माहौल में अगर कोई पार्टी जरूरतमंद लोगों के सपने को साकार करने में सक्षम है तो वह राष्ट्रीय जनता दल है प्रदेश में लूट बलात्कार नौकरशाही हत्या चरम पर है इस अवसर पर इस कार्यक्रम के प्रभारी बिन्नू यादव पूर्व विधायक राजेंद्र रामपूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण यादव मधुबन जिला संगठन अध्यक्ष नूर आलम खान रामबाबू यादव अरुण यादव बच्चा यादव प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद श्रीवास्तव संजय निराला प्रेम यादव नूरुल होदा अंसारी असलम अहमद पवन यादव उमाशंकर यादव मीडिया प्रभारी जावेद अहमद लखींद्र यादव राहुल केदार सिंह अमरेंद्र यादव लालबाबू यादव राजू सिंह जगदीश विद्रोही जेपी यादव इत्यादि उपस्थित थे।

## 48 घंटे के भीतर चोरी की स्कार्पियो बरामद, मधुबनी से मिली गाड़ी

**पीपराकोठी(एनएसबी)।** जीवधारा से दो दिन पूरे चोरी गई एक उजले रंग की स्कर्पियो को पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर बरामद कर लिया है। वाहन को मधुबनी जिले के खटौना थाना क्षेत्र के इकसठा गांव स्थित जामा मस्जिद के पास से बरामद किया गया। हालांकि, वाहन चोर की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है।पुलिस के अनुसार जीवधारा निवासी शाहनवाज आलम का स्कार्पियो 3 जुलाई की सुबह उनके दरवाजे से चोरी कर ली गई। मामले में पीपराकोठी थाना में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। तकनीकी एवं भौतिक अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने वाहन का पता लगाते हुए उसे मधुबनी जिले के खुटौना थाना क्षेत्र के इकसठा गांव स्थित जामा मस्जिद के पास से सुरक्षित बरामद कर लिया। इस कार्रवाई में पीपराकोठी थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित छापेमारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक शाहिल कुमार, शशि भूषण कुमार, ज्योति महतो तथा थाना के सशस्त्र बल एवं रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।पुलिस ने बताया कि वाहन बरामद कर लिया गया है, जबकि चोरी की घटना में शामिल आरोपितों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।


बरामद वाहन के साथ पुलिस अधिकारी।

## विशेष अभियान में पुलिस का शिकंजा शराब तस्कर समेत छह गिरफ्तार

**पहाड़पुर(एनएसबी)।** अपराध नियंत्रण और शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर पहाड़पुर पुलिस का विशेष अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में शनिवार देर रात थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में की गई ताबड़तोड़ छापेमारी में शराब तस्कर, वारंटी और अन्य आरोपितों समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान पांच लीटर देसी चुलाई शराब एवं एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई।थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि हरसिद्धि थाना क्षेत्र के घिवाढार निवासी चंद्रिका पटेल के पुत्र रामचंद्र पटेल को पांच लीटर देसी चुलाई शराब और एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा कोटवा पंचायत के बथुवाहा निवासी परशुराम सिंह के पुत्र विशाल कुमार, नोनेया पांडे टोला निवासी मोतीलाल दास के पुत्र छोटन कुमार, नोनेया बरेव टोला निवासी लक्ष्मी दास के पुत्र निरंजन कुमार (वारंटी), नोनेया पांडे टोला निवासी स्वर्गीय गिरजा पांडे के पुत्र विजय पांडे तथा नोनेया तुरहापट्टी निवासी सोनालाल शाह के पुत्र श्रवण कुमार केसरी को गिरफ्तार किया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में कानूनी कार्रवाई पूरी कर रविवार को न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि अपराधियों, फरार वारंटियों, शराब तस्करों और शराब पीने वालों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप रहा तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों में खलबली मच गई।


पुलिस गिरफ्त में शाराब तस्कर।

## पीपराकोठी झील विवाद : संघर्ष समिति ने सीएम से लगाई गुहार, वाटर पार्क परियोजना में बाधा डालने वालों पर कार्रवाई की मांग

**पीपराकोठी(एनएसबी)।** प्रस्तावित वाटर पार्क निर्माण को लेकर चल रहा विवाद अब नया मोड़ लेता दिख रहा है। एक ओर किसान अपनी पुस्तैनी जमीन पर जबरन कब्जा कर वाटर पार्क बनाने का आरोप लगाते हुए आंदोलन कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पीपराकोठी झील बचाओ संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर परियोजना का समर्थन करते हुए निर्माण कार्य में बाधा डालने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता चुन्नू कुमार द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि थाना संख्या 210 अंतर्गत खाता संख्या 158, खेसरा 507 की लगभग तीन एकड़ भूमि को पीपराकोठी झील के पर्यटन विकास के लिए विधिवत जिला प्रशासन द्वारा हस्तांतरित किया गया है। पत्र में दावा किया गया है कि यह भूमि बिहार सरकार की संपत्ति है और पूर्व में कुछ लोगों द्वारा गलत तरीके से जमाबंदी कायम करा ली गई थी, जिसे अपील के बाद निरस्त कर दिया गया। इसके बाद पर्यटन विकास के लिए भूमि हस्तांतरण की स्वीति दी गई।संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि कुछ स्थानीय एवं राजनीतिक लोग गरीबों के आवास उजाड़ने का झूठा प्रचार कर परियोजना को बाधित करने की कोशिश कर रहे हैं। पत्र में 3 जुलाई को हुए किसान आंदोलन और सांसद सुधाकर सिंह द्वारा ट्रैक्टर से खेत जोतने की घटना का भी उल्लेख करते हुए कहा गया है कि इससे लोगों को भड़काने का प्रयास किया गया।समिति का कहना है कि प्रस्तावित परियोजना का उद्देश्य पीपराकोठी झील का संरक्षण, साफ-सफाई, जल संरक्षण और पार्क का सौंदर्यीकरण करना है, जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को भी लाभ मिलेगा। यदि निर्माण कार्य में लगातार बाधा डाली गई तो क्षेत्र के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।गौरतलब है कि इसी भूमि को लेकर पिछले कई दिनों से विवाद जारी है। किसान इसे अपनी पुस्तैनी जमीन बताते हुए दस्तावेज और रसीद होने का दावा कर रहे हैं तथा सरकार पर जबरन कब्जे का आरोप लगा रहे हैं। इस मुद्दे पर राजद सांसद सुधाकर सिंह और पूर्णिया सांसद पप्पू यादव भी किसानों के समर्थन में धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं।ऐसे में मुख्यमंत्री को भेजे गए इस पत्र के बाद वाटर पार्क परियोजना को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद और तेज होने की संभावना जताई जा रही है। अब सबकी नजर सरकार और जिला प्रशासन के अगले कदम पर टिकी है।

## डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

**मोतिहारी(एनएसबी)।** आज जनसंघ के संस्थापक एवं सांसतिक राष्ट्रवाद के प्रणेता ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर रुलही उच्च विद्यालय परिसर स्थित उनकी प्रतिमा स्थल के निकट आयोजित होने वाले जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार की उपस्थिति में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में विधायक श्री कुमार ने रुलही रोड का नाम ष्ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी पथष रखने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से स्वीति प्रदान की गई। वहीं, रुलही पंचायत के मुखिया मदन दास ने रुलही के चारों प्रवेश द्वारों का नाम ष्ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारष रखने का प्रस्ताव रखा, जिसका उपस्थित लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत कियास इस अवसर पर विधायक श्री कुमार ने कहा कि ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रसेवा, शिक्षा और सांसतिक राष्ट्रवाद के प्रति समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उनके विचार आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि उनकी जयंती के अवसर पर समाज के प्रत्येक वर्ग तक उनके आदर्शों और राष्ट्रनिर्माण के विचारों को पहुँचाने का संकल्प लेना चाहिएस उक्त अवसर पर भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील सिंह, मंडल प्रभारी मैनेजर सिंह, मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार सिन्हा, राजेश सिंह, महामंत्री अखिलेश सैनी, सितांशु शुक्ला, अमर भौमिक, केदार शुक्ला सहित उपस्थित कार्यकर्ताओं ने ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।


समारोह में उपस्थित लोग।

# भाजपा के नगर उत्तरी मंडल की मासिक सांगठनिक बैठक सम्पन्न

**मोतिहारी(एनएसबी)।** छतौनी स्थित मोतिहारी नगर उत्तरी मंडल मंत्री लड्डू सिंह बनिहारा के आवास पर भारतीय जनता पार्टी के मोतिहारी नगर उत्तरी मंडल की मासिक सांगठनिक बैठक मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री उत्तम मिश्रा ने कियास बैठक में संगठन द्वारा निर्धारित आगामी कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, शक्तिकेन्द्र और बूथ प्रशिक्षण कार्यक्रम, डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम, जनसंपर्क अभियान तथा विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गईस कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक घर तक पहुँचाने के साथ-साथ संगठन की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएँस इस अवसर पर मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका अनुशासित और समर्पित कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती


समारोह में उपस्थित लोग।

ही चुनावी सफलता का आधार है। प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर जनता के बीच सरकार की विकास योजनाओं एवं उपलब्धियों को पहुँचाना चाहिए, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो सकेस जिलाध्यक्ष पवन राज ने कहा कि संगठन नियमित बैठकों और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से निरंतर मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंडल एवं बूथ इकाई को निर्धारित कार्यक्रमों का समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय, अनुशासन और सेवा भाव के साथ संगठन के विस्तार में जुटने का आह्वान कियास बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अपनी - अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करने का निर्देश दिया गयास बैठक में उप महापौर ड़ लालबाबू प्रसाद, प्रदेश सह संयोजक (लघु उद्योग प्रकोष्ठ) दीपक सर्राफ, जिला उपाध्यक्ष सुधांशु रंजन, मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक अनिल वर्मा, उत्तरी मंडल प्रभारी संपूर्णानंद, सह मीडिया प्रभारी सुधीर गुप्ता, जिला महामंत्री उषा गुप्ता, माला सिन्हा, इलायची देवी, सविता गुप्ता सहित मंडल के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### रक्सौल अंचल कार्यालय में अरविंद कुमार ने संभाला अंचलाधिकारी का पदभार

**रक्सौल(एनएसबी)।** अंचल कार्यालय में नव पदस्थापित अंचलाधिकारी अरविंद कुमार ने पदभार ग्रहण कर लिया। इससे पहले श्री कुमार राजस्व अधिकारी थे।पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने अंचल कार्यालय के सभी कर्मियों के साथ बैठक कर कार्यशैली को बेहतर बनाने और आम जनता की समस्याओं के त्वरित निपटारे का निर्देश दिया। पदभार ग्रहण के बाद अरविंद कुमार ने कहा कि पारदर्शिता और समयबद्धता उनके काम की प्राथमिकता होगी। राजस्व संबंधी कार्यो, दाखिल-खारिज, परिमार्जन, लगान निर्धारण और भूमि विवादों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कर्मियों को निर्देश दिया कि कार्यालय आने वाले लोगों के साथ विनम्र व्यवहार रखें और किसी भी आवेदक को अनावश्यक रूप से भटकने न देंस उन्होंने बताया कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना उनकी जिम्मेदारी होगी। इसके लिए शिविरों और विशेष अभियानों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही लंबित वादों को जल्द से जल्द निपटाने के लिए एक्शन प्लान तैयार किया जाएगास अंचल कार्यालय के कर्मियों ने नवागत अंचलाधिकारी का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर राजस्व कर्मी और कार्यालय के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। अरविंद कुमार के पदभार ग्रहण करने से लोगों को उम्मीद है कि अंचल कार्यालय में अब कार्यो में तेजी आएगी और जनता को राहत मिली।

### सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत

**पीपरा(एनएसबी)।** पीपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गौर मठ के समीप रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में एक साइकिल सवार अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रैक्टर ने साइकिल को जोरदार ठोकर मार दी, जिससे साइकिल सवार की मौके पर ही जान चली गई। मृतक की पहचान दामोदरपुर निवासी लगभग 50 वर्षीय हरेंद्र राय के रूप में हुई है। घटना के बाद आसपास के इलाके में कोहराम मच गया हैं।मिली जानकारी के अनुसार, दामोदरपुर निवासी हरेंद्र राय (50 वर्ष) अपने घर से किसी काम के लिए साइकिल द्वारा निकले थे। जैसे ही वे गौर मठ के समीप पहुंचे, विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। ट्रैक्टर पर भारी मात्रा में सीमेंट लदा हुआ था। ठोकर इतनी जबरदस्त थी कि हरेंद्र राय सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर चोट आने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पीपरा के ही हार्डवेयर व्यवसायी का है ट्रैक्टरस्थानीय लोगों के मुताबिक, दुर्घटना को अंजाम देने वाला ट्रैक्टर पीपरा के ही एक स्थानीय हार्डवेयर व्यवसायी का बताया जा रहा है, जिस पर सीमेंट लोड कर ले जाया जा रहा था। हादसे के बाद घटनास्थल पर स्थानीय ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जांच शुरू घटना की सूचना मिलते ही पीपरा थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त साइकिल और सीमेंट लदे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है और व्यवसायी व चालक की पहचान के साथ मामले की पूरी जांच की जा रही है।

### सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत

**पीपराकोठी(एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित वाटगंज चौक पर रविवार को हुए सड़क हादसे में एक साइकिल सवार अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार चाचा-भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान रामगढ़ महुआ गांव निवासी 60 वर्षीय हरेंद्र सहनी के रूप में हुई है। घायलों में डुमरियाघाट थाना क्षेत्र के सारोतर गांव निवासी दिलीप पटेल और उनके भतीजे अभिजीत कुमार शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हरेंद्र सहनी वाटगंज चौक पर राष्ट्रीय राजमार्ग पार कर रहे थे। इसी दौरान चकिया की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार स्प्लेंडर बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एनएचएआई एंबुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेजा गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष पर जानलेवा हमला तेलवा गोसाईं रोड पर दो पक्षों में हिंसक भिड़ंत

**मारपीट में दोनों पक्षों से एक-एक व्यक्ति गंभीर घायल सूचना पर पहुंचे एसडीपीओ-1य पुलिस ने शुरू की जांच**

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ थाना क्षेत्र के ढेलवागोसाईं रोड में शनिवार को पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष लेखू उर्फ गौरव पर कथित तौर पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया। घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें दोनों ओर से एक-एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही एसडीपीओ-1 रामष्ण पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, स्थिति का जायजा लिया और जांच शुरू कर दी। पुलिस हमले के कारणों, विवाद की पृष्ठभूमि और इसमें शामिल लोगों की भूमिका की गहन पड़ताल कर रही है। मामले को लेकर क्षेत्र में तनाव का माहौल है, जबकि पुलिस ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का संकेत दिया है।

### चोरी कर निकला, लेकिन मोबाइल छोड़ गया एक गलती ने खोल दी चोर की पहचान

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** मोकामा थाना क्षेत्र के मोर गांव में एक चोर ने सूने घर को निशाना बनाकर इत्मीनान से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घर में रखे कीमती सामान समेटने के बाद वह आराम से निकल गया, लेकिन जल्दबाजी में हुई एक छोटी-सी चूक अब उसके लिए बड़ी मुसीबत बन गई।जानकारी के अनुसार, चोरी के बाद भागने के दौरान आरोपी का मोबाइल फोन घटनास्थल के पास ही गिर गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मोबाइल को अपने कब्जे में लेकर जब्त कर लिया। प्रारंभिक जांच में पुलिस को उम्मीद है कि मोबाइल में मौजूद डेटा, कल डिटेल, सिम कार्ड और अन्य डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान करना आसान होगा।घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। साथ ही क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि चोर की गतिविधियों का पता लगाया जा सके। पुलिस का कहना है कि चोरी गए सामान का आकलन किया जा रहा है और बरामद मोबाइल की तकनीकी जांच शुरू कर दी गई है। शुरुआती जांच में मिले सुरागों के आधार पर संदिग्ध की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चोर ने वारदात को पूरी सावधानी से अंजाम देने की कोशिश की, लेकिन अपना मोबाइल गिराकर वह खुद ही पुलिस को अपनी तलाश का मजबूत सुराग दे गया। पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### फरार अपराधियों पर कसेगा शिकंजा सोनूमोनू समेत कई के नाम इनाम के लिए मुख्यालय भेजे गए

**एसडीपीओ-1 की पहल, 25 हजार से 50 हजार तक के इनाम की हो सकती है घोषणा, गिरफ्तारी अभियान होगा और तेज**


**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ अनुमंडल क्षेत्र में लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर चल रहे कुख्यात अपराधियों पर अब शिकंजा कसने की तैयारी तेज हो गई है। एसडीपीओ-1 ने सोनू, मोनू सहित कई फरार अपराधियों के नाम पुलिस मुख्यालय को इनाम घोषित करने के लिए भेज दिए हैं। प्रस्ताव पर स्वीति मिलने के बाद इन अपराधियों पर घ25 हजार से घ50 हजार तक का इनाम घोषित किया जा सकता है।पुलिस सूत्रों के अनुसार, जिन अपराधियों के नाम भेजे गए हैं, वे विभिन्न संगीन आपराधिक मामलों में वांछित हैं और लगातार फरार चल रहे हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए पहले भी कई बार छापेमारी की गई, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। ऐसे में इनाम घोषित होने के बाद आम लोगों से भी सूचना मिलने की संभावना बढ़ेगी, जिससे गिरफ्तारी अभियान को गति मिलेगी। सूत्रों का कहना है कि इनाम घोषित होने के बाद इन अपराधियों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। तकनीकी साक्ष्यों, गुप्त सूचना तंत्र और विशेष पुलिस टीमों की मदद से गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जाएगा।पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इनाम की घोषणा से फरार अपराधियों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बढ़ेगा और उन्हें संरक्षण देने वालों पर भी कार्रवाई का रास्ता आसान होगा। फिलहाल प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय के विचाराधीन है। स्वीति मिलने के बाद आधिकारिक रूप से इनाम की घोषणा की जाएगी और पूरे क्षेत्र में वांछित अपराधियों की सूची सार्वजनिक की जा सकती है।


फरार मोनू सोनू, मोकामा नारंग जलालपुर।

### हथियार नहीं, किताबें बदलेंगी देश का भविष्य : अमित कुमार

**गरीब बच्चे के हाथ की किताब सबसे बड़ी सामाजिक क्रांति की शुरुआतय जागरूक नागरिक ही लोकतंत्र की असली ताकत, शिक्षा से पैदा होता है सवाल करने का साहस**

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ के पंचायती राज पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी शक्ति हथियार नहीं, बल्कि शिक्षित, जागरूक और संवेदनशील नागरिक होते हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता को सबसे अधिक भय उस गरीब बच्चे से होता है जिसके हाथ में किताब होती है, क्योंकि शिक्षा इंसान को केवल पढ़ना-लिखना नहीं सिखाती, बल्कि सोचने, समझने और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने का साहस भी देती है। समाज की वास्तविक प्रगति तब संभव होती है जब शिक्षा हर घर तक पहुंचे। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार का बच्चा जब किताब उठाता है तो वह केवल अपना भविष्य नहीं संवारता, बल्कि पूरे समाज में परिवर्तन की नई चेतना का संचार करता है। शिक्षा व्यक्ति को भीड़ का अनुयायी नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण निर्णय लेने वाला जिम्मेदार नागरिक बनाती है। अमित कुमार ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती नागरिकों की जागरूकता पर निर्भर करती है। जागरूक नागरिक अंधानुकरण नहीं करता, बल्कि संविधान, नैतिक मूल्यों और सत्य के आधार पर हर निर्णय का मूल्यांकन करता है। उन्होंने कहा कि सवाल पूछना लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि पुस्तकें कभी हिंसा का मार्ग नहीं दिखातीं, बल्कि संवाद, वैज्ञानिक ष्टिकोण, सहिष्णुता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करती हैं। इतिहास इस बात का साक्षी है कि स्थायी परिवर्तन तलवारों से नहीं, बल्कि विचारों, पुस्तकों और कलम की ताकत से आए हैं। शिक्षा ही वह माध्यम है जो अंधविश्वास को समाप्त कर समाज को प्रगतिशील दिशा देती है। विद्यालयों को राष्ट्र निर्माण का सबसे मजबूत आधार बताते हुए कहा कि यदि बच्चों के हाथों में किताबें होंगी तो देश का भविष्य सुरक्षित और समृद्ध होगा। शिक्षित समाज में अन्याय, शोषण और भेदभाव अधिक समय तक टिक नहीं सकते, क्योंकि जागरूक नागरिक अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग रहते हैं। अमित कुमार ने कहा कि गरीब बच्चे के हाथ की किताब केवल उसकी व्यक्तिगत सफलता का साधन नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। शिक्षा यह सिखाती है कि जन्म परिस्थितियाँ तय कर सकता है, लेकिन मंजिल ज्ञान, परिश्रम और जागरूकता से ही प्राप्त होती है।उन्होंने अंत में कहा, षजिस समाज में बच्चों के हाथों में किताबें होती हैं, वहाँ विचार जन्म लेते हैं। जहाँ विचार जीवित रहते हैं, वहाँ लोकतंत्र मजबूत होता है। इसलिए शिक्षा में किया गया निवेश किसी भी राष्ट्र का सबसे बड़ा और सबसे दूरगामी निवेश है।


अमित कुमार, प्रखंड बाढ।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रद्धालुओं व ग्रामीण की मांग पर बड़ा फैसला, मां तारा मंदिर से हटेगा स्टील बैरिकेड, कांसा की होगी घेराबंदीः संजय सिंह

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिले के महिषी स्थित विश्व प्रसिद्ध मां तारा मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबे समय से चली आ रही मांग पर प्रशासन एवं विधायक ने बड़ा फैसला लिया है। दिव्य विग्रह के चारों ओर लगे स्टील बैरिकेड को हटाकर उसकी जगह कांसा की घेराबंदी की जाएगी। इसके साथ ही सिंह द्वार निर्माण और सागवान की लकड़ी का नया पलंग उपलब्ध कराने की भी घोषणा की गई है। वशिष्ठ आराधिता विश्व प्रसिद्ध मां तारा मंदिर में दिव्य विग्रह के चारों ओर लगाए गए स्टील बैरिकेड को लेकर ग्रामीणों ने हाल ही में विधायक संजय सिंह एवं जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी, विधायक के निर्देश पर जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी स्नेहा झा प्रतिनिधिमंडल के साथ मंदिर पहुंचीं। इस दौरान सिमरी बख्तियारपुर के विधायक संजय सिंह भी मौजूद रहे। मंदिर परिसर में ग्रामीणों, श्रद्धालुओं और जनप्रतिनिधियों विधायक के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीणों ने स्टील बैरिकेड हटाकर उसकी जगह करीब ढाई फीट ऊंची कांसा की घेराबंदी कराने की मांग रखी। विधायक संजय सिंह ने श्रद्धालुओं की इस मांग को पूरा कराने का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान स्थानीय अंशु झा ने मंदिर के लिए लंबे समय से लंबित सिंह द्वार निर्माण का मुद्दा उठाया। इस पर विधायक संजय सिंह ने सिंह द्वार का निर्माण जल्द शुरू कराने की घोषणा की। साथ ही मंदिर में वर्तमान स्टील के पलंग को हटाकर उसकी जगह सागवान की लकड़ी का नया पलंग उपलब्ध कराने की भी बात कही। विधायक संजय सिंह की इन घोषणाओं के बाद ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। लोगों ने विधायक संजय सिंह का आभार जताते हुए सभी घोषणाओं को जल्द से जल्द धरातल पर उतारने की मांग की है।



### पतरघट के जम्हरा गांव निवासी स्वतंत्रता सेनानी सचेंद्र नारायण सिंह का 98 वर्ष की आयु में निधन

**पतरघट (सहरसा) (एनएसबी)।** पतरघट प्रखंड के जम्हरा गांव निवासी स्वतंत्रता सेनानी सचेंद्र नारायण सिंह का 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने के साथ-साथ अखिल भारतीय भ्रमणशील मानस प्रचार महासंघ के अध्यक्ष रहे। तथा समाजसेवा और राष्ट्रहित के कार्यों के लिए भी जाने जाते थे। उनके निधन पर परिजनों, ग्रामीणों एवं विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया। लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उनके निधन से क्षेत्र ने एक सम्मानित एवं प्रेरणास्रोत व्यक्तित्व को खो दिया है। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पहुंचे और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।



### राजद के 80वीं स्थापना दिवस पर पूर्व मंत्री नें केक काटकर कार्यकत्ताओं को किया संबोधित।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** राष्ट्रीय जनता दल राजद पार्टी का स्थापना दिवस समारोह रविवार को बड़े ही धूमधाम से शिवपुरी राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय पर मानाया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सह वरीय उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने केक काट 30वीं स्थापना दिवस मनाया। उन्होंने कहा राजद जनता दल गरीब वंचितों की आवाज की पार्टी है। इस स्थापना दिवस को जूम एप के माध्यम से



राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने सम्बोधित करते हुए सबों को बधाई दिया। उन्होंने कहा कि 5जुलाई 1997 को राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने पार्टी का गठन किया। पार्टी समाज के अन्तिम व्यक्ति की आवाज, खासकर पिछड़ा अतिपिछड़ा, अल्पसंख्यक, दलित को समाज के मूल धारा में जोड़ने का काम किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, सभी के भोजन बात की भी व्यवस्था थी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मद ताहिर ने किया।इस अवसर पर राजद के महानगर अध्यक्ष इंजीनियर कौशल यादव ने कहा कि राजद पार्टी अपने स्थापना दिवस पर संगठन को मजबूत बनाने एवं सरकार की विभेदकारी नीति के विरुद्ध सतत विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने कहा राजद संघर्षशील पार्टी है जिसके कारण हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव एवं युवा नेता तेजस्वी यादव के मार्गदर्शन में सड़क से संसद तक दबे कुचले एवं वंचित वर्ग की आवाज बनकर सतत संघर्षरत रहेगें।इस अवसर पर रजत सरवरिया,नेता रणजीत यादव, प्रवक्ता जावेद अनवर चांद,भारत यादव ,भीम कुमार भारती, गीता यादव, गुंजन देवी, सबिता यादव, रमेश शर्मा,पवन शर्मा, सभी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष, पार्टी के क्रियाशील पदाधिकारी, शंकर शशि, ललटु यादव, मनोज यादव इत्यादि ने भाग लिया।

### खेल क्लब में अधिक से अधिक युवाओं को शामिल होने का पुनः मिला मौका 15 अगस्त तक होगा आवेदन

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों के युवाओं के लिए सुनहरा मौका मिला है। इस दौरान पंचायतों में गठित खेल क्लबों को अधिक सक्रिय बनाने तथा युवाओं एवं खिलाड़ियों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खेल विभाग ने सदस्यता के लिए आवेदन पोर्टल पुनः खोल दिया है. अब इच्छुक युवक-युवतियां एवं खिलाड़ी 15 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर खेल क्लब के सदस्य बन सकेंगे. इस संबंध में जिला खेल पदाधिकारी, सहरसा ने जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पत्र जारी कर पंचायत स्तर पर इच्छुक सदस्यों को खेल क्लब से जोड़ने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है. जारी पत्र के अनुसार ग्राम पंचायतों में खेल क्लबों के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष का चयन पहले ही किया जा चुका है. अब क्लबों को अधिक क्रियाशील बनाने और युवाओं व खिलाड़ियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए सदस्यता अभियान को गति दी जा रही है. खेल क्लब नगर पंचायत सोनवषार्राज के सचिव दीपक राठौड़ , देहद पंचायत खेल क्लब के सचिव भास्कर सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा 1 जुलाई 2026 से 15 अगस्त 2026 तक सदस्यता के लिए ऑनलाइन पोर्टल पुनः संचालित किया गया है. इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय बेबसाइट बसनइ.इपींतेचवतजे.वतह पर जाकर आवेदन कर सकते हैं. सचिव दीपक राठौड़ ने इच्छुक युवा-युवतियो व खिलाड़ियों से खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु क्लब के सदस्य बनने की अपील की है।

### पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती आज

**सहरसा (एनएसबी)।** पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 6 जुलाई जन्म दिवस को भाजपा पुरे देश में जयंती मनाती है इस अवसर पर पर सहरसा जिला भाजपा की ओर से 6 जुलाई को अभिनव विवाह भवन विद्यापति नगर सहरसा में दिन के 12 बजे जयंती मनाई जाएगी। जिसमें बिहार प्रदेश की ओर से बिहार के पूर्व मंत्री राम प्रीत पासवान जी मुख्य अतिथि रहेंगे जिसमें सभी को आमंत्रित किया गया हैं। सहरसा जिला भाजपा के सभी पदाधिकारी पूर्व पदाधिकारी जिला कार्यसमिति सदस्य मंच मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सभी मंडल अध्यक्ष जी मंडल महामंत्री। ससमय जयंती समारोह में शामिल होने का कष्ट करेंगे। कार्यक्रम प्रभारी विजय बसंत जी रहेंगे। उक्त बातों की जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा एवं जिला महामंत्री शिव भूषण सिंह ने दी।

# उत्तरप्रदेश के मुरादाबाद में पतरघट निवासी दो युवक की सड़क हादसे में मौत

**परिजन व ग्रामीणों में मातम, दोनों परिवार का एकलौता पुत्र था**

**पतरघट (सहरसा) (एनएसबी)।** उत्तरप्रदेश स्थित मुरादाबाद में शनिवार की देर रात मझोला थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में सहरसा जिले के पतरघट मुख्यालय निवासी जदयू प्रखंड अध्यक्ष राज कुमार साह के इकलौते पुत्र 22 वर्षीय ओम कुमार उर्फ छोटू तथा उनके इकलौते भतीजे 24 वर्षीय प्रिंस कुमार की मौत हो गई। हादसे की सूचना रविवार सुबह गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। ओम कुमार तीन बहन में परिवार का सबसे छोटा और इकलौता बेटा था। वहीं उनके दिवंगत भाई अरविंद साह के एक पुत्र प्रिंस कुमार और एक पुत्री हैं। पिता के निधन के बाद प्रिंस कुमार पर ही परिवार की जिम्मेदारी थी। परिजनों के अनुसार ओम कुमार उर्फ छोटू मुरादाबाद स्थित टीएमयू में बीएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई कर रहा था, जबकि प्रिंस कुमार दरभंगा में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता था। एक सप्ताह पहले प्रिंस परीक्षा देने दिल्ली गया था।



रोते-बिलखते परिजन।

शनिवार शाम वह अपने चचेरे भाई ओम से मिलने मुरादाबाद पहुंचा और रात में उसी के साथ ठहरा। रात में दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर किसी काम से शहर की ओर निकले थे। इसी दौरान मुरादाबाद के मझोला थाना क्षेत्र में उनकी बाइक सड़क हादसे का शिकार हो गई, जिसमें दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। रविवार सुबह घटना की सूचना गांव पहुंचते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। ओम कुमार उर्फ छोटू की दादी सत्यभामा देवी, पिता एवं जदयू प्रखंड अध्यक्ष राज कुमार साह, मां रंजू देवी, बहन अनुपम कुमारी, टंडन कुमारी, मौसम कुमारी और प्रिंस कुमार की मां रिंकू कुमारी, बहन मनीषा कुमारी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों के चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही जनप्रतिनिधि, स्थानीय ग्रामीण और शुभचिंतक बड़ी संख्या में पीड़ित परिवार के घर पहुंचे तथा शोक-संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। दोनों युवकों की असमय मौत से पूरे पतरघट क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है।

## लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक, पूर्व केंद्रीय मंत्री

**पद्म भूषण श्रद्धेय रामविलास पासवान जी की 80वीं जयंती महोत्सव आयोजित**



माल्यार्पण कर श्रद्धाजलि अर्पित करते कार्यकत्ता

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिला परिषद सहरसा स्थित पूजा बैंक्वेट हॉल में लोक जनशक्ति पार्टी सहरसा के तत्वावधान में लोजपा के संस्थापक, पूर्व केंद्रीय मंत्री, पद्म भूषण श्रद्धेय रामविलास पासवान जी की 80 वीं जयंती महोत्सव लोजपा के अध्यक्ष महेंद्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. रामबिलास पासवान की 80 वीं जयंती के मौके पर आयोजित जयंती महोत्सव में सबसे पहले बाबा साहब आंबेडकर एवं रामविलास पासवान की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। महोत्सव में संगठन के सभी प्रकोष्ठों एवं प्रखंडों के अध्यक्षों ने भाग लेकर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजलि अर्पित किए और उनको अपना आदर्श मानते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का न केवल संकल्प लिया बल्कि गरीबों, दलितो, अभिवंचितों, मजदूरों के अधिकार के लिए संघर्ष के वचनबद्धता को दोहराया। जयंती महोत्सव को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष महेंद्र कुमार शर्मा ने कहा की उन्होंने अपने जीवन में प्रशासन को नहीं शासन को चुना। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व रामविलास पासवान की ही देन है राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत गरीबों को मिलने वाली अनाज।वे गरीबों के लिए सोचते थे और चिंतित रहते थे। जयंती महोत्सव को युवा प्रदेश उपाध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार यादव, युवा जिलाध्यक्ष संदीप पासवान, महिला जिलाध्यक्ष रिंकू कुमारी, संसदीय बोर्ड जिलाध्यक्ष मणिकांत सिंह, आई टी सेल जिलाध्यक्ष गगन कुमार, जिला महासचिव हरे कृष्ण कुमार, जिला उपाध्यक्ष पार्वती कुमारी,प्रधान महासचिव रमेश चैधरी, अति पिछड़ा जिला कार्यकारी अध्यक्ष रतन कुमार साह,प्रखंड अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह,उपाध्यक्ष के डी शर्मा, प्रखंड अध्यक्ष अरुण यादव, अभिषेक आनंद, फुलेश्वर रजक, मोहम्मद सद्दाम, रणधीर सिंह, मनीष कुमार, सोहन सिंह, सुशील पासवान, विद्यानंद पासवान, बिजेंद्र हांसदा, प्रदीप पासवान, नगर अध्यक्ष नरेश मिस्त्री, सोनी देवी, ज्योति कुमारी, माला देवी, फूलो देवी, रीभा कुमारी, सुलेखा देवी, हीना देवी, सनुपम पासवान, काजल देवी, आदर्श पासवान आदि नेताओं ने संबोधित किया।

### तेज रफ्तार बाइक ने वृद्ध को मारी ठोकर, इलाज के दौरान मौत

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** सहरसा में तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल सवार मजदूर को टक्कर मार दी। घायल मजदूर की इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई, जबकि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र की है। मृतक की पहचान सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के भटोनी वार्ड 8 निवासी बाबूजन शर्मा के 65 वर्षीय पुत्र भोली शर्मा के रूप में हुई है। घायल बाइक चालक 25 वर्षीय विनय कुमार सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के तुलसियाही का निवासी है। उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। भोली शर्मा रोज की तरह शनिवार सुबह 8 बजे काम पर भटपुरा गए थे। वह फर्नीचर मिस्त्री के मजदूर के रूप में काम करते थे। शनिवार देर शाम काम निपटाकर वह साइकिल से घर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि भोली शर्मा साइकिल समेत सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने सहरसा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, सहरसा सदर अस्पताल पहुंचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया। सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घायल बाइक चालक विनय कुमार के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। उसे इलाज के लिए सहरसा सदर अस्पताल लाया गया था, लेकिन डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। सदर थाना अध्यक्ष अजय कुमार पासवान ने बताया कि सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हुई है।



## प्रारंभिक शिक्षकों को प्रोन्नति पूर्ण वेतनमान व पुरानी पेंशन लागू करवाने तक आंदोलन जारी रहेगाः प्रदीप कुमार पप्पू

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** प्रमंडलीय पुस्तकालय भवन में रविवार को कोशी प्रमंडल का शिक्षक संवाद सह सम्मेलन का उद्घाटन संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार पप्पू ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रमंडलीय सम्मेलन में अतिथियों का फुलमाला, पाग, सॉल, बुके देकर स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने प्रमंडल के सभी संघीय पदाधिकारी व प्रतिनिधि को अपने हाथों से सम्मानित कर उर्जा बर्धन किया। कार्यक्रम का अध्यक्षता राज्य सचिव सह जिला अध्यक्ष सहरसा निरंजन कुमार ने किया। मंच का संचालन मधेपुरा जिला अध्यक्ष भुवन कुमार ने किया।प्रमंडलीय शिक्षक संवाद सह सम्मेलन को संबोधित करते हुए संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार पप्पू ने कहा कि व्यक्ति,समाज,गांव,राज्य एवं राष्ट्र के समुचित विकास हेतु बेहतर शिक्षा व्यवस्था होना आवश्यक है। इस हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण सवाल है कि शिक्षा व्यवस्था की सुदृढ़ीकरण तथा शिक्षकों को समुचित सुविधा देकर हालत को सुधारना। साथ ही समाज के लिए आवश्यक है सकारात्मक सोच के साथ शिक्षकों प्रति अपनी अवधारणा को बदलना। क्योंकि राष्ट्र की मुख्यधारा शिक्षा को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी शिक्षकों का है। इसलिए सरकार, शिक्षक, अभिभावक एवं बच्चों के बीच समन्वय स्थापित होना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरकार शिक्षकों के भिन्न-भिन्न नामकरण एवं अलग-अलग सुविधा निर्धारित कर शिक्षा-व्यवस्था के मूल ढांचे को ध्वस्त कर दिया है। जो शिक्षा जगत के लिए दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को समय पर वेतन, प्रोन्नति, स्थानांतरण समेत कई अन्य सुविधाएं नियम होने के बाबजूद नहीं मिलना घोर अन्याय है। इसे प्राप्त करने हेतु भी शिक्षकों को विद्यालय छोड़ सड़क पर आंदोलन करना पड़ता है। ये सब सरकार एवं विभाग की विफलता का द्योतक है। पप्पू ने स्पष्ट कहा कि नियमावली में प्रावधान होने के बावजूद नियोजित शिक्षकों को कालबद्ध प्रोन्नति, स्नातक ग्रेड में प्रोन्नति तथा प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति नहीं करना साथ ही ऐच्छिक स्थानांतरण की सुविधा से वंचित रखना विभागीय अधिकारियों के मनमानी एवं सरकारी आदेश का अवेहलना करने को दशार्ता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नियोजित शिक्षक, विशिष्ट शिक्षक, विद्यालय अध्यापक, प्रधान शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक सभी कोटि के शिक्षकों को समरुप तरीके से प्रत्येक माह की पहली तारीख को वेतन भुगतान सुनिश्चित करने, नियमावली के प्रावधानों के आलोक में 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले नियोजित शिक्षकों को कालबद्ध प्रोन्नति, बेसिक ग्रेड में 8 वर्ष की सेवा पर स्नातक ग्रेड में प्रोन्नति तथा स्नातक ग्रेड में 5 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर मध्य विद्यालय प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति देने,सभी कोटि के शिक्षकों के लिए अंतर जिला एवं जिला अंतर्गत ऐच्छिक तथा पारस्परिक स्थानांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ करने, नियोजित शिक्षक, विशिष्ट शिक्षक, विद्यालय अध्यापक, प्रधान शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक को सप्तम पुनरीक्षित वेतनमान के अंतर्गत स्वीकृत पे-बैंड-2 का पूर्ण वेतनमान लागू करने, पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित करने,नियोजित शिक्षकों के ईपीएफ अंशदान की कटौती वास्तविक भुगतेय मूल वेतन के आधार पर सुनिश्चित करने,विभाग के आदेश के आलोक में सभी जिलों में विद्यालय अध्यापक, प्रधान शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक को वेतन संरक्षण के साथ संशोधित वेतन का भुगतान करने प्रधान शिक्षकों के लिए वेतन स्लैब निर्धारित करने, सर्वोच्च न्यायालय के यथास्थिति आदेश के आलोक में सेवा से मुक्त किए गए अप्रशिक्षित शिक्षकों को पुनः योगदान कराकर वेतन भुगतान करने तथा कार्यरत अप्रशिक्षित शिक्षकों का वेतन भुगतान सुनिश्चित करने, मृत शिक्षकों के आश्रितों की अनुकंपा नियुक्ति के लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने, हिंदी माध्यम विद्यालयों में शनिवार तथा उर्दू माध्यम विद्यालयों में गुरुवार को अर्द्ध दिवसीय (हाफ डे) संचालन की पूर्व व्यवस्था पुनः लागू करने, शिक्षकों की सेवा निवृत्ति 65 वर्ष करने, शारीरिक शिक्षकों को सहायक शिक्षक की सुविधा अविलंब लागू किया जाए। सरकार द्वारा शिक्षकों की प्रमुख मांगों की पूर्ति ससमय नहीं होने पर समस्याओं का समाधान को आगामी लेकर मानसून सत्र के दरम्यान बिहार विधानसभा का घेराव किया जाएगा। सम्मेलन में सभी नेताओं ने एकजुटता के साथ कहा कि शिक्षकों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से विधानमंडल में उठाने के उद्देश्य से आगामी कोशी स्नातक विधान परिषद चुनाव में बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ की ओर से उम्मीदवार उतारा जाएगा। ताकि शिक्षकों की संघर्ष का आवाज सही तरीके से सदन में उठाया जा सके। सम्मेलन को मुख्य अतिथि प्रदेश कोषाध्यक्ष अनवार करीम, उपाध्यक्ष शंभू यादव , निरंजन कुमार प्रदेश सचिव ने भी संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के सभी कोटि के शिक्षकों को अपने हकों की प्राप्ति हेतु गोलबंद रहने की आवश्यकता है। शिक्षकों से अपील किया कि संघ से जुड़े समस्याओं का समाधान निश्चित होगा। आज तक संघ के सतत संघर्ष से ही सुविधा मिला है। सम्मेलन को कोशी प्रमंडल उपाध्यक्ष रामविलास कुमार,मधुबनी जिला अध्यक्ष संजीव कामत, कटिहार अध्यक्ष तमीजउद्दीन, पूर्णिया अध्यक्ष पवन जायसवाल, अररिया अध्यक्ष जाफर रहमानी, सुपौल अध्यक्ष पंकज जायसवाल, मधेपुरा जिला प्रधान सचिव संजय कुमार, सहरसा जिला सचिव अमीन अकबर, जिला संयुक्त सचिव सह महिषी प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण कुमार, कोषाध्यक्ष सुर्यनारायण कुमार, कार्यालय सचिव अमरेंद्र कुमार, जिला उपाध्यक्ष अजय प्रेम, जहां आरा, विनोद कुमार, कहरा प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार रंजन, सिमरी बख्तियार प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार सुमन, सतरकटैया प्रखंड अध्यक्ष बौआ रजक, सोनवर्षा प्रखंड अध्यक्ष अरविन्द कुमार, दिग्विजय कुमार, कुमारी नूतन सिंह, बिंदु कुमार पन्ना, कैलाश प्रसाद मंडल, बंधन पासवान, पांडव नारायण पंडित, अरविन्द कुमार आरोही, सुधीर कुमार, लता माधव, दिलीप कुमार अफरोज आलम, माहिर अली, उमर फारुख, दिलीप कुमार, सुरेन्द्र कुमार राय, अभिमन्यु झा, सत्येन्द्र कुमार, अमरेन्द्र सिंह, मनोज यादव, अंजल इमाम, सुमन कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह, अजीजुर्रहमान, संजय रेड्डी, संजय कुमार, आशीष कुमार, संजीत कुमार, शंकर कुमार, अनिल ठाकुर, सिंहेश्वर पासवान, चंद्रकांत, अनिल कुमार ने मुख्यरूप से सम्बोधित किया।





आंदोलन पर प्रारंभिक शिक्षक संघ।

## रौनियार समाज ने भरी हुंकार, 9 अगस्त को ऐतिहासिक महासम्मेलन का बिगुल, संगठन की मजबूती

**समाज की एकता और युवाओं की भागीदारी पर दिया गया विशेष बल**



रौनियार समाज के कार्यकत्ता



महिलाएं

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा, जिला सहरसा द्वारा रविवार को बरियाही रोड स्थित विजय रिसॉर्ट में आयोजित जिला कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक उत्साह, जोश और सामाजिक एकता के संकल्प के साथ संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं ने आगामी 9 अगस्त को आयोजित होने वाले रौनियार समाज के महासम्मेलन को ऐतिहासिक, भव्य और अभूतपूर्व बनाने का सर्वसम्मति से संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने की। इस अवसर पर प्रमंडल अध्यक्ष विजय गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष बजरंग गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष रवि गुप्ता सहित जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारी तथा समाज के अनेक सम्मानित गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ष्संगठित समाज ही सशक्त समाज होता है।ष समाज की उन्नति शिक्षा, संगठन, आपसी सहयोग और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। सभी ने समाजहित को सर्वोपरि रखते हुए आपसी मतभेदों को भुलाकर एकजुट होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया।बैठक में निर्णय लिया गया कि 9 अगस्त के महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए जिला के प्रत्येक प्रखंड, पंचायत एवं गांवों तक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। समाज के प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर उन्हें कार्यक्रम में परिवार सहित भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि रौनियार समाज अपनी एकता, सामाजिक चेतना और संगठनात्मक शक्ति का प्रभावशाली परिचय दे सके।युवा जिला अध्यक्ष रवि गुप्ता ने कहा कि समाज का भविष्य युवाओं के हाथों में है। यदि युवा संगठित होकर समाज सेवा का संकल्प लें, तो रौनियार समाज नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। उन्होंने युवाओं से बढ़-चढ़कर जिम्मेदारी निभाने और 9 अगस्त के महासम्मेलन को ऐतिहासिक सफलता दिलाने का आह्वान किया।बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं ने एक स्वर में संकल्प लिया कि ष9 अगस्त का महासम्मेलन रौनियार समाज की एकता, स्वाभिमान और सामाजिक शक्ति का ऐतिहासिक प्रतीक बनेगा।बैठक में जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारी, युवा साथी तथा बड़ी संख्या में समाजबंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।इस अवसर पर बैठक की अध्यक्षता मनोज गुप्ता,संचालन जिला महासचिव हेमनारायांन सोनू मुख्य अतिथि प्रदेश उपा अध्यक्ष बजरंग गुप्ता,मुख्य वक्ता कैलाश प्रसाद गुप्ता, शिव शंकर गुप्ता, राजनीति गुप्ता, राज कुमार गुप्ता, योगेंद्र गुप्ता, अरुण गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, उपेंद्र गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता उर्फ पिंटू, गजेंद्र गुप्ता, महिला जिला संयोजक प्रतिमा गुप्ता, शिव शंकर प्रसाद गुप्ता, अनंत प्रसाद गुप्ता, युवा अध्यक्ष रवि कुमार, भूषण गुप्ता, पंकज गुप्ता, अखिलेस गुप्ता , अरविंद गुप्ता , नीरज सोनू,,राजू गुप्ता, सिन्टू गुप्ता, श्रवण गुप्ता, आशीष गुप्ता सोनू , सोनू गुप्ता, अमन गुप्ता,पप्पू प्रकाश गुप्ता,ओम प्रकाश गुप्ता मुन्ना, किरण गुप्ता, शोभीता देवी, संगीता गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### नव मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष का खगड़िया में भव्य स्वागत

**खगड़िया।** पटना से कटिहार जाने के क्रम में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नव मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह का खगड़िया स्थित नवनिर्मित भाजपा जिला कार्यालय में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष गौरव चौधरी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं जोरदार नारों के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने युवाओं से संगठन की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा कि युवा मोर्चा आगामी दिनों में बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत और सक्रिय बनाने के लिए व्यापक अभियान चलाएगा। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा युवा मोर्चा नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा संगठन और अधिक सशक्त एवं गतिशील बनेगा।कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री नीरज नवीन, प्रदेश मंत्री मुकेश यादव, अंकेश सक्सेना, प्रशान्त शेखर बंटी, विकास सिन्हा, गौतम यादव, रवि चौधरी, अभिषेक कुमार एवं ऋषभ नारायण सहित अनेक प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं जिला स्तर पर जिला महामंत्री ड इंदु भूषण कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी सह मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार राय, युवा मोर्चा जिला महामंत्री प्रताप रवि सिंह, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमर सिन्हा, मुस्कान शर्मा, रकी सिंह सिसोदिया सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया और प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया।

### भोरहा बासा की टीम ने जीता फाईनल मुकाबला

**बेलदौर।** प्रखंड क्षेत्र के बोबिल पंचायत के भोरहा बासा (मुस्लिम टोला) के खेल मैदान में रविवार को टी ट्वेंटी क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच भोरहा बासा बनाम दिघौन के बीच खेला गया। जिसमें टस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए भोरहा बासा के टीम ने निर्धारित ओवर में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 176 रनों का स्कोर खड़ा किया, जबकि जबाव में उतरी दिघौन की टीम 17 ओवर 2 गेंद में सभी विकेट खोकर केवल 130 रनों पर ही सिमट गई। निर्णायक मंडल के द्वारा भोरहा बासा टीम को विजेता घोषित किया गया। टुर्नामेंट का आयोजन एमसीसी क्रिकेट टीम भोरहा बासा के द्वारा किया गया। फाइनल मैच के मेन आफ द मैच एवं मेन आफ द सीरीज का खिताब विजेता टीम के खिलाड़ी अबुतल्हा को दिया गया, जिसने अपने आक्रामक बल्लेबाजी से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। उन्होंने 15 गेंद में 51 रन बनाकर टीम को विजयी बनाने में अहम भूमिका निभाई। विजेता टीम के कप्तान जितेन्द्र कुमार को जदयू नेता ऋषभ कुमार ने शील्ड प्रदान किया। वहीं उपविजेता टीम के कप्तान आशिफ को इंजीनियर मिथिलेश कुमार ने मोमेंटो एवं नगद 71 सौ रुपये देकर सम्मानित किया। फाइनल मैच के समापन के मौके पर बोबिल पंचायत के उपमुखिया मिथिलेश कुमार, अंपायर मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद इरशाद, कमेन्टेटर श्रीकांत, मोहम्मद मोनाजिर, विकास कुमार, अमित कुमार, स्कोरर मोहम्मद नियाज, मोहम्मद जलील उद्दीन, मनोवर, नोमान, अहद, मोहम्मद इज्जान, मोजाहिद, मेराज, मोहम्मद अनवर सहित दर्जनों की संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### सतीशनगर उप स्वास्थ्य केंद्र में टीबी स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन

**परसाहा।** परबत्ता प्रखंड के सोढ उत्तरी पंचायत स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र सतीशनगर में टीबी स्क्रीनिंग माइक्रो प्लान शिविर का आयोजन किया गया। परबत्ता पीएचसी प्रभारी चिकित्सक ड. कशिश ने जानकारी दी कि जिला चिकित्सा पदाधिकारी के निर्देशानुसार प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में टीबी स्क्रीनिंग माइक्रोप्लान शिविर लगाए जा रहे हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में क्षय रोग की समय पर पहचान कर मरीजों को त्वरित जांच एवं उपचार उपलब्ध कराना है। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की गई और लक्षणों के आधार पर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया। इस अवसर पर मरीजों की रक्तचाप (बीपी) एवं ब्लड शुगर की जांच भी की गई तथा जरूरतमंदों को विटामिन, दर्द निवारक और गैस संबंधी दवाइयां वितरित की गईं।

# जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने रविवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आवास बोर्ड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया तथा छात्राओं की टीबी स्क्रीनिंग का निरीक्षण कर स्वास्थ्य जांच की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने दिव्यांग छात्राओं के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में संचालित दिव्यांग छात्राओं के लिए विशेष व्यवस्थाओं, स्मार्ट क्लास, स्टडी रूम, शौचालय, मेडिकल जांच, भोजन व्यवस्था तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं का विस्तार से अवलोकन किया। इसके उपरांत उन्होंने छात्राओं के साथ आत्मीय संवाद कर उनकी पढ़ाई, रहन-सहन, भोजन, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना। उल्लेखनीय है कि खगड़िया जिले में कुल 07 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय संचालित हैं, जिनमें अलौली एवं परबत्ता में (कक्षा 6 से 12) तथा शेष प्रखंडों में (कक्षा 6 से 8) विद्यालय संचालित हैं। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में नामांकित 100 छात्राओं में से 82 छात्राएं उपस्थित पाई गईं। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (एसएसए) को छात्राओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। विद्यालय में एलपीजी गैस की उपलब्धता से संबंधित समस्या का शीघ्र समाधान कराने के भी निर्देश दिए। साथ ही छात्रावास की सुरक्षा एवं नियमित गश्ती सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थानाध्यक्ष को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (एसएसए) को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आवास बोर्ड, खगड़िया को टाइप-1 से टाइप-3 में उत्क्रमित करने हेतु भूमि चिन्हित कर भवन निर्माण का प्रस्ताव विभाग को शीघ्र भेजने का निर्देश दिया। निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को छात्राओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सुविधाओं से जुड़े सभी कार्यो का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


निरीक्षण करते डीएम।

## रामविलास पासवान की जयंती पर शहरबन्नी पहुंचे सांसद राजेश वर्मा

### संस्थापक के विचारों और संघर्ष को आगे बढ़ाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि : राजेश वर्मा

**खगड़िया।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के संस्थापक, पद्म भूषण स्वर्गीय रामविलास पासवान की जयंती के अवसर पर खगड़िया जिले के अलौली विधानसभा अंतर्गत उनके पैतृक गांव शहरबन्नी में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित खगड़िया के सांसद राजेश वर्मा ने स्व़ रामविलास पासवान की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सांसद ने स्मारक स्थल पर आयोजित विशाल भोज में खुद श्रमदान कर कार्यकर्ताओं और आम लोगों को भोजन परोसा। श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत सांसद राजेश वर्मा ने लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की बड़ी मां राजकुमारी देवी से मुलाकात की। उन्होंने पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया और उनके कुशलक्षेम एवं स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान सांसद ने उनके पैतृक आवास पर जुटे स्थानीय लोगों और ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को करीब से सुना। सांसद ने मौके पर ही मौजूद अधिकारियों और प्रतिनिधियों को जनसमस्याओं के त्वरित निदान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पत्रकारों से बात करते हुए सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि, श्रद्धेय रामविलास पासवान को सही मायने में सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि जिस लक्ष्य, शोषितों-वंचितों के उत्थान की सोच और सामाजिक न्याय के साथ उन्होंने इस पार्टी की नींव रखी थी, उसे हम आगे बढ़ाएं। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि, आज हमारे नेता चिराग पासवान के कुशल मार्गदर्शन में पार्टी नित नई उड़ान भर रही है। वर्तमान में पार्टी के पास 5 सांसद, बिहार सरकार में 2 मंत्री, एक केंद्रीय मंत्री, बिहार में 19 विधायक, नागालैंड में 2 विधायक और झारखंड में 1 विधायक हैं। हमारी पार्टी का हर एक कार्यकर्ता अपने नेता को सच्ची श्रद्धांजलि केवल जयंती और पुण्यतिथि पर नहीं, बल्कि साल के पूरे 12 महीने जनता के बीच रहकर और संघर्ष करके दे रहा है। शहरबन्नी में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम के दौरान लोजपा (रामविलास) के जिलाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि पवन जयसवाल समेत पार्टी के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी, बड़ी संख्या में मुख्य कार्यकर्ता और स्थानीय प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। सभी ने रामविलास पासवान के विचारों पर चलने का सामूहिक संकल्प लिया।


श्रद्धांजलि देते सांसद।


चिराग की बड़ी मां से मिलते सांसद।

## जदयू कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई पद्मभूषण रामविलास पासवान की 80वीं जयंती

**खगड़िया।** शहर के कचहरी रोड स्थित जनता दल (यूनाइटेड) कार्यालय में लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक, पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा खगड़िया के गौरव पद्मभूषण स्वर्गीय रामविलास पासवान की 80वीं जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ। इस अवसर पर जदयू जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी ने कहा कि रामविलास पासवान केवल खगड़िया या बिहार के नहीं, बल्कि पूरे देश के जननायक थे। उन्होंने दलित, पिछड़े, वंचित एवं गरीब वर्गो के अधिकारों के लिए संसद से लेकर सड़क तक संघर्ष किया। मंडल आयोग की सिफारिशों के समर्थन तथा आर्थिक रूप से कमजोर सवर्ण वर्ग के लिए आरक्षण की दिशा में उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही। उन्होंने शहर के प्रमुख स्थल पर स्वर्गीय पासवान की आदमकद प्रतिमा स्थापित किए जाने की मांग भी दोहराई। जदयू जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने कहा कि स्वर्गीय पासवान सामाजिक न्याय के सशक्त प्रहरी थे। दूरसंचार सहित विभिन्न मंत्रालयों में उनके कार्यो ने देश की विकास यात्रा को नई दिशा दी। उनका संघर्षपूर्ण जीवन आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा और अनुकरण का विषय है। कार्यक्रम में राजनीतिक सलाहकार नीलम वर्मा,अतिपिछड़ा के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज कुमार पटेल, जिला उपाध्यक्ष अनिल जयसवाल, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रभाकर चौधरी, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव धर्मेंद्र महतो,निर्मला कुमारी, मोहम्मद शहाबउद्दीन ने कहा कि रामविलास पासवान निष्पक्षता, पारदर्शिता और ईमानदारी से देश की सेवा किया,जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता है। इस अवसर पर रामप्रकाश सिंह, राजनीति प्रसाद सिंह, विणा पासवान, सतीश आनंद, चन्देश्वरी राम, फिरदोस आलम, हर्षवर्धन कुशवाहा, राजवर्धन कुशवाहा, पंकज चौधरी, पूनम जायसवाल एवं कमल किशोर पटेल सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन के बैनर तले बैठक

**चौथम।** प्रखंड परिसर स्थित बजरंगबली मंदिर के समीप बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन के बैनर तले एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंजू कुमारी ने की। बैठक में पूर्व में किए गए कार्यो की समीक्षा करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सेविका एवं सहायिकाओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं उनके समाधान को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष उर्मिला कुमारी एवं जिला महासचिव सह राज्य महासचिव कुमारी निर्मला ने संयुक्त रूप से संगठन की वर्तमान स्थिति, आगामी कार्यक्रमों तथा सेविका-सहायिकाओं की समस्याओं पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि सरकार से लंबित मांगों को पूरा कराने के लिए सभी सदस्यों को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। बैठक में 15 जुलाई को पटना में 58 सूत्री मांगों के समर्थन में आयोजित होने वाले प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन के राज्य सम्मेलन को सफल बनाने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान सदस्यों ने बाल विकास परियोजना कार्यालय में लंबे समय से नियमित सीडीपीओ की नियुक्ति नहीं होने, डेटा अपरेटर एवं महिला पर्यवेक्षिका से संबंधित समस्याओं, मोबाइल के रखरखाव,पोषाहार भुगतान में अनियमितता, मानदेय भुगतान में देरी तथा मोबाइल रिचार्ज के लिए विभाग द्वारा दी जाने वाली अपर्याप्त राशि सहित कई अन्य समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इन सभी मुद्दों के समाधान के लिए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा चरणबद्ध आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया।बैठक में अनिता देवी, कमला कुमारी, सरिता कुमारी, रेणु कुमारी, देवकी देवी, गुंजा कुमारी, शालिनी कुमारी, गीता कुमारी सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाएं उपस्थित थीं।

# 32वीं राज्यस्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस-2026 के लिए शिक्षकों को मिला विशेष प्रशिक्षण

**खगड़िया (एनएससबी)।** 32वीं राज्यस्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस-2026 के तहत दक्षिण बिहार क्षेत्रीय दिशा-निर्देशन सह दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन खगड़िया डायट (रामगंज संसारपुर) में संपन्न हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन साइंस फर सोसाइटी बिहार के अध्यक्ष प्ऱो अरुण कुमार, बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष ड़ सुरेश प्रसाद राय, क्षेत्रीय समन्वयक हर्षवर्धन कुमार, राज्य शैक्षिक समन्वयक प्ऱो रश्मि कोमल, प्ऱो सीऱएस़ झा, डायट के प्रभारी प्राचार्य विक्रांत भास्कर तथा जिला समन्वयक अनुराधा कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यशाला में खगड़िया, बेगूसराय, मुंगेर, भागलपुर, बांका, लखीसराय, जमुई, शेखपुरा और कटिहार जिले के लगभग 60 विज्ञान शिक्षक, जिला समन्वयक, रिसोर्स पर्सन एवं शैक्षिक समन्वयकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के संचालन एवं प्रबंधन की जिम्मेदारी जिला समन्वयक अनुराधा कुमारी एवं शैक्षिक समन्वयक जताउल्लाह ने निभाई। इस वर्ष बाल विज्ञान कांग्रेस का मुख्य विषय ष्निरंतरता के लिए विज्ञान एवं नवाचारष् रखा गया है। कार्यशाला में मुख्य विषय के साथ इसके पांच उप-विषयों पर वैज्ञानिक परियोजनाओं के निर्माण, प्रस्तुतीकरण तथा मूल्यांकन की विस्तृत जानकारी दी गई। साइंस फर सोसाइटी बिहार के अध्यक्ष प्ऱो अरुण कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस बच्चों को अपने आसपास की समस्याओं का वैज्ञानिक ष्टिकोण से समाधान खोजने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भारत सरकार के पोर्टल पर प्रतिभागियों का अनलाइन पंजीकरण कराया जाएगा तथा प्रत्येक छात्र को लग बुक और प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करनी होगी। बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष ड़ सुरेश प्रसाद राय ने कहा कि वर्तमान समय में जीवन की निरंतरता बनाए रखने के लिए नए-नए वैज्ञानिक अनुसंधानों की आवश्यकता है। वहीं क्षेत्रीय समन्वयक हर्षवर्धन कुमार ने शिक्षकों से अपने-अपने जिलों में बेहतर तैयारी सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए कहा कि उनकी मेहनत ही बच्चों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगी।

राज्य शैक्षिक समन्वयक प्ऱो रश्मि कोमल ने भारतीय ज्ञान प्रणाली सहित विभिन्न उप-विषयों पर मार्गदर्शन दिया। ड़ रामनंदन सहनी ने श्भोजन, षि एवं स्वास्थ्यश् विषय पर व्याख्यान देते हुए संतुलित भोजन और स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित किया। स्टेट रिसोर्स पर्सन गणपति कुमार और प्ऱो सीऱएस़ झा ने भी परियोजना निर्माण की तकनीकी बारीकियों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यशाला के दूसरे दिन पूर्व राज्य संयोजक ड़ पीक़े शरण ने सभी जिलों के प्रतिभागियों से परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण कराया। इसके बाद जिला समन्वयक अनुराधा कुमारी ने पीपीटी के माध्यम से परियोजना प्रस्तुति दी। मोहम्मद शहजाद हसन ने प्रभावी परियोजना प्रस्तुतीकरण के तरीके बताए, जबकि हर्षवर्धन कुमार ने प्रत्येक जिले में कम-से-कम 500 परियोजनाएं तैयार कराने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्रखंड एवं अनुमंडल स्तर पर पहले चयन प्रक्रिया आयोजित करने की सलाह दी। कार्यक्रम के समापन पर प्ऱो सीऱएस़ झा ने बेहतर परियोजना निर्माण के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए तथा जिला आयोजन समिति के सदस्य शशि कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभी प्रतिभागियों को विदाई दी।



कार्यशाला में शिक्षकगण।

## संक्षिप्त खबरें

### लालू प्रसाद यादव ने सत्ता के लिए कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया है : मनोहर यादव

**खगड़िया।** शहर के ष्णापुरी बलुआही स्थित जिला राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय के कर्पूरी सभागार में पूर्व एमलसी प्रत्याशी सह राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनता दल का 30 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्थापना दिवस में के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खगड़िया जिला संगठन प्रभारी प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक ड एज्या यादव उपस्थित थीं। इस अवसर पर सर्वप्रथम पूर्व विधायक ड एज्या यादव, पूर्व एमलसी प्रत्याशी सह राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव,पूर्व विधायक रामवृक्ष सदा, जिला प्रधान महासचिव नंदलाल मंडल,जिला उपाध्यक्ष प्रमोद यादव, कैलाशचंद्र यादव,प्रकाश राम, प्रदेश महासचिव नरेश सहनी, पंचायतीराज प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुबोध यादव,युवा जिलाध्यक्ष उदय यादव,जिला कार्यकारिणी सदस्य मीरा सिंह,मुखिया शम्भू चौरसिया, खगड़िया सदर प्रखंड अध्यक्ष सुनील चौरसिया, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार उर्फ राजा चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से केक काटकर किया गया और सभी लोग एक दूसरे को केक और मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव ने स्थापना दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को केक और मिठाई खिलाया और कार्यक्रम के बाद सभी कार्यकर्ताओं को भोजन भी कराया। वही राजद के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने जूम एप के माध्यम से खगड़िया जिला सहित पूरे बिहार के कार्यकर्ताओं को राजद के 30 वां स्थापना दिवस की बधाई दिया और जूम एप के माध्यम से स्थापना दिवस कार्यक्रम को देखें। पूर्व विधायक ड एज्या यादव ने कहा कि खगड़िया जिला में राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव के नेतृत्व में बहुत अच्छे तरीके से धूमधाम से उत्सव दिवस के रूप में स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। कार्यकर्ताओं में काफी खुशी है। उन्होने कहा कि 5 जुलाई, उस ढ़ संकल्प का दिन है, जब बाबा साहेब के संविधान की मूल भावना को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने, पिछड़े, दलितों, वंचितों, शोषितों, गरीबों को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए गरीबों के मसीहा राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने राष्ट्रीय जनता दल की स्थापना की थी। आज लालू यादव के सामाजिक न्याय के संकल्प के वृक्ष राष्ट्रीय जनता दल 30 वर्ष का हो गया है।सामाजिक न्याय के नेता लालू प्रसाद यादव ने हमेशा गरीब दलित, पिछड़ा,अतिपिछड़ा शोषित वर्ग के लिए लड़ाई लड़ते रहे हैं और जब भी मौका मिला उसके लिए काम किये हैं। राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव ने कहा कि 5 जुलाई का दिन राजद और राजद परिवार के साथ हीं समाजवाद , सामाजिक न्याय और साम्प्रदायिक सौहार्द के प्रति भरोसा रखने वाले लोगों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। 5 जुलाई 2026 को राजद अपना 30 वाँ स्थापना दिवस मना रहा है। आज भी बिहार की राजनीति का मुख्य केन्द्र-विन्दु राजद हीं है। चाहे वह सत्ता में रहा हो या सत्ता से बाहर। उन्होने कहा कि 5 जुलाई 1997 को दिल्ली के बिहार निवास में समाजिक न्याय के महानायक और साम्प्रदायिक सद्भाव के प्रतिक पुरुष लालू प्रसाद यादव की अध्यक्षता में आयोजित एक भव्य समारोह में इसका गठन किया गया था। लालू प्रसाद यादव ने राष्ट्रीय जनता दल का गठन बिहार के किसान,मजदूर ,दलित ,पिछड़ा, अतिपिछड़ा ,शोषित वर्ग के हक और अधिकार के लिए लड़ाई लड़ते रहे हैं। लालू प्रसाद यादव जब मुख्यमंत्री बने तो मंडल कमीशन को लागू कर आरक्षण का दायरा बढ़ाकर समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों समाज के मुख्य धारा में लाने का काम किया। आरएसएस और मनुवादी विचारधारा के लोगों ने साजिस के तहत फर्जी तरीके से केश में फंसाकर परेशान कर रहे हैं लेकिन लालू प्रसाद यादव बिहार के विकास के लड़ाई लड़ रहे हैं। लालू प्रसाद यादव के तरह ही तेजस्वी प्रसाद यादव भी समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रहे हैं। तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बना तो तेजस्वी प्रसाद यादव ने लाखों नौजवानों को नौकरी देने का काम किये। बिहार में जातिगत जनगणना कराकर आरक्षण का दायरा बढ़ाने का काम किये। राष्ट्रीय जनता दल और इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव सत्ता के लिए कभी अपने सिद्धांतों से कभी कोई समझौता नहीं किया है। लालू के मार्गदर्शन और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के प्रभावकारी नेतृत्व में राष्ट्रीय जनता दल आज भी उन संकल्पों को लेकर आम लोगों के साथ खड़ी है जिन संकल्पों को लेकर इसका गठन किया गया था। स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी सह वार्ड पार्षद पप्पू यादव,पंचायतीराज प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राजकिशोर राज, राजद जिला महासचिव सह उपमुख्य पार्षद पप्पू सुमन,पप्पू यादव,चंदन सिंह, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।


केक काटते राजद नेतागण।

### कानू समाज को मिले अनुसुचित जाति की दर्जा : अजय

**खगड़िया।** कानू जाति को अनुसूचित जाति की दर्जा मिलनी चाहिएं। आज कानू जाति और आर्थिक, शैक्षणिक तथा राजनीतिक क्षेत्र में पिछड़ा है। कानू समाज के लोग पुस्तैनी धंधा कंसार जलाकर अपना पुरा परिवार का भरण पोषण कर रहा है। इस लिए कानू जाति के उत्थान तथा कल्याण के लिए कंसार आयोग का गठन करने की जरूरत है। उक्त बातें सदर प्रखंड के शारदा फार्म हाउस बछौता में आयोजित कानू विकास संघ के 11 वां जिलास्तरीय सम्मेलन में संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार कानू ने रविवार को कहीं। उन्होंने कहा की आवादी के हिसाब से राजनीतिक में कानू जाति को भागीदारी मिलनी चाहिए। कानू जाति को उचित हक व हिस्सा मिले। इसको लेकर हम सब को एक जुट होकर संघर्ष करने की जरूरत है। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद राजेश वर्मा ने कहा की कानू समाज मेहनती होते हैं। मेहनत मजदूरी करके अपना परिवार का भरण पोषण करते है। कानू समाज को शैक्षणिक तथा आर्थिक रूप में मजबूत होने की जरूरत है।जब शिक्षित होंगे तभी कानू समाज पुर्ण रूप से विकसित होगें। उत्तर प्रदेश की तरह ही बिहार में भी वैश्य आयोग का गठन करने की जरूरत है। जिलाध्यक्ष माक्खन साह ने कहा की संघ सभी की सहयोग से बनता है। इसको चलाने के लिए सभी की सहयोग की जरूरत है। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद राजेश वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार कानू,प्रदेश सचिव ष्णनंदन गुप्ता आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट के किया। मंच का संचालन व अध्यक्षता मक्खन साह ने किया। मौके पर भागलपुर जिलाध्यक्ष गणेश साह, जिला सचिव नवीन कुमार गुप्ता, परवत्ता प्रखंड अध्यक्ष सह चेयरमैन प्रतिनीधि रंजीत कुमार साह, सुबोध साह, जिला सचिव सिकेन्दर साह कान, हीरा गुप्ता, मुखिया अरूण कुमार साह, कोषाध्यक्ष डां महेश कुमार, कुन्दन गुप्ता,करण कुमार मुन्ना, चुनाव प्रभारी अर्जुन कुमार साह,डा सरोज कुमार देव, रोहित कुमार, हरेराम साह ,अर्जुन साह आदि मौजूद थे।

### पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर किया कार्रवाई की मांग

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के नारदपुर निवासी के वार्ड चार निवासी प्रकाश यादव के पुत्र विकास कुमार विद्यार्थी ने बेलदौर थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर परिवार की सुरक्षा की मांग की है। आवेदक ने आवेदन में लिख है कि 25 जून की रात राम विलाश यादव स्व0 वलितर यादव, अजीत कुमार, सुजीत कुमार,तीनों पिता राम विलाश यादव और उषा देवी पति राम विलाश यादव ने तीन-चार अज्ञात व्यक्तियों के साथ हथियार लेकर घर में घुसकर गाली-गलौज करते हुए राम विलाश यादव और दूसरी तरफ अजीत कुमार ने विकास कुमार की कनपटी पर पिस्तोल सटाकर कहा कि तुम केस मेल करेगा की जान से जाएगा। पीड़ित ने कहा कि जब विरोध किया तो राम विलाश यादव और उषा देवी ने धमकी दी कि तुम्हारा बेटा को हस्टल से निकाल के हत्या कर देंगे, नहीं तो केस मेल कर लो उसी में भलाई है। तुम पुलिस को आवेदन देगा तो कुछ नहीं होगा, तुमको पुलिस कब तक बचाता है देखेंगे। आवेदन में बताया गया कि इससे पहले भी बीते 27 अप्रैल को सभी नामित व्यक्ति और अज्ञात लोगों ने धमकी दी थी। उस समय विरोध करने पर उषा देवी ने पीड़ित की पत्नी को गंदी-गंदी गाली-गलौज करते हुए बाल पकड़कर जमीन पर गिराकर घसीटकर मारपीट की थी। बेलदौर थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित परिवार का आवेदन प्राप्त कर लिया गया है। अपने अधीनस्थ कर्मी से मामले की जांच करवा कर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### साइबर ठगों ने युवक के खाते से अट्ठानबे हजार उड़ाए

**फतुहा।** थाना क्षेत्र के नोहटा निवासी रोहित कुमार सिन्हा के खाते से साइबर अपराधियों ने दो बार में अट्ठानबे हजार रुपए उड़ा लिए। पीड़ित ने रविवार को को साइबर थाने में शिकायत करते हुए फतुहा थाने में भी लिखित आवेदन दिया लेकिन थाने में उसका आवेदन स्वीकार नहीं किया गया। पीड़ित के अनुसार उसका खाता एसबीआई, फतुहा में है। शनिवार को उसके खाते से दो बार में अट्ठानबे हजार रुपए निकल गए। पीड़ित के अनुसार उसने किसी के साथ अपना बैंक संबंधी कोई भी जानकारी साझा नहीं किया था। साइबर थाना आगे की कार्रवाई में जुटा है।

### पुलिस प्रशासन के विरोध में नारेबाजी

**फतुहा।** गत दिनों अपराधियों ने दरियापुर नयाटोला निवासी 28 वर्षीय नवीन कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के कई दिन बीत जाने के बाद अपराधियों की गिरफ्तारी न होने से स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। रविवार की शाम हजारों की संख्या में महिला-पुरुषों ने दरियापुर से महारानी चौक तक बैनर के साथ पुलिस प्रशासन के विरोध में नारेबाजी करते हुए एक विरोध मार्च निकाला। इसके बाद लोगों ने थाना परिसर में घुसकर करीब 15 मिनट तक नारेबाजी की। लोगों का कहना था कि घटना के कई दिनों के बाद भी अब तक हत्यारा पुलिस पहुंच से बाहर है। लोगों ने अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। इस घटना को लेकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है।

### ट्रैक्टर सड़क किनारे पलटा, चालक घायल

**फतुहा।** थाने के बिहटा-दनियावां-सरमेरा एसएच 78 पर रविवार को कंचनपुर गांव के पास एक ट्रैक्टर सड़क किनारे पलट गया। इस घटना में ट्रैक्टर चालक घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर में फंसे चालक को बाहर निकालकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत स्थिर है। इसके बाद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। ट्रैक्टर बेलदारी चक की ओर से फतुहा आ रहा था तभी एक मवेशी को बचाने में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### स्वयंसेवकों ने प्रेम यूथ फाउंडेशन का किया भ्रमण

**फतुहा।** भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, मेरा युवा भारत के बक्सर, भोजपुर एवं जहानाबाद के पचास राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवको ने देश के अग्रणी युवा संगठन प्रेम यूथ फाउंडेशन का किया परिभर्मन। कार्यक्रम का उद्घाटन माय भारत के राज्य निदेशक कपिलदेव शास्त्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने युवाओ को संबोधित करते हुये कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक विकसित भारत 2047 की मजबूत कड़ी है। गाँव का युवा मंडल प्रेम यूथ फाउंडेशन आज देश दुनिया मे युवाओं के लिए स्वरोजगार, युवा नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास, राष्ट्रीय एकता शिविर, युवाओ को एक्सपोजर विजिट करा रहा है यह सभी स्वयंसेवको के लिए अनुकरणीय है। वही जिला युवा अधिकारी संजना वत्स ने कहा कि भाग्य भरोसे रहना कायरों का लक्षण है हर व्यक्ति को समुदाय के बेहतरी के लिए प्रयत्न करना ही चाहिए। फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि चार दशक के युवाओं राष्ट्र के मुख्य धारा में जोड़ने के प्रयत्नशील है। फाउंडेशन के स्वयंसेवक सुरुचि, कुमकुम, आरती, प्रिया,ममता,सरिता,बिभा ने पुष्पवर्षा एवं चंदन लगाकर सभी का स्वागत किया। मौके पर प्रशिक्षक अंगद यादव, भाजपा नेत्री सुमन विंद, देवानंद कुमार, दिलीप कुमार, राजीव कुमार,अजय राज, ऋतिक राज वर्मा, सुधांशू कुमार, सन्नी एवं मन्नी समेत सैंकड़ो युवा मौजूद रहे।

# बच्चों की खरीद-फरोख्त करने वाले गिरोह का आरपीएफ जीआरपी ने किया खुलासा

## 15 घंटे के अंदर पटना से गिरफ्तार हुए गिरोह के दो सदस्य, बच्चे को डेढ़ लाख रुपये में बेचने की थी साजिश, तीन आरोपी गिरफ्तार, जमालपुर स्टेशन परिसर से अगवा हुआ था बच्चा

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर रेलवे स्टेशन से शनिवार को अपनी दादी के पास सो रहे दो वर्षीय मासूम का अपहरण कर उसे बेचने की साजिश रचने वाले अंतरराज्यीय बाल तस्करी गिरोह का पर्दाफाश आरपीएफ एवं जीआरपी की टीम ने रविवार को संयुक्त रूप से किया है। पहले तो संयुक्त टीम ने फरक्का एक्सप्रेस से एस्कर्ट पार्टी के सहयोग से अपहरणकर्ता मोहम्मद टीपू उर्फ अहसान को गिरफ्तार करते हुए 2 वर्ष के बच्चे आदर्श को बरामद किया। वहीं गिरफ्तार अपहरणकर्ता के निशानदेही पर आरपीएफ जीआरपी की टीम ने पटना पहुंचकर अंतरराष्ट्रीय बच्चा चोर गिरोह के सरगना पटना निवासी बबलू कुमार एवं उनके सहयोगी राजेश कुमार को गंगा नदी के किनारे से गिरफ्तार किया गया।अपहरणकर्ता से पूछताछ के दौरान यह भी पता चला कि बच्चे का सौदा 150 लाख रुपये में तय हुआ था,



गिरफ्तार बच्चा चोर गिरोह का खुलासा करते आरपीएफ जीआरपी।

जबकि उसे आगे 5 से 6 लाख रुपये में संतानहीन दंपतियों को बेचने की योजना थी। आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव एवं सीआईबी इंस्पेक्टर एसके सुधा के साथ जीआरपी इंस्पेक्टर स्वराज कुमार बताया कि पटना से गिरफ्तार हुए बच्चा चोर गिरोह के सरगन बबलू कुमार ने खुलासा किया कि बेरोजगार होने के बाद उसने अपने भाई के सहयोग से संतानहीन दंपतियों की तलाश कर बच्चों की खरीद-फरोख्त का अवैध नेटवर्क तैयार किया था। मोहम्मद टीपू बच्चों का अपहरण करता था।जबकि राजेश कुमार एजेंट की भूमिका निभाता था। गिरोह अपहृत बच्चों को लाखों रुपये में बेचने का धंधा करता था।पुलिस ने तीनों आरोपितों के कब्जे से मोबाइल फोन जब्त किए हैं।जिनमें बच्चों की खरीद-बिक्री से जुड़े महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य मिले हैं। सभी आरोपितों को विधिवत गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।इधर बरामद मासूम आदर्श कुमार का चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद उसे चाइल्ड वेलफेयर कमेटी मुंगेर के समक्ष प्रस्तुत कर विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत सुपुर्द कर दिया गया। विदित हो कि खगड़िया जिले के परबत्ता थाना क्षेत्र के बैसा गांव निवासी कारी देवी अपने दो वर्षीय पोते आदर्श कुमार को इलाज के लिए जमालपुर लाई थीं। रेलवे स्टेशन के प्लेटफर्म संख्या-1 पर बच्चा सो रहा था, तभी एक युवक उसे उठाकर फरक्का एक्सप्रेस से अपहरण कर ले जा रहे थे।

## सिसवा गांव में कोसी का भीषण कटाव जारी, कटावरोधी कार्य शुरू

**चौथम।** प्रखंड के सरसावा पंचायत अंतर्गत सिसवा गांव में कोसी नदी का भीषण कटाव लगातार जारी है। कटाव की भयावह स्थिति से गांव के लोग दहशत में हैं। ग्रामीण रातभर जागकर अपने घरों और सामान की निगरानी करने को मजबूर हैं। अचानक तेज कटाव होने से कई परिवारों के आशियाने नदी में समा गए, जिससे प्रभावित परिवारों के सामने रहने, खाने और दैनिक जरूरतों का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। इस कटाव से संजय यादव, बिजेंद्र यादव, गौरीशंकर शाह, नरेश शाह, मुकेश शाह और राजेश शाह सहित अन्य परिवार के सिर से छत छिन जाने के कारण उनके सामने आश्रय की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रारंभिक स्तर पर उन्होंने अपने संसाधनों से कटाव रोकने का प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव के आगे सभी प्रयास नाकाफी साबित हुए। इसके बाद लोगों की निगाहें प्रशासनिक सहायता पर टिक गई थीं। अब प्रशासन की ओर से कटाव रोधी कार्य शुरू किए जाने के बाद ग्रामीणों में कुछ राहत और भरोसा देखने को मिल रहा है। स्थानीय ग्रामीण घनश्याम यादव, सुचिंद्र यादव, मासी आलम, तनवीर आलम और अशोक यादव ने बताया कि जिला परिषद सदस्य अध्यक्ष ष्णा यादव के सहयोग तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर युद्ध स्तर पर कटाव रोधी कार्य शुरू कराया गया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस कार्य को और तेज गति से चलाया जाए ताकि गांव को बड़े नुकसान से बचाया जा सके। मौके पर कनीय अभियंता (जेई) प्रिंस कुमार की निगरानी में कटाव रोधी कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यदि मौसम और नदी की स्थिति सामान्य रही तो दो से तीन दिनों के भीतर कटाव रोधी कार्य पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इधर, कटाव से प्रभावित परिवारों ने जिलाधिकारी से तत्काल सरकारी सहायता, राहत सामग्री और आवासीय सहयोग उपलब्ध कराने की मांग की है। पीड़ितों का कहना है कि उनके घर उजड़ चुके हैं और अब उनके सामने परिवार का भरण-पोषण तथा चूल्हा-चौका चलाने का भी संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी और स्थायी कटाव रोधी उपाय नहीं किए गए तो आने वाले दिनों में गांव के और भी कई घर तथा षि भूमि नदी की भेंट चढ़ सकती है।

## टोटो के धक्के से सब्जी विक्रेता हुई घायल, जनप्रतिनिधि ने कराया इलाज

### घटना ईस्ट कलोनी थाना क्षेत्र के नयागांव मस्जिद मोड का

**जमालपुर (मुंगेर)।** ईस्ट कलोनी थाना क्षेत्र के नयागांव मस्जिद मोर समीप सब्जी बेच रही एक महिला उसे समय बुरी तरह जख्मी हो गई जब सड़क पार करने के दौरान एक टोटो धक्का मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। घायल महिला सब्जी विक्रेता की पहचान चंदनपुरा निवासी गीता देवी के रूप में हुई है। इधर टोटो के धक्के से घायल हुई महिला का इलाज करवाने में रामनगर के सरपंच प्रवीण कुमार तत्परता दिखाते हुए उन्हें उपचार के लिए तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर पहुंचने का काम किया। इधर समय पर घायल महिला का इलाज अस्पताल में होने से डक्टर अशोक कुमार पासवान ने बताया कि महिला का सर में चोट लगी है प्राथमिक उपचार कर दिया गया है। इधर जिस टोटो से महिला घायल हुई उस टोटो चालक को जनता ने अपनी भाषा में सबक सीखाने गुरेज नहीं किया। बरहाल 1 घंटे सड़क पर दुर्घटना के दौरान हुई अपना तकरीर के बीच स्थानीय पुलिस कोई खैर खबर लेना मुनासिब नहीं समझा।



घायल महिला को अस्पताल ले जाते लोग।

## जमालपुर में मनाया गया राजद का स्थापना दिवस

**जमालपुर (मुंगेर)।** राष्ट्रीय जनता दल का तीसवाँ स्थापना दिवस बड़े धूम धाम से मंटू कुमार यादव के निवास पर केक काटकर मनाई गई।स्थापना दिवस पर मंटू कुमार यादव ने कहा स्थापना दिवस पर सभी राजद परिवार संकल्प लिए जनता के मूल समस्या क्या आवाज को बुलंद करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिए।मौके पर उपस्थित जुल्फेकार अंसारी, निरंजन यादव, प्रतिमा चौरसिया, नरेश यादव, ब्रजमोहन तांती, राकेश कुमार, नीरज शर्मा, सुनील कुमार, दिलीप कुमार, लक्ष्मण चौरसिया, ष्णदेव चौरसिया, पिंटू सिंह, राजेश मंडल, राहुल कुमार, दीपनारायण ठाकुर, सूरज कुमार,अजय मालाकार, इत्यादि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सहरसा में 28-29 जुलाई को होगा श्रीव्यास गुरु पूर्णिमा खगड़िया से हजारों श्रद्धालु पहुंचेंगे

**खगड़िया।** श्रीशिवशक्तियोगपीठ नवगछिया के तात्वाधान में एवं जगतगुरु श्री रामचंद्राचार्य परमहंस स्वामी आगमानंद जी महाराज के सानिध्य में ष्श्रीव्यास गुरु पूर्णिमा महोत्सव-2026ष् का आयोजन 28 एवं 29 जुलाई को सहरसा में किया जाएगा। यह दो दिवसीय आध्यात्मिक महोत्सव एम् एल् टी. कलेज खेल मैदान, सहरसा में आयोजित होगा, जिसमें देशभर से श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। खगड़िया जिले से हजारों श्रद्धालु सहरसा पहुंचेंगे। खगड़िया के मीडिया प्रभारी रणवीर सिंह ने बताया श्रीशिवशक्तियोगपीठ से जुड़े सभी समिति के पदाधिकारी गण एवं सदस्य श्रीव्यास गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारी में जुट गए हैं। खगड़िया जिले से हजारों की संख्या में लोग सहरसा पहुंचेंगे। गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि गुरु भक्ति, आध्यात्मिक जागरण, सेवा, समर्पण, सामाजिक समरसता एवं मानव कल्याण का महापर्व है। कार्यक्रम के पहले दिन 28 जुलाई को सुबह 7 बजे से सद्गुरु पूजन, सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक दीक्षा कार्यक्रम, दोपहर 12 से 3 बजे तक भजन संध्या तथा शाम 3 बजे से 8 बजे तक मंच उद्घाटन, सम्मान समारोह एवं अतिथियों के प्रेरक विचार आयोजित होंगे। वहीं 29 जुलाई को सुबह 8 बजे से रात 9 बजे तक गुरु पूजन, दर्शन, भजन-कीर्तन, संतों एवं विद्वानों के प्रवचन तथा इच्छानुसार दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव का आयोजन उत्सव समिति, सहरसा एवं समस्त भगवत शिष्यगण एवं अंतेवासी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं एवं श्रद्धा परिवार से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर गुरु पा प्राप्त करने की अपील की है।

## रेल ट्रैक किनारे महिला का शव मिलने से सनसनी, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बख्तियारपुर लिंक के पास रेल ट्रैक किनारे एक महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के परिजनों ने हत्या कर शव को रेल ट्रैक के किनारे फेंके जाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यह सामान्य घटना नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या का मामला है। परिजनों ने निष्पक्ष जांच कर दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है।

# मुंगेर में संगठन विस्तार और बिहार की बदलती सामाजिक राजनीति

## लोहिया से राहुल तक : पिछड़ों की राजनीति में कांग्रेस की नई तलाश, बिहार में ओबीसी दांव क्या संगठन से लौटेगी कांग्रेस

**मुंगेर (एनएसबी)।** बिहार की राजनीति में यदि किसी सामाजिक समूह ने पिछले तीन दशकों की सत्ता का चरित्र तय किया है, तो वह पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग है। मंडल आंदोलन के बाद सामाजिक न्याय केवल एक राजनीतिक नारा नहीं रहा, बल्कि चुनावी राजनीति का सबसे प्रभावशाली आधार बन गया। राम मनोहर लोहिया का प्रसिद्ध नारा संसोपा ने बांधी गांठ पिछड़े पावें सौ में साठ आज भी सामाजिक प्रतिनिधित्व की बहस का केंद्रीय संदर्भ है।यही कारण है कि बिहार में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अब ओबीसी और इबीसी वर्ग को अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन वापस पाने की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में देख रही है। जातीय जनगणना, सामाजिक प्रतिनिधित्व और आरक्षण के मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने के साथ-साथ पार्टी अब जिला और प्रखंड स्तर पर संगठन को नए सामाजिक नेतृत्व के हाथों मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है।

इसी क्रम में मुंगेर जिले में ओबीसी विभाग के अध्यक्ष के रूप में राकेश कुमार मंडल की नियुक्ति को केवल एक संगठनात्मक निर्णय नहीं, बल्कि कांग्रेस की व्यापक सामाजिक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। प्रदेश ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग चंदन द्वारा उनके मनोनयन के लगभग ढाई महीने बाद संगठन विस्तार की गतिविधियों में तेजी दिखाई दे रही है। प्रखंड और पंचायत स्तर पर समितियों के गठन, सदस्यता अभियान और जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से संगठन को सक्रिय करने का प्रयास किया जा रहा है।



कांग्रेस नेता राकेश कुमार मंडल।

राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि राकेश कुमार मंडल की पहचान पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन के निकट सहयोगी के रूप में रही है। यदि वे कांग्रेस संगठन में विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक धाराओं के बीच संवाद स्थापित करने में सफल होते हैं, तो इसका लाभ पार्टी को स्थानीय स्तर पर मिल सकता है। हालांकि, किसी भी संगठनात्मक सफलता की अंतिम कसौटी चुनावी परिणाम ही होते हैं।

कांग्रेस के सामने चुनौती केवल ओबीसी और इबीसी समाज तक पहुंच बनाने की नहीं, बल्कि उस भरोसे को पुनः अर्जित करने की है जो पिछले तीन दशकों में विभिन्न क्षेत्रीय दलों के पक्ष में स्थानांतरित हुआ। बिहार का मतदाता आज केवल जातीय पहचान के आधार पर निर्णय नहीं करताय नेतृत्व की विश्वसनीयता, स्थानीय मुद्दे, रोजगार, शिक्षा, षि और विकास भी उतने ही महत्वपूर्ण कारक बन चुके हैं।इसलिए मुंगेर में राकेश कुमार मंडल की सक्रियता को किसी एक व्यक्ति की भूमिका तक सीमित करके नहीं देखा जाना चाहिए। यह कांग्रेस के उस बड़े राजनीतिक प्रयोग का हिस्सा है,जिसमें पार्टी सामाजिक न्याय की नई व्याख्या के साथ बिहार में अपने संगठन और जनाधार को पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रही है।राकेश कुमार मंडल की पहचान केवल एक राजनीतिक कार्यकर्ता तक सीमित नहीं रही है। सामाजिक क्षेत्र में भी उनकी सक्रिय भागीदारी उल्लेखनीय रही है। तुषार गांधी की बिहार यात्रा के दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन और जनसंपर्क में सक्रिय भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त मुंगेर में वे लंबे समय से श्शाश्वत संस्कारश नामक सामाजिक संस्था के माध्यम से लावारिस और अज्ञात शवों के सम्मानजनक अंतिम संस्कार का कार्य कर रहे हैं। सदर अस्पताल और स्थानीय पुलिस प्रशासन के सहयोग से यह संस्था ऐसे शवों का उनके धर्म और परंपराओं के अनुरूप पूरी गरिमा के साथ अंतिम संस्कार सुनिश्चित करती है। यह सेवा केवल मानवीय संवेदना का उदाहरण नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व का भी महत्वपूर्ण कार्य है।

## संक्षिप्त खबरें

### पांच दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का समापन, 40 बच्चों को मिला प्रमाण पत्र

**खगड़िया।** जिला कला एवं संस्ति कार्यालय, खगड़िया की ओर से आयोजित पांच दिवसीय निःशुल्क चित्रकला कार्यशाला (वर्कशप) का शनिवार को विधिवत समापन हो गया। कार्यशाला में जिले के 40 बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ मिथिला पेंटिंग एवं मंजूषा पेंटिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।कार्यशाला के दौरान बच्चों को चित्रकला से जुड़ी सभी आवश्यक सामग्री, जैसे रंग, ब्रश, पेपर एवं अन्य संसाधन, जिला कला एवं संस्ति विभाग की ओर से पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराए गए। पांच दिनों तक बच्चों ने पारंपरिक लोक कलाओं की बारीकियों को सीखते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न दिनों में खगड़िया की अनुराधा गुप्ता, भागलपुर की ड उलूपी झा तथा बेगूसराय की नीलू सिन्हा ने प्रशिक्षक के रूप में बच्चों को मिथिला एवं मंजूषा कला की विशेषताओं, इतिहास और तकनीकों की जानकारी दी। प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने आकर्षक कलातियां तैयार कीं।समापन अवसर पर जिला कला एवं संस्ति पदाधिकारी घनश्याम कुमार ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाओं का उद्देश्य बच्चों में छिपी रचनात्मक प्रतिभा को पहचान देना और बिहार की समृद्ध लोक कला परंपराओं से उन्हें जोड़ना है। उन्होंने कहा कि मिथिला और मंजूषा जैसी लोक कलाएं हमारी सांस्तिक धरोहर हैं। नई पीढ़ी जब इन्हें सीखेगी और आगे बढ़ाएगी, तभी हमारी सांस्तिक विरासत सुरक्षित और समृद्ध रहेगी। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसी कार्यशालाओं के आयोजन का भरोसा दिलाया।कार्यक्रम के अंत में बच्चों और उनके अभिभावकों ने जिला कला एवं संस्ति विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए इसे प्रतिभा निखारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बतायज्ञं जिला कला एवं संस्ति पदाधिकारी घनश्याम कुमार ने बताया कि 8 जुलाई 2026 से पांच दिवसीय लोक संगीत (गायन) कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला में जिले के 40 बच्चों को अनुभवी एवं सुयोग्य प्रशिक्षकों द्वारा लोक संगीत का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं विभाग की ओर से उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने जिले के इच्छुक बच्चों से इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी कला और प्रतिभा को निखारने की अपील की।

### डायट सोनपुर प्राचार्य सहित चार शिक्षिकाओं का स्थानांतरण

**सोनपुर (एनएसबी)** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) सोनपुर (सारन) से प्राचार्य सहित तीन शिक्षिकाओं का पदोन्ति देते प्राचार्य के पद पर तथा एक शिक्षिका एससीईआरटी पटना स्थान पर स्थानांतरण किया गया। डा. फरहत जहं ने डायट सोनपुर में प्राचार्य पद पर पदभार ग्रहण की। मिली जानकारी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) सोनपुर सारन के प्राचार्य अभय कुमार सिंह, का स्थानांतरण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, (डायट) बांका (विहार) किया गया। ड वन्दना कुमारी का जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायल) प्राचार्य पद पर जिला अरवल में पदस्थापित किया गया। डा़ शिखा कुमारी का व्याख्याता डायट जिला बक्सर में पदस्थापित किया गया। श्रीमति अंजू कुमारी का स्थानांतरण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) जिला जहानाबाद में प्राचार्य के पद किया गया। श्रीमति आरती कुमारी का पदस्थापन एससीईआरटी, पटना किया गया। डायट सोनपुर प्राचार्य अभय कुमार सिंह ने तीन साल, डा़ वन्दना कुमारी छह साल, डा़ शिखा कुमारी चार साल, श्री अंजू कुमारी छह साल तथा श्रीमति आरती कुमारी छह साल तक अपनी सेवा दी। वहीं शनिवार दिन को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) सोनपुर, सारन परिसर में विदाई समारोह आयोजित कर राहुल तिवारी वरीय लिपिक की अध्यक्षता में पूर्ण सम्मान के साथ विदाई दी गई।

### पानी की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने जताया आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी

**जमालपुर (मुंगेर)।** इंडियन इंक्लूसिव पार्टी (आईआईपी) के तत्वावधान में रविवार को जमालपुर नगर परिषद के वार्ड संख्या 8 एवं 9 स्थित रामपुर रेलवे मैदान में ष्जन की बात आईआईपी के साथष कार्यक्रम



कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष नरेंद्र ताती का स्वागत करते जनता।

का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के मुंगेर जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार तांती ने की।बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय महिला एवं पुरुष शामिल हुए और क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं, विशेषकर पेयजल संकट, को प्रमुखता से उठाया। स्थानीय लोगों ने कहा कि वे नियमित रूप से टैक्स देते हैं और मतदान भी करते हैं, लेकिन वर्षों से पेयजल की समस्या का समाधान नहीं हो सका है। भीषण गर्मी में पीने, नहाने और घरेलू उपयोग के लिए भी पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो रहा है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नल-जल योजना के नाम पर सड़कों को खोदकर जर्जर कर दिया गया, जबकि जलापूर्ति की व्यवस्था अब तक सुचारु नहीं हो सकी है। बरसात के दिनों में नालियों के जाम रहने से स्थिति और गंभीर हो जाती है। लोगों ने कहा कि 5जी के दौर में भी उन्हें पानी जैसी बुनियादी सुविधा के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।सभा में स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो पेयजल संकट को लेकर जमालपुर जुबली वेल पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर मुंगेर किला परिसर में भी आंदोलन किया जाएगा।कार्यक्रम में पार्टी के प्रधान महासचिव अजय यादव, प्रखंड अध्यक्ष अमित रंजन, नगर अध्यक्ष कमलेसरी तांती, वार्ड प्रतिनिधि मनोज यादव, विजय गुप्ता, शंकर तांती, तारिणी तांती, जिला संगठन प्रभारी बृजमोहन तांती, उमेश साथी, मुन्ना तांती, चंद्रशेखर, परशुराम, दिलीप मंडल, उपकांत मंडल सहित कई कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## खबरें : एक नजर में

### बकरी पकड़ने गई महिला की करंट लगने से मौत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** आयर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव में रविवार की सुबह करंट की चपेट में आने से बकरी पकड़ने गई एक महिला की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतका आयर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव निवासी रंजीत शर्मा की 33 वर्षीया पत्नी विमलावती देवी है।

### बापू टावर में जगजीवन कॉलेज के विद्यार्थियों ने पूरी की इंटर्नशिप

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जगजीवन कलेज आरा के छात्र-छात्राओं ने पटना स्थित बापू टावर में आयोजित 17 दिवसीय इंटर्नशिप सफलतापूर्वक पूरी कर ली। यह प्रशिक्षण 18 जून से 4 जुलाई तक चला। इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के जीवन, सत्य, अहिंसा, स्वावलंबन और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान का अध्ययन किया। साथ ही बापू टावर की कार्यप्रणाली, संग्रहालय प्रबंधन एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया, जिससे उनके ज्ञान और व्यक्तित्व का विकास हुआ। समापन अवसर पर बापू टावर के निदेशक विनय कुमार, उपनिदेशक ललित कुमार, सचिव अरुण कुमार पाठक, सुधांशु , विशाल दुबे एवं गुंजा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए अनुशासन, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं के समयपालन और सीखने की लगन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इंटर्नशिप पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों में जितेश कुमार, रामु कुमार, प्रकाश कुमार, प्रिंस, राज, हिमांशु, संजय, सुधांशु, रंजीत, अंजली परमार, बबली कुमारी, रानी यादव, आदिति, सालोनी सहित अन्य छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

### आरा के अल्पवास गृह में पंखे से लटका युवती का शव बरामद, सनसनी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के नवादा थाना क्षेत्र के केजी रोड स्थित अल्पवास गृह में रविवार की सुबह पंखे से लटका एक युवती का शव बरामद हुआ। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। वही प्रेम-प्रसंग के कारण युवती द्वारा आत्महत्या करने की चर्चा की जा रही है। जानकारी के अनुसार मृतका बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा गांव निवासी संजय कहार की 18 वर्षीया पुत्री राजनंदनी कुमारी है। इधर, मृत युवती के पिता संजय कहार ने बताया कि एक वर्ष पूर्व उनकी पुत्री प्रेम-प्रसंग में गांव के ही एक लड़के के साथ भाग गई थी, जिसको लेकर उनके द्वारा बिहिया थाना में उक्त लड़के के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। तब पुलिस ने उन दोनों टाउन थाना क्षेत्र इलाके से बरामद किया था। जिसके बाद उसने घर जाने से इंकार कर दिया। तब न्यायालय के आदेश पर उसे करीब एक वर्ष से अल्पवास गृह में रह रही थी। जबकि आरोपी लड़के को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। इसी बीच रविवार की सुबह उन्हें सूचना मिली कि आपकी पुत्री की मौत हो गई है। सूचना पाकर वे केजी रोड स्थित अल्पवास गृह पहुंचे तो उन्होंने देखा कि वह पंखे से लटकी हुई है। पुलिस ने मजिस्ट्रेट की निगरानी में शव अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के द्वारा सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस कस्टडी में मौत होने के कारण शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना रेफर कर दिया गया।

### दो अज्ञात शवों का कराया गया अंतिम संस्कार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के करमन टोला रोड स्थित लावारिस सेवा केंद्र द्वारा रविवार को दो अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार गांगी नदी स्थित मुक्तिधाम पर कराया गया। दोनो शव पुरुष का था। जिसमें एक शव आरा रेल थाना तथा दूसरा शव नवादा थाना से प्राप्त हुआ था। पोस्टमार्टम के बाद दोनो शवों को पहचान के लिए 72 घंटे तक सुरक्षित रखा गया था। शिनाख्त नहीं होने के बाद पुलिस द्वारा शवों को अंतिम संस्कार हेतु लावारिस सेवा केंद्र को सौंप दिया गया। तत्पश्चात लावारिस सेवा केंद्र ने दोनो शवों का अंतिम संस्कार कराया। अंतिम संस्कार में भाग लेने वाले में सेवा केंद्र के सदस्य, पदाधिकारी के साथ-साथ शव को ले जाने वाले लोग शामिल थे।

# मंत्री अशोक चौधरी ने कहा- प्रथम दृष्टया पुलिस ने किया ओवर रिएक्ट

## दोषी किसी कीमत पर नहीं बचेंगे, एसडीएम वहां क्या कर रहे थे

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी के परिजनों से मिलने रविवार को मंत्री अशोक चौधरी बिलौटी गांव पहुंचे। उन्होंने माता सहित अन्य स्वजनों सेघटना की विस्तृत जानकारी ली।

मंत्री ने कहा कि ऐसा लगता है कि पूरा प्रशासन साजिश कर उसका एनकाउंटर कर दिया, क्योंकि प्रशासन भरत भूषण तिवारी से चिढ़ा हुआ था। वह कटाव पीड़ित विस्थापितों के सुविधाओं के लिए लगातार आवाज उठा रहा था।

उन्होंने कहा कि परिजनों ने कई ऐसी महत्वपूर्ण बातें बताई हैं, जो अब तक सार्वजनिक नहीं हो सकी थीं। इन सभी तथ्यों को भी जांच के दौरान गंभीरता से देखा जाएगा।

मंत्री ने कहा कि प्रथम ष्टया इस पूरे मामले में पुलिस द्वारा ओवर रिएक्ट किया गया है, जो नहीं होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में कानून से ऊपर कोई नहीं है और



भरत भूषण तिवारी के परिजनों से मिलने रविवार को मंत्री अशोक चौधरी बिलौटी गांव पहुंचे।

हर कार्रवाई कानून के दायरे में ही होनी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि एनकाउंटर के दौरान तत्कालीन एसडीएम वहां क्या कर रहे थे। उनकी भूमिका भी जांच के दायरे में है और इसकी निष्पक्ष जांच होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द न्याय दिलाने की है। इसी उद्देश्य से अवकाश प्राप्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया है। इसके साथ ही मंत्री ने एनकाउंटर स्थल पर जाकर देखा। साथ ही बस रहे कटाव पीड़ित परिवारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि आज विस्थापितों के लिए जो हो रहा है। जिसके लिए भरत तिवारी आवाज उठा रहे थे।

उन्होंने कहा कि कुछ लोगों का कहना है कि भरत तिवारी के पास जो पिस्तौल था वह नकली था।लेकिन वह मर गया पुलिस ने पिस्तौल को जब्त कर जांच के लिए भी भेज दिया है। परिवार की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। इस संबंध में वह मुख्यमंत्री से स्वयं बातचीत करेंगे। दौरे के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## खेल प्रतियोगिताओं में लगातार निभा रहा अग्रणी भूमिका : सुमन कुमार

### 11वीं बिहार राज्य सट टेनिस चैंपियनशिप , 21 जिलों के 130 खिलाड़ी ले रहे हैं भाग

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** आरा क्लब में दो दिवसीय 11वीं बिहार राज्य सट टेनिस चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सुधा डेयरी, शाहाबाद के एमडी अमित कुमार सुमन, सुधा डेयरी के शाहाबाद मार्केटिंग हेड राकेश कुमार केशरी तथा बिहार सट टेनिस एसोसिएशन के महासचिव धर्मबीर कुमार ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं



देते हुए कहा कि भोजपुर जिला खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन में लगातार अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इससे जिले में खेलों के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और खेलों के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। बिहार सट टेनिस एसोसिएशन के महासचिव धर्मबीर कुमार ने कहा कि सट टेनिस ने बिहार में अपनी अलग पहचान बनाई है। राज्य के खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर लगातार पदक जीत रहे हैं और बिहार का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सट टेनिस से जुड़े कई खिलाड़ियों का चयन सरकारी सेवाओं में भी हो चुका है, जिससे इस खेल के प्रति युवाओं का आकर्षण बढ़ा है। सट टेनिस एसोसिएशन ऑफ भोजपुर के सचिव डा़ रजनीश भूषण ने बताया कि दो दिवसीय चैंपियनशिप में राज्य के 21 जिलों के 130 खिलाड़ी विभिन्न वर्गो में भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन कई मुकाबले खेले गए। पहले दिन खेले गए मैचों में अंडर 18 बालक वर्ग में पटना के सत्यम प्रकाश ने भोजपुर के त्रिपुरारी को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। वही ओपन पुरुष वर्ग में भोजपुर के होशियार सिंह सागर ने भोजपुर के आकृत कुमार को हरा कर स्वर्ण पदक हासिल किया। जबकि अंडर 18 बालिका वर्ग में भोजपुर की दिव्या कुमारी ने भोजपुर की ही यति राज को हरा कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

## सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन 15 सितंबर से करेगा राष्ट्रव्यापी आंदोलन

### केन्द्र सरकार पर वरिश्ठ नागरिकों की उपेक्षा का आरोप

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** केंद्र सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की उपेक्षा किए जाने का आरोप लगाते हुए सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने 15 सितंबर से राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। यह निर्णय संगठन की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र प्रसाद सिंह ने



सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक।

कहा कि केंद्र सरकार वरिष्ठ नागरिकों के साथ सौतेला व्यवहार बंद करे और उनकी वर्षो से लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करे। राष्ट्रीय महामंत्री प्रो दिवाकर पांडे, प्रो रेनू मिश्रा तथा राघव प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि करीब पांच वर्ष पहले कोविद काल के वक्त वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे टिकटों में मिलने वाली रियायत अचानक समाप्त कर दी गई थी, जिसे अब तक बहाल नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि रेलवे की स्टैंडिंग कमेटी भी दो बार इस रियायत को फिर से लागू करने की सिफारिश कर चुकी है, लेकिन सरकार ने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया। बैठक में पारित प्रस्तावों के माध्यम से केंद्र सरकार से मांग की गई कि देश में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या बढ़कर लगभग 10 करोड़ 70 लाख हो चुकी है। इसे ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक व्यापक कल्याणकारी योजना तत्काल लागू की जाए। संगठन ने हवाई यात्रा में वरिष्ठ नागरिकों को 50 प्रतिशत किराया छूट देने, पूरे देश में चलंत (मोबाइल) चिकित्सा सेवा शुरू करने तथा सभी 756 प्रखंडों में ओल्ड एज होम स्थापित करने की मांग की। साथ ही बिहार के सभी 38 जिलों में भी वृद्धाश्रमों के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया गयाबैठक में हरेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, अनंत कुमार श्रीवास्तव, अशोक चौधरी, रविंद्र नाथ, त्रिलोकी सिंह, उदय प्रताप, सुरेंद्र सिंह, शशिधर पांडे, लव सिंह, रामाधार प्रसाद, सुशील राय, दिनेश प्रसाद सिंह और बजरंगबली सिंह सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## पुलिस हिरासत से लापता सनोज राम के परिजनों से मिले माले नेता

**बिहियॉ (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड के गंज निवासी 30 सनोज राम जो पिछले 8 माह से पुलिस हिरासत से लापता है उनके परिवार से मिलने उनके घर भाकपा-माले नेताओं की टीम जिसमें भाकपा-माले केंद्रीय कमेटी सदस्य व भोजपुर जिला सचिव अभ्युदय, केंद्रीय कमेटी सदस्य व बक्सर जिला सचिव नवीन कुमार, इंनौस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व डुमरांव के पूर्व



सनोज राम के परिजनों से मिले माले नेता।

विधायक अजीत कुशवाहा, राज्य कमेटी सदस्य व अगिआंव के पूर्व विधायक शिवप्रकाश रंजन, केन्द्रीय कमेटी सदस्य व किसान नेता राजू यादव, राज्य कमेटी सदस्य शब्बीर कुमार, जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम, जिला स्थाई समिति सदस्य चंदन कुमार, बिहिया प्रखंड सचिव हरेंद्र सिंह,उत्तम पासवान शामिल थे। सनोज राम के पिता गौरी शंकर राम एवं मां से मिलकर पूरी घटना की जानकारी ली। इस दौरान माले नेताओं ने कहा कि पिछले 13 अगस्त 25 को सनोज राम मजदूरी करने दोघरा गये थे शाम में देर होने पर सनोज राम ने अपने भाई मनोज राम को मोबाइल पर फोन पर कहा कि मुझे धरहरा मुसहर टोली के पास से उत्पाद विभाग की पुलिस गिरतार किया गया तो उनके भाई मनोज राम ने फिर कॉल किया सनोज राम के कहा कि पुलिस मुझे बेरहमी से पीट रही है।

## जदयू महानगर आरा की समीक्षा बैठक

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जदयू महानगर आरा की समीक्षा बैठक जेपी चौधरी कम्प्लेक्स स्थित महानगर कार्यालय में जिलाध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी सेक्टर अध्यक्ष, संगठन पदाधिकारी एवं सक्रिय महिला साथी उपस्थित रहे। संगठन को मजबूत करने हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं को सक्रियता अभियान चलाकर जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया। सभी साथियों को ये दायित्व दिया गया कि



जदयू महानगर आरा की समीक्षा बैठक।

अपने आस-पड़ोस के जरुरत मंद लोगों को हर स्तर पर मदद करना एवं अच्छे सामाजिक लोगों को संगठन में शामिल करना है।इस सत्र में पूरे बिहार में एक करोड़ से अधिक सक्रिय सदस्य बनने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार एवं बिहार प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा को बधाई दिया गया। भोजपुर जिला सदस्यता अभियान में सर्वोपरि होने पर सभी साथियों द्वारा जिलाध्यक्ष महानगर जयप्रकाश चौधरी को बधाई दिया गया। मौके पर सुरेन्द्र सिंह, बृजकिशोर चौधरी, रविन्द्र चौधरी, देवि दयाल राम, मंजीत पासवान, राजेश कुमार बिन्द, महेश्वर चौधरी, प्रेमा कुशवाहा, राधा सिंह, रिमा देवी प्रभा देवी, साधना श्रीवास्तव, पूजा सिन्हा, सर्वानंद सिंह, ब्रजेश राय, बजरंगी राय, हर्ष कुमार सिंह, श्याम कुमार सिंह, राधेश्याम यादव, चन्दन कुमार संदीप कुमार, साधु भगत, सियाराम मिश्रा, अनीता कुंवर, जीतेन्द्र चन्द्रवंशी आदि थे।

# भाजपा के जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में गुरू प्रकाश ने कार्यकताओं के बीच भरा जोश

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा डाँ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के स्मृति मे भाजपा भोजपुर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज की अध्यक्षता मे कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन जिला कार्यालय में किया गया।

मुख्य वक्ता राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरू प्रकाश पासवान ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकताओ के बल पर ही विश्व की सबसे बड़ी एवं अनुशासित पार्टी है। केन्द्र सरकार की तीन उपलब्धियाँ राम मंदिर निर्माण, धारा 370 हटाना एवं नक्सलवाद को समाप्त करना हमे याद रखना होगा। आज देश विकसित भारत की ओर बढ चला है।

क्षेत्रीय प्रभारी सह प्रदेश मंत्री प्रभाकर मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को अपने दायित्व का सही निर्वहन, बूथ को मजबूत करने एवं संगठन को सुढ करने का संकल्प दिलवाया।

विधानपार्षद जीवन कुमार ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता हमेशा राष्ट्रहित मे कार्य करते हैं। आज हम सभी को गर्व है कि हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं।



पूर्व सांसद मीना सिंह भाजपा के संघर्ष की गाथा को कार्यकताओं के बीच रखते हुए।

पूर्व सांसद मीना सिंह ने भाजपा के संघर्ष की गाथा को कार्यकताओं के बीच रखते हुए कहा कि डाँ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी बाजपेयी जी अथक संघर्ष का परिणाम आज का भाजपा है।

जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता कभी थकते नही, हमेशा राष्ट्र एवं संगठन के लिए तैयार रहते है। जिला प्रभारी सह प्रदेश सह कोषाध्यक्ष राजेश सिन्हा ने बूथ सत्र तक मजबूती पर जोर दिया।

मीडिया प्रभारी संजय कुमार सिंह द्वारा डीजिटल लर्निंग प्लेटफार्म के माध्यम से कार्यकताओ को प्रशिक्षित करने की जानकारी दी। कार्यक्रम मे सीडी शर्मा, हरेन्द्र पांडेय, प्रहलाद राय, नरेन्द्र तिवारी, संतोष चंद्रवंशी, ममता सिंह, धीरेन्द्र सिंह, सूर्यकांत पांडेय,ज्योति प्रकाश कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, आलोक अंजन, सुषुमलता कुशवाहा, पुनम कुशवाहा, चुन्नी देवी, मधु मिश्रा, विभु जैन, विद्यासागर पांडेय सहित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, बूथ स्तर के सक्रिय कार्यकर्ता शामिल थे।

## खबरें खास-खास

### हादसे के दौरान झारखंड निवासी दंपति समेत तीन की मौत, एक जख्मी



झारखंड निवासी दंपति (फाइल फोटो)।

**आरा / बिहिया (दैनिक नवसंदेश)।** बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा स्थित राही होटल के समीप रविवार की सुबह सवारियो से भरी स्कर्पियो अनियंत्रित होकर टेलर में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में स्कर्पियो पर सवार तीन लोगों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि अन्य जख्मी हो गए। घटना को लेकर आसपास की इलाके में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने स्कर्पियो में फंसे लोगों को निकाला। मृतकों में झारखंड के देवघर थाना के देवघर संतसंघ नगर निवासी संजय कुमार सिंह का 32 वर्षीय पुत्र प्रकाश कुमार सिंह, उनकी 27 वर्षीया बहू पल्लवी कुमारी एवं सारण (छपरा) जिले के दिघवारा थाना क्षेत्र के इसमैला गांव निवासी विनोद कुमार 26 वर्षीय पुत्र सौरव कुमार शामिल है। इसमें मृतक प्रकाश कुमार सिंह इंजीनियर थे। रांची में प्राइवेट कंपनी में जॉब करते थे। सौरव कुमार छात्र बताया जा रहा है। दोनों रिश्ते में ममेरे-फुफरे भाई लगते थे। जख्मी मृतक सौरव कुमार का छोटा भाई 24 वर्षीय कुमार गौरव है। मृतक प्रकाश कुमार सिंह के पिता संजय कुमार सिंह के दोस्त राकेश मल्होत्रा ने बताया कि प्रकाश कुमार सिंह की शादी इसी वर्ष 14 फरवरी को रांची में हुई थी। वह अपनी पत्नी पल्लवी सिंह, दो फुफरे भाई सौरव कुमार एवं कुमार गौरव के साथ 15 दिनों से घूमने निकले थे। इस बीच वह पहले नेपाल के पशुपतिनाथ का दर्शन करने गए। प्रकाश कुमार सिंह सभी लोगों के साथ नोएडा में अपनी बहन के ससुराल गए। वहां से कुल्लू-मनाली व लद्दाख घूमते हुए वापस झारखंड लौट रहे थे। इसी बीच बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा स्थित राही होटल के समीप आगे जा रही टेलर में उनकी स्कार्पियो अनियंत्रित होकर टकरा गई, जिसमें प्रकाश कुमार सिंह, उनकी पत्नी पल्लवी सिंह एवं फुफरे भाई सौरव कुमार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि मृतक सौरव कुमार का छोटा भाई कुमार गौरव गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुये सदर अस्पताल से पटना रेफर कर दिया गया।

#### इसी वर्ष फरवरी में हुई थी प्रकाश और पल्लवी की शादी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मृतक प्रकाश कुमार सिंह के पिता संजय कुमार सिंह के दोस्त राकेश मल्होत्रा ने बताया कि प्रकाश कुमार सिंह की शादी इसी वर्ष 14 फरवरी को रांची में हुई थी। वह अपनी पत्नी पल्लवी सिंह, दो फुफरे भाई सौरव कुमार एवं कुमार गौरव के साथ 15 दिनों से घूमने निकले थे।

#### घटना का वीडियो सीसीटीवी में हुई कैद

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भीषण हादसे की तस्वीर एक होटल में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ तौर से देखा जा रहा है कि स्कार्पियो की स्पीड करीबन सौ से ऊपर थी और वह अपने आगे जा रही टेलर में पीछे से जोरदार टक्कर मारती है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो जैसे ही स्कार्पियो ने आगे जा रही ट्रेलर में जाकर टक्कर मारी। धड़ाम की आवाज उनके कानों में पड़ी।

### आरा के खानकाह फरिदिया में 124वां दो दिवसीय सालाना उर्स 11 जुलाई से

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुर जिले के आरा शहर के मीरगंज स्थित रूहानी व मरकजी खानकाह फरिदीया में सुल्तानुल मशाऐख हाफिज शाह मोहम्मद फरीदउद्दीन आरवी रहमतुल्लाह अलैह का 124वां दो दिवसीय सालाना उर्स का आयोजन पीरे तरीकत अलहाज अब्दुस सलाम साहब की सरपरस्ती में अगामी 11 से 12 जुलाई को आयोजित होगा। अगामी 11 जुलाई को नमाज असर के बाद परचम कुशाई का कार्यक्रम होगा। मगरिब की नमाज के बाद महफिल-मिलाद-ए-पाक का कार्यक्रम होगा। इशा की नमाज के बाद हिन्दुस्तान के कोने-कोने से आए विद्वान ओलमाओं के द्वारा तकरीर होगा। तत्पश्चात सुल्तानुल मशायख के आस्ताने (मजार) पर चादरपोशी होगी। इसके बाद लंगरखानी का आयोजन होगा। सुल्तानुल मशायक हाफिज शाह मोहम्मद फरीदुद्दीन आरवी रहमतुल्लाह अलैह की पूरी जिंी अल्लाह की इबादत के अलावे लोगों की खिदमत में गुजरी, जो आज भी खानकाह में नजर आता है। खानकाह में इबादत के साथ-साथ इंसानों की खिदमत का सबक सिखाया जाता है, उन्होने कहा की खानकाह एक ऐसी जगह है। जहां सभी लोगों की मुरादें पूरी होती है।



आरा का खानकाह फरिदिया ।

### महाराजा कलेज में एनएसएस ने किया पौधारोपण

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** महाराजा बहादुर राम रणवीर विजय प्रसाद महाविद्यालय (महाराजा कलेज) की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में साप्ताहिक 'वन महोत्सव' के तहत कॉलेज परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डा. कनक लता ने एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी अंकिता ओझा, रविकांत एवं अन्य शिक्षकों के साथ पौधे लगाकर किया। प्राचार्या ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण आवश्यक है और प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। कार्यक्रम में रूपाली कुमारी, साक्षी कुमारी, सान्या परवीन, दीपिका कुमारी, बिट्टू कुमार, सुमंत कुमार, सुधांशु कुमार, बादल कुमार, अमन कुमार, सिमरन कुमारी एवं अमरीश कुमार इत्यादि स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में साक्षी कुमारी का अहम योगदान रहा।




महाराजा कलेज में एनएसएस ने किया पौधारोपण।

### अतिथि प्राध्यापकों ने एमएलसी को सौंपा ज्ञापन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** सरकारी अंगीभूत महाविद्यालयों में कार्यरत अतिथि सहायक प्राध्यापकों ने रविवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विधान पार्षद नवल किशोर यादव को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने नवस्थापित राजकीय डिग्री कालेजों में प्राथमिकता के आधार पर समायोजन तथा सेवा अवधि 65 वर्ष तक करने की मांग उठाई। अतिथि प्राध्यापकों ने कहा कि उनकी नियुक्ति विश्वविद्यालयों द्वारा विज्ञापन, आरक्षण रोस्टर, एपीआई स्कोर और विषय विशेषज्ञों की मौजूी में साक्षात्कार के बाद हुई थी। वर्षो से वे सरकारी कालेजों में नियमित रूप से अध्यापन कार्य कर रहे हैं। ऐसे में नए राजकीय डिग्री कालेजों में उनका समायोजन किया जाना चाहिए। शिक्षकों ने बताया कि छह विषयों में करीब 3687 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है, जबकि इन विषयों में कार्यरत अतिथि सहायक प्राध्यापकों की संख्या करीब 750 है। उनका समायोजन होने के बाद भी बड़ी संख्या में पद रिक्तरहेंगे, जिन पर नई नियुक्तियां की जा सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नियुक्ति के समय लिए गए शपथ पत्र के कारण वे अन्य सेवाओं में नहीं जा सके और कई शिक्षक अब अधिकतम आयु सीमा पार कर चुके हैं। ज्ञापन लेने के बाद एमएलसी नवल किशोर यादव ने कहा कि वे इस मुद्दे को विधान परिषद में प्रमुखता से उठाएंगे तथा शीघ्र ही मुख्यमंत्री से भी मुलाकात करेंगे। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अतिथि प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डा़ आदित्य कुमार आनंद ने किया। इस दौरान डा़ अमृतांशु कुमार, डा़ पंकज कुमार, डा़ अनंत कुमार, डा़ अरविंद कुमार समेत अन्य अतिथि प्राध्यापक मौजूद थे।



अतिथि प्राध्यापकों ने एमएलसी को सौंपा ज्ञापन।

## संक्षिप्त खबरें

### अभाविप की वलीदाद नगर इकाई का पुनर्गठन, नए पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

**कलेर (एनएसबी)/** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की वलीदाद नगर इकाई का पुनर्गठन वलीदाद में जिला संयोजक अमरकान्त यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं परिषद कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी रही। बैठक का उद्देश्य संगठन को और



अधिक सशक्त बनाते हुए छात्रहित, समाजहित एवं राष्ट्रहित के कार्यों को गति देना था। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संयोजक अमरकान्त यादव ने कहा कि अभाविप विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, छात्र अधिकारों की रक्षा, सामाजिक समरसता तथा राष्ट्र निर्माण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक विद्यार्थियों को संगठन से जोड़ने और शैक्षणिक संस्थानों में सकारात्मक एवं रचनात्मक माहौल बनाने का आह्वान किया। बैठक में सर्वसम्मति से दीपक कुमार को नगर अध्यक्ष, हिमांशु राज को नगर मंत्री, अभिषेक दुबे, आयुष पटेल, आनंद दुबे एवं गोलू यादव को नगर सह मंत्री, दिलजीत राज को कोषाध्यक्ष, शनि कुमार को उपाध्यक्ष, सोनू गुप्ता को सह उपाध्यक्ष, अमित यादव को एसएफडी प्रमुख, रिशी यादव को एसएफएस प्रमुख, पंकज चौधरी को एसएफएस सह प्रमुख, चाहत राज को कार्यकारिणी सदस्य तथा अमित कुमार को कार्यकारिणी सह सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन की विचारधारा के अनुरूप छात्र हितों की रक्षा, शिक्षा सुधार, सामाजिक सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों को पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### बंदी के कगार पर कुशल युवा प्रोग्राम, युवाओं का भविष्य और कर्मचारियों की रोजी-रोटी पर संकट

**कलेर (एनएसबी)/** बिहार सरकार की सात निश्चय योजना के तहत संचालित कुशल युवा प्रोग्राम (केवाईपी) प्रखंड क्षेत्र में गंभीर संकट से गुजर रहा है। केंद्रों का रिन्यूअल लंबित होने और पूर्व में प्रशिक्षित विद्यार्थियों के इनवॉइस का




भुगतान नहीं होने से कौशल विकास केंद्रों का संचालन प्रभावित हो गया है। इसका सीधा असर हजारों युवाओं के प्रशिक्षण और कर्मचारियों की आजीविका पर पड़ रहा है। प्रखंड में पिछले लगभग 10 वर्षों से संचालित छह कौशल विकास केंद्रों में 30 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। इन केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के मैट्रिक उत्तीर्ण युवक-युवतियों को कंप्यूटर शिक्षा, संवाद कौशल, व्यवहार कौशल और डिजिटल तकनीक का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता रहा है, जिससे अनेक युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिले।केंद्र संचालकों का कहना है कि अप्रैल 2026 से किसी भी केंद्र का रिन्यूअल नहीं हुआ है। साथ ही लंबित इनवॉइस का भुगतान भी अब तक नहीं किया गया है। इसके कारण कर्मचारियों को पिछले पांच महीनों से वेतन नहीं मिल सका है। भवन किराया, बिजली बिल, इंटरनेट और अन्य आवश्यक खर्चों का भुगतान भी प्रभावित हो रहा है, जिससे केंद्रों के बंद होने की स्थिति बन गई है। रिन्यूअल और नामांकन पोर्टल बंद रहने के कारण प्रतिदिन प्रशिक्षण के लिए आने वाले मैट्रिक पास छात्र-छात्राओं का नामांकन नहीं हो पा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं की निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण तक पहुंच बाधित हो रही है।

### विद्युत स्पर्शघात से एक युवक की हुई मौत

**कुर्था (एनएसबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बड़का गांव में बिजली की करंट से एक युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़का गांव निवासी उदय यादव के 22 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार जो घर के पास खड़ा था तभी अचानक बिजली के पॉल हो रहे करंट प्रवाहित इसके चपेट में आ गया और अचेत होकर गिर पड़ा आनन फानन में ग्रामीणों के सहयोग से उसे कुर्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दी। हालांकि युवक के निधन के बाद घर में शोक की लहर दौड़ गई और घर के दर्जनों महिलाएं रोती बिलखती नजर आयी।

### हंसाडीह में कृषि ट्रांसफार्मर से तार चोरी, किसानों की सिंचाई व्यवस्था ठप

**कलेर (एनएसबी)।** प्रखंड के हंसाडीह गांव में कृषि कार्य के लिए लगाए गए ट्रांसफार्मर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए उसके अंदर लगे एल्यूमिनियम सहित अन्य तारों की चोरी कर ली। चोरों ने ट्रांसफार्मर में पानी डालकर उसे भी क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे वह पूरी तरह बंद हो गया और सिंचाई व्यवस्था ठप पड़ गई। मौसम की अनिश्चितता से पहले ही जूझ रहे किसानों के सामने अब खेती का नया संकट खड़ा हो गया है। आद्रा नक्षत्र के दौरान धान की रोपाई और सिंचाई की तैयारी प्रभावित होने से किसानों में भारी आक्रोश है। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने कलेर थाना और बिजली विभाग को अवगत कराया। विभागीय कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की और पाया कि ट्रांसफार्मर का ऊपरी हिस्सा खोलकर उसके अंदर की सामग्री चोरी की गई है। जांच रिपोर्ट अधिकारियों को भेज दी गई है।

### गरीब टीबी मरीजों की मदद के लिए आगे आएं उदार लोग : जिलाधिकारी



**जहानाबाद (एनएसबी)।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला इकाई ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रविवार को निक्षय मित्र योजना के अंतर्गत 200 टीबी मरीजों के बीच पौष्टिक आहार किट का वितरण किया। रेडक्रॉस भवन में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी सह रेडक्रॉस सोसायटी की अध्यक्ष छिरिङ वाई भूटिया, रेडक्रॉस चेयरमैन डॉ. सत्येंद्र कुमार, सचिव राजकिशोर शर्मा, अपर समाहर्ता (विशेष कार्यक्रम) तेज नारायण राय, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा आकांक्षा गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ. हरिश्चन्द्र चौधरी तथा जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. विनोद कुमार सिंह ने मरीजों को न्यूट्रिशन सपोर्ट बैग प्रदान किए। जिलाधिकारी ने कहा कि टीबी गंभीर बीमारी जरूर है, लेकिन समय पर जांच, नियमित दवा, पौष्टिक भोजन और चिकित्सकीय परामर्श से यह पूरी तरह ठीक हो सकती है। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालों में जांच, उपचार और दवाएं पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध हैं। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों, स्वयंसेवी संस्थाओं, औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं सामाजिक संगठनों से निक्षय मित्र बनकर गरीब टीबी मरीजों की मदद के लिए आगे आने की अपील की। रेडक्रॉस चेयरमैन डॉ. सत्येंद्र कुमार ने कहा कि समाज की सहभागिता से ही टीबी उन्मूलन अभियान को सफलता मिलेगी। सचिव राजकिशोर शर्मा ने कहा कि रेडक्रॉस हमेशा से पीड़ित मानवता की सेवा के लिए समर्पित रहा है और आगे भी जरूरतमंदों की सहायता करता रहेगा। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. हरिश्चन्द्र चौधरी एवं जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. विनोद कुमार सिंह ने टीबी से बचाव, समय पर जांच, नियमित उपचार, पौष्टिक आहार और स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी।

**रेडक्रॉस के माध्यम से राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत वितरित किये गये 200 पौष्टिक आहार**

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के मौके पर कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**अरवल (एनएसबी)।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती स्मरण पक्ष पर भाजपा का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती स्मरण पक्ष के अवसर पर शहर के एक निजी होटल में भव्य जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने की। सम्मेलन में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं ने भाग लेकर डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संजीव कुमार ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार विधान परिषद के उप नेता प्रो. राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता रहे। वहीं विधायक मनोज कुमार की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया, तत्पश्चात अतिथियों का


उद्घाटन करते अतिथि।

स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कार्यकताओं से डॉ. मुखर्जी के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुँचाने का संकल्प ले। विधायक मनोज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन देशभक्ति, त्याग और राष्ट्रसेवा का अद्वितीय उदाहरण है, जिससे प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्श आज भी भाजपा कार्यकताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। सम्मेलन में संगठनात्मक विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई तथा कार्यकताओं को आगामी कार्यक्रमों एवं अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं में विशेष उत्साह एवं ऊर्जा देखने को मिली। वहीं प्रदेश परिषद सदस्य ई संजय कुमार ने कहा कि डॉ. मुखर्जी जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक गौरव को समर्पित रहा है। उनका प्रसिद्ध उद्घोष एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे। देश की एकता के प्रति उनके अटूट संकल्प का प्रतीक था। उन्होंने राष्ट्रीय हितों से कभी समझौता नहीं किया और अपने सिद्धांतों के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। आज, जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, तब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। इस अवसर पर प्रदेश परिषद सदस्य ई. संजय कुमार, जिला महामंत्री संजीव कुमार, संगीता कुशवाहा, जिला मंत्री अमृत राज उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष संजीत सिंह, गिरेन्द्र कुमार, सत्येंद्र विश्वकर्मा, सुनीता सिन्हा, वरिष्ठ नेता वशिष्ठ शर्मा, जिला मंत्री नीतीश पासवान, जिला कोषाध्यक्ष कुन्दन पाठक, कार्यालय मंत्री धनंजय रविदास, संजय गुप्ता, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चुन्नू नंदन, बबुआन प्रिंस, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोज यादव, आईटी संयोजक सुजीत कुमार,२ नगर अध्यक्ष चन्दन खत्री सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चार वर्षों से लंबित मानदेय भुगतान को लेकर अनुरक्षकों की बैठक

**मेहंदिया (एनएसबी)** । नल-जल योजना के अनुरक्षकों के लंबित मानदेय भुगतान की मांग को लेकर शनिवार को बलिदाद स्थित एक निजी भवन में जिला अनुरक्षक संघ के तत्वावधान में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष इंदल सिंह ने की, जबकि संचालन कलेर प्रखंड अध्यक्ष बबलू शर्मा ने किया।

बैठक में अरवल जिले के सभी प्रखंडों की विभिन्न पंचायतों में कार्यरत नल-जल योजना के अनुरक्षक एवं भूमि दाताओं ने भाग लिया। इस दौरान जिला अध्यक्ष इंदल सिंह ने आरोप लगाया कि पिछले चार वर्षों से अनुरक्षकों का मानदेय लंबित है। उन्होंने कहा कि बिहार पंचायती राज विभाग के निदेशानुसार वर्ष 2020 से प्रत्येक नल-जल अनुरक्षक को संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा प्रतिमाह 2,000 रुपये मानदेय दिए जाने का प्रावधान है, लेकिन जिले की अधिकांश पंचायतों में मात्र छह से बारह माह का ही भुगतान किया गया है। शेष राशि के लिए अनुरक्षक लगातार पंचायत सचिवों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में विभाग द्वारा पत्र जारी कर लंबित मानदेय का भुगतान डीबीटी के माध्यम से सीधे अनुरक्षकों के व्यक्तिगत बैंक खाते में करने का निर्देश दिया गया था तथा पंचायत सचिवों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने को कहा गया था। इसके बावजूद एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी जिले के किसी भी प्रखंड या पंचायत में लंबित मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकारी आदेशों की अनदेखी से अनुरक्षकों में भारी आक्रोश है और उन्हें यह समझ नहीं आ रहा कि उनका मानदेय आखिर किस कारण से रोका जा रहा है।बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश अनुरक्षक संघ के आह्वान पर पटना के गर्दनीबाग में 15 जुलाई से शुरू होने वाले अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल में अरवल जिले से जिला अध्यक्ष इंदल सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अनुरक्षक भाग लेंगे। उन्होंने सरकार से अविलंब सभी लंबित मानदेय का भुगतान कराने की मांग की और चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।बैठक में जिला संरक्षक संजय कुमार सिंह, जिला कोषाध्यक्ष रेहान अहमद, श्री भगवान शर्मा, मनोज कुमार, अरविंद कुमार, नीरज सिंह, संजू देवी, संजय कुमार सहित बड़ी संख्या में अनुरक्षक उपस्थित रहे।

## स्व. रामविलास पासवान को भारत रत्न से किया जाना चाहिए सम्मानित : सत्येंद्र रंजन

**शहरतेलपा (एनएसबी)।** पद्म भूषण स्व रामविलास पासवान के जयंती महोत्सव के अवसर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग करते हैं कि पद्म भूषण स्वर्गीय रामविलास पासवान को राष्ट्र हित में किये गये जनसेवा कार्यो के लिए भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाय ।उक्त बातें आदित्या होटल एंड रेस्टोरेंट में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास ) के संस्थापक , पूर्व केन्द्रीय मंत्री पद्म भूषण स्वर्गीय रामविलास पासवान की 80 वीं जयंती महोत्सव के अवसर पर उनकी तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती महोत्सव में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र रंजन ने कही। स्व रामबिलास पासवान की जयंती श्रद्धा पूर्वक के साथ धूमधाम से मनाई गई। जयंती महोत्सव की अध्यक्षता लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने किया। जयंती महोत्सव को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने कहा कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान ब्यक्ति नहीं विचार थे, उनके ब्यक्तित्व एवं कृतियों को किसी जाति, धर्म, सम्प्रदाय में बांधकर नहीं रखा जा सकता है। पद्म भूषण स्वर्गीय रामविलास पासवान के जयंती महोत्सव के अवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने मांग करते हुए कहा कि श्रद्धेय रामविलास पासवान



को राष्ट्र हित में किये गये जनसेवा कार्यो के लिए देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित किया जाय। यह सम्मान देश के गरीबों , दलितों , शोषितों , वंचितों एवं समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के लिए समर्पित होगा ।वे भारतीय राजनीति के प्रमुख नेताओं में से एक थे। उन्होंने शोषितों, पीड़ितों, दलितों, गरीबों , पिछड़ों, अल्पसंख्यकों एवं समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों को सम्पूर्ण विकास के लिए सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करते रहे। वे देश के छह प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विभिन्न मंत्रालयों जैसे रेलवे , स्टील , कोयला , रसायन, उर्वरक,खाद्य उपभोक्ता संरक्षण , दूरसंचार एवं अन्य मंत्रालयों में ईमानदारी पूर्वक अपने कार्यो को निर्वहन करने में सफल रहे। देश के हर घर मे हर परिवार के हांथ में मोबाईल पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामविलास पासवान से जाना जाता है । स्वर्गीय रामविलास पासवान के देश हित मे किये गये विकास कार्यो के लिए उनके जयंति के अवसर पर श्रद्धा पूर्वक सभी लोग सम्मान के साथ याद कर रहे हैं। जयंती महोत्सव में जिला प्रधान महासचिव राजेन्द्र यादव, पंचायतीराज प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार, अनुसूचित जाति या जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार पासवान, आईटी सेल के जिलाध्यक्ष लालबदन कुमार, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख रमेश रजक , जिला उपाध्यक्ष रामबचन पासवान ,जिला उपाध्यक्ष शिवशंकर शर्मा, जिला महासचिव संजीव कुमार, जिला महासचिव रामानंद भगत , जिला सचिव सर्वजीत कुमार, जिला सचिव भीम पासवान, अरवल प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार, कलेर प्रखंड अध्यक्ष एजाज अहमद, वंशी प्रखंड महावीर पासवान ,सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## 7 जुलाई को जहानाबाद की 14 पंचायतों में लगेगा सहयोग शिविर

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया के नेतृत्व में जिले की 14 पंचायतों में 7 जुलाई (जुलाई माह के प्रथम मंगलवार) को विशेष सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री के निदेशानुसार आयोजित इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पंचायत स्तर पर ही उपलब्ध कराना है। शिविर में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे और आम नागरिकों की शिकायतों का ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से पंजीकरण कर समाधान की प्रक्रिया शुरू करेंगे। जिला प्रशासन ने 30 दिनों के भीतर मामलों के निष्पादन तथा रियल-टाइम मॉनिटरिंग का लक्ष्य निर्धारित किया है। शिविर में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड भी तैयार किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल सके। जिला प्रशासन ने बताया कि नागरिक अपनी समस्याओं का आवेदन सीधे शिविर में दे सकते हैं। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार के सहयोग पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन तथा हेल्पलाइन 1100 पर भी सहायता उपलब्ध रहेगी। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पंचायतों के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में सहयोग शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।




**बनेंगे आयुष्मान कार्ड**

**इन पंचायतों में लगेगा सहयोग शिविर**

**रतनी-फरीदपुर प्रखंड :** रतनी पंचायत

**काको प्रखंड :** सुलेमानपुर एवं बढ़ौना पंचायत

**जहानाबाद सदर प्रखंड :** मांदिल एवं सेवनन पंचायत

**घोषी प्रखंड :** शाहोविगहा एवं उबेर पंचायत

**मोदनगंज प्रखंड :** साईस्ताबाद एवं मोदनगंज पंचायत

**मखदुमपुर प्रखंड :** भैख, रामपुर, सोलहण्डा एवं कोहरा पंचायत

**हुलासगंज प्रखंड :** बौरी पंचायत इन सभी शिविरों की निगरानी जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी करेंगे, जबकि जिला पदाधिकारी स्वयं रतनी पंचायत में आयोजित शिविर का नेतृत्व करेंगी।

## गर्मी और उमस से बेहाल जनजीवन, बारिश का इंतजार, आर्द्रा नक्षत्र बीतने को, राहत अब भी दूर

**मेहंदिया (एनएसबी)।** आषाढ़ माह का आर्द्रा नक्षत्र लगभग समाप्ति की ओर है, लेकिन भीषण गर्मी और उमस से लोगों को अब तक राहत नहीं मिल सकी है। दिन चढ़ते ही तेज धूप और उमस भरी हवाओं ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। सुबह से ही सूरज की तपिश लोगों को घरों में रहने के लिए मजबूर कर रही है, जबकि दोपहर के समय सड़कें लगभग सुनसान दिखाई दे रही हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले आषाढ़ माह की शुरूआत होते ही मौसम का मिजाज बदलने लगता था। आसमान में बादल छाने के साथ ठंडी हवाएं चलती थीं और कभी हल्की तो कभी तेज बारिश से गर्मी से राहत मिल जाती थी। इस बार मौसम का स्वरूप पूरी तरह बदला हुआ नजर आ रहा है। बादल तो लगातार आसमान में मंडरा रहे हैं, लेकिन बारिश नहीं होने से उमस और अधिक बढ़ती जा रही है।

भीषण गर्मी का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी साफ दिखाई देने लगा है। अस्पतालों और निजी क्लीनिकों में गर्मी से जुड़ी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। कई लोगों को शरीर पर फोड़े-फुंसी, घमौरियां, चक्कर आना, सिरदर्द और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। छोटे बच्चे, बुजुर्ग और मजदूर वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हैं। खेतों में काम करने वाले किसानों और निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को दोपहर के समय काम करने में भारी कठिनाई हो रही है। लगातार बढ़ती गर्मी का असर बिजली और पानी की मांग पर भी पड़ा है। दिनभर कूलर, पंखे और एयर कंडीशनर चलने से बिजली की खपत बढ़ गई है। कई इलाकों में बिजली की आंख-मिचौली लोगों की परेशानी और बढ़ा रही है। वहीं ठंडे पेय पदार्थ, बर्फ, नींबू पानी और नारियल पानी की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखी जा रही है।

## राजद के 30वें स्थापना दिवस पर टाउन हॉल में भव्य समारोह, संगठन मजबूत करने का आह्वान

**जहानाबाद (एनएसबी)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का 30वां स्थापना दिवस रविवार को शहर के टाउन हॉल में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महेश ठाकुर ने की, जबकि संचालन प्रधान महासचिव परमहंस राय ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन आरा के पूर्व विधायक डॉ. अनवर आलम एवं राजद दलित प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष साधु पासवान ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि डॉ. अनवर आलम ने कहा कि राजद ने दलितों, शोषितों, वंचितों एवं अल्पसंख्यकों के अधिकार, शिक्षा और सम्मान की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाया है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के सामाजिक न्याय के योगदान का उल्लेख करते हुए शिक्षा और संगठन की आवश्यकता पर बल दिया। साधु पासवान ने कहा कि संविधान और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए बहुजन समाज को एकजुट होकर राजद को मजबूत



करना होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक राहुल कुमार एवं सूबेदार दास ने कहा कि राजद महंगाई, बेरोजगारी, अपराध और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाती रही है। उन्होंने पार्टी की 17 माह की सरकार के दौरान शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में किए गए कार्यों का भी उल्लेख किया। समारोह में पूर्व विधायक सच्चिदानंद यादव, जिला परिषद अध्यक्ष सोनू राधे, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष आभा रानी, जिला प्रवक्ता डॉ. शशि रंजन उर्फ पप्पू यादव, जिला महासचिव विनोद यादव, धर्मपाल यादव, संजय यादव, उमेश कुमार यादव, वीरेंद्र रावत, करू पंडित, सुमन सिद्धार्थ, प्रमिला सिन्हा, अशोक वर्मा, डॉ. अजय, अशोक यादव, अवधेश यादव, साजिद मुस्तफा, कामिल अख्तर, अनिल कुमार वर्मा, रमेश यादव, इंजीनियर विजय यादव, मनोज यादव, मुंगेश्वर यादव, सुनील दास, गोपाल पासवान, नौशाद आलम, रंजीत पासवान, राज प्रेम यादव, डॉ. रविकांत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

## स्टारमेकर कोचिंग सेंटर में शानदार प्रदर्शन के लिए बच्चे किए गए पुरस्कृत

**जहानाबाद (एनएसबी)।** छात्र-छात्राओं शुरू से ही उनकी प्रतिभा के लिए सम्मान मिलता है तो निश्चित तौर पर उनका उत्साह वर्धन होता है और उनके प्रतिभा का विकास होता है और यही देखने को मिल रहा था जहानाबाद के उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान स्टार मेकर कोचिंग सेंटर में जहां क्लास सिक्स से 10 तक क्लास टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से डायरेक्टर संदीप कश्यप द्वारा पुरस्कृत किया गया इस मौके पर काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे और पुरस्कार पाकर काफी प्रसन्नचित एवं उत्साहित नजर आ रहे थे इस अवसर पर प्रथम पुरस्कार पाने वाली खुशी कुमारी ने काफी उत्साहित होते हुए बताया के स्टार मेकर कोचिंग सेंटर में हम लोगों में काफी ऊर्जा भरने का काम किया जाता है।